हिमालय के बड़े हिस्से में स्थानीय शासकों का स्थान गोरखों ने लिया और फिर गोरखों का स्थान अधिक शक्तिशाली कंपनी ने। यह चतुर और सशस्त्र उपनिवेशवाद की जीत तथा अस्थिर और अदूरदर्शी सामंतवाद की हार थी। तभी शेष विश्व के लिए हिमालय के द्वार खुलने शुरू हुए। लेकिन हिमालय के द्वार कभी लगातार बंद नहीं रहे। अब हिमालय और हिमालय पार के देशों-क्षेत्रों को जानने और 'अनजाने' तथा 'वर्जित' क्षेत्रों को विश्व के सामने लाने का सिलसिला चला। हिमालय को 'औपनिवेशिक-साम्राज्यवादी' तथा 'अन्वेषी' नजर से देखा जाना शुरू हुआ। ईस्ट इंडिया कंपनी का सन् 1757 में प्लासी युद्ध के बाद हिमालय को जानने और हड़पने का प्रयास सन् 1767 में रॉबर्ट क्लाइव के समय स्थापित 'सर्वे ऑफ इंडिया' के जन्म के साथ बढ़ा। तब से नेपाल युद्ध (1814-1816) और सन् 1904 में ल्हासा पर हमले तक का सिलसिला ब्रिटिश साम्राज्यवाद के हिमालय में घुसने की कहानी है।

सन् 1802 में सर्वे ऑफ इंडिया ने ग्रेट ट्रिगनॉमैट्रिकल सर्वे (जीटीएस) की शुरुआत की। यह कार्य दक्षिण भारत से शुरू होकर हिमालय तक पहुंचा। जब हिमालय के पार तिब्बत, चीनी, तुर्किस्तान और मध्य एशिया के अन्वेषण-सर्वेक्षण का अभियान

शुरू हुआ तो तिब्बती चेहरे के लोग खोजे जाने लगे। ये सर्वेअर पंडित कहलाए। क्योंकि जो इसका सरताज बना वह शिक्षक था यानी पंडित। इसलिए पंडित जैसे संबोधन को सर्वेअरों के लिए प्रयुक्त किया गया। भारतीय सर्वेअरों में सर्वाधिक महत्त्व की भूमिका निभाने वाले नैन सिंह रावत की कहानी अब शुरू होती है।

धाम सिंह से धामा बूढ़ा और धर्मी बूढ़ी तक

मूल जोड़े श्रीमती और श्री धाम सिंह की आठवीं पीढ़ी में आधुनिक जोहार के एक महत्त्वपूर्ण व्यक्ति धामा बूढ़ा अपने पांच भाइयों में सबसे बड़े थे। उनकी तीन पत्नियों से 10 पुत्रों ने जन्म लिया। पुत्रियां भी रहीं होंगी पर उनके नाम वंशावली में नहीं मिलते। धामा की दूसरी पत्नी खिमुली टुल्यानी से जन्मे बीर सिंह ने अगस्त 1812 में गरतोक (तिब्बत) में अन्वेषी पशु चिकित्सक मूरक्रोफ्ट से मिलकर मदद का प्रस्ताव रखा था। उसके साथ उसकी दूसरी मां धर्मी बूढ़ी से जन्मा भाई देबू था। देबू के छोटे भाइयों में लाटा भी था, जिसका असली नाम था अमर सिंह। देबू के सबसे बड़े पुत्र का नाम मानी सिंह (कम्पासी) था। जो सर्वेक्षण अभियानों में जाने वाला जोहार का पहला व्यक्ति था, वह जर्मनी से आए स्लागिन्टवाइट भाइयों के साथ अभियान में गया था। इसी अभियान में नैन सिंह बड़ी मुश्किल से कुली बन कर जा सका। पर वह अपनी प्रतिभा प्रकट करने और निखारने में कामयाब रहा और आज एक महान सर्वेक्षक अन्वेषक और प्रेक्षक के रूप में जाना जाता है। निश्चय ही नैन सिंह का शिष्य और असली उत्तराधिकारी किशन सिंह बना।

लाटा उर्फ अमर सिंह की कहानी कठिन है। वह पत्नी के होते हुए भी एक विवाहिता को अपने घर ले आया था। इस 'अपराध' के लिए उसे परिवार, बिरादरी और गांव (मिलम) से भी निकाल दिया गया। सन् 1824 से 1847 तक वह मिलम से बाहर रहा। पैतृक संपत्ति में हक हेतु उसने अपील की पर उसे नहीं माना गया। पत्नी और प्रेमिका दोनों ने आत्महत्या कर ली। फिर उसकी तीसरी पत्नी जसुली से जन्मे नैन सिंह और चौथी पत्नी पदिमा से जन्मे कलियान सर्वेक्षण इतिहास में विख्यात हुए।

नैन सिंह का जन्म 21 अक्टूबर 1830 को मुनस्यारी के सामने गोरी पार स्थित भटकूड़ा गांव में हुआ। वह अगले 17 साल भटकूड़ा और आसपास में रहा। सन् 1847 में वह पिता-परिवार के साथ एक अजनबी की तरह मिलम आया। उसकी जन्मदात्री स्वर्गवासी हो चुकी थी। अगले साल पिता की मृत्यु के बाद अनाथ हो गए नैन सिंह ने लगातार विपत्तियां झेलीं। मिलम से माणा भागा, उमती से विवाह किया और घर जमाई बनने से इंकार करने के बाद वह मिलम लौटा। उसने पशुपालन और व्यापार की तरफ लौटने की कोशिश की पर सफलता नहीं मिली।

सौभाग्य से स्लागिन्टवाइट भाइयों का कुमाऊं आगमन हुआ और उनके सर्वेक्षण अभियान दल में मानी सिंह (कम्पासी) को जगह मिल गई। अभियान दल में नैन सिंह भी कुली बन मानी के साथ गया। अपना प्रभाव छोड़ा पर उसे लौटना पड़ा। सन् 1858 में हेनरी स्ट्रेची के साथ कुछ गलों की यात्रा में गया। स्ट्रेची ने उसे अल्मोड़ा के डिप्टी कमिश्नर काल्विन तथा शिक्षाधिकारी वाइवट से मिलाया। कुमाऊं में पहली बार स्कूल खुल रहे थे। सन् 1859 में नैन सिंह को शिक्षक बनने का मौका मिला। स्कूली शिक्षा से पूरी तरह रहित समाज में जब वह शिक्षक बना तो यह उसके और इलाके के लिए नई शुरुआत थी। सन् 1861 में एडमंड स्मिथ शिक्षाधिकारी बना। उसी ने नैन सिंह को सर्वे ऑफ इंडिया में भेजने का काम किया। सन् 1862 में नैन सिंह ने धारचूला में पहला स्कूल खोला और सन् 1863 में सर्वे ऑफ इंडिया देहरादून में प्रशिक्षण हेतु गया।

हिमालय और हिमालय के पार

सर्वे ऑफ इंडिया में प्रशिक्षण के बाद जनवरी 1865 से उसने काठमांडू होकर तिब्बत जाने का अभियान शुरू किया। जुलाई 1865 में वह तिब्बत में घुस सका। ट्राडम, सिगास्ते होकर एक साल बाद 10 जनवरी 1866 को वह ल्हासा पहुंचा। पहचान लिए जाने के भय के बावजूद उसने 100 दिन ल्हासा में रहकर सर्वेक्षण कार्य किया। जून 1866 में वह कैलास मानस क्षेत्र से ऊंटाधूरा होकर पहले मिलम और बाद में देहरादून पहुंचा। 1,200 मील (लगभग 1931.213 किलोमीटर) की इस यात्रा में उसने 25 लाख कदम नापे। नैन सिंह का एक औसत कदम 31.5 इंच का था और उसके 2,000 कदम 1 मील (1.60 किलोमीटर) बनाते थे।

नैन सिंह का नाम बताए बिना सर्वेक्षण संबंधित रिपोर्ट रॉयल जिऑग्रैफिकल सोसाइटी में प्रस्तुत हुई और सोसाइटी के जॅर्नल में दो अंकों में इसे छापा गया। नक्शे में भी पंडित लिखा गया पर नाम नहीं। इससे नैन सिंह का नाम उजागर होने का खतरा था। इस अभियान के बाद सोसाइटी ने नैन सिंह को एक सोने की घड़ी उपहार में दी। इस उपहार के मिलने पर उसकी जिंदगी ही बदल गई।

नैन सिंह की दूसरी यात्रा ठोकज्यालुंग के सोने, नमक और सुहागे की खानों की थी। जुलाई से दिसम्बर 1867 के बीच



पंडित नैन सिंह को उपहार में मिली घड़ी

संपन्न इस अभियान में मानी के अलावा नैन सिंह के छोटे भाई कलियान सिंह भी थे। सिंधु और सतलुज एवं उनकी सहायक नदियों के जलागमों के अलावा आलिंग कांगरी पर्वतमाला के विभिन्न शिखरों की ऊंचाइयां नापने में यह अभियान कामयाब रहा। मार्ग सर्वेक्षण (रूट सर्वे) में उन्होंने 265 स्थानों के अक्षांश अंकन किए और 255 स्थानों पर ऊंचाई जानने के लिए क्वथनांक लिया। अभियान में हुए मार्ग सर्वेक्षण की कुल लंबाई 850 मील (1367.94 किलोमीटर) थी। 18,000 वर्ग मील (46,620 वर्ग किलोमीटर) में फैले इलाके की भौगोलिक जानकारी ली गई।

इस यात्रा के बाद अगले 5 साल तक नैन सिंह किसी अभियान में नहीं गया। वह शिक्षण और प्रशिक्षण का काम करता रहा। सन् 1870 में उसे जरूर डॉगलस फोरसेथ मिशन में यारकंद के लिए भेजा गया। पर लेह में याकूब खां के प्रतिनिधि द्वारा शक जाहिर करने से नैन सिंह को वापस देहरादून आना पड़ा। बल्कि ग्रेट ट्रिगनॉमैट्रिकल सर्वे (जीटीएस) का कोई सदस्य इस अभियान में नहीं भेजा गया। इन वर्षों में नैन सिंह अपने नोट्स व्यवस्थित करता रहा। एक प्राइमर उसने तैयार किया, जो सन् 1871 में 'अक्षांश दर्पण' के नाम से प्रकाशित हुआ। यह पुस्तिका भूगोल तथा नक्षत्र विज्ञान के विविध पक्षों को सरलता से प्रस्तुत कर सर्वेक्षण कार्य में मदद के लिए बनाई गई थी। यह देशी भाषाओं में भारतीय विज्ञान लेखन की शुरुआती कोशिशों में एक थी।

मई 1873 से मई 1874 तक चले यारकंद अभियान में नैन सिंह पांच महीने तक यारकंद में रहा। पांच साल बाद यह अभियान आयोजित हो सका था। इसमें किशन सिंह, कलियान और जसमल आदि उसके साथ थे। यह मार्ग वर्तमान कुमारसेन-केलांग-ग्या-लेह वाले मार्ग का पैदल रास्ता था। उसमें अनेक दर्रे (तब और अब भी) पार करने होते हैं—तब आदमियों को और अब गाड़ियों को। लेह से वे खरदुंगला, पानामीक, ससेरघाटी, काजीलुंगर, दौलतबेगी, शहीदुल्ला, संजू होकर यारकंद पहुंचे। फिर कारगलिक और खोतान तक गए। यहां सोने की खानों का सर्वेक्षण किया। लेह से यारकंद तक सिंधु, स्योक, नुब्रा, यारकंद, काराकश आदि नदियों के साथ उनका यात्रा मार्ग था।

नैन सिंह ने यारकंद शहर का नक्शा बनाया और अपनी डायरी में 5 दरवाजों, 10 हजार घरों, 50,000 से अधिक की जनसंख्या और 'चौकोर चेहरे' वाली यारकंद की महिलाओं, बच्चों, बाल विवाह, बहु विवाह, तलाक, काजी का आतंक, रेशम उद्योग, नम्दे, तम्बाकू, कपास, खरबूज, तरबूज, अनार, नाशपाती, सेब, बदाम, अंगूर, मकई, धान, गेहूं, जौ, मटर बाबत ही नहीं बल्कि रेशम के कीड़े का जीवन चक्र और वहां के बाजार का वर्णन भी लिखा। शहर की जनसंख्या उसने 50,000 तो गिन ही दी थी। साथ ही यह भी दर्ज किया कि नवम्बर से मार्च तक नदियों का पानी जम जाता था।

उसने एक नया मार्ग खोजा। यानी उत्तर पश्चिमी भारत से बिना डोगरा क्षेत्र से गुजरे तुर्किस्तान जाया जा सकता था। पर उसे यारकंद टीम का विभागीय सदस्य नहीं माना गया। पहली बार पंडितों के साथ मुंशी भी थे, जिनमें अब्दुल सुबान का नाम उसकी डायरी में मिलता है। जब यारकंद टीम की 550 पृष्ठ की रपट निकली तो उसमें नैन सिंह तथा सहयोगियों का कोई फोटोग्राफ नहीं था।

नैन सिंह की अंतिम महान यात्रा लेह से पैंगौंग, रुदोक, नोह, ठोकडोरक्पा, गोबरांग नामक जगहों और टैंग्रीनूर सहित अनेक बड़ी झीलों के पास से होकर ल्हासा और फिर सामये

और छौना जौग होकर तवांग और गोहाटी तक की थी। जुलाई 1874 में लेह से यात्रा शुरू हुई और 18 नवम्बर 1874 को, 8 साल 10 माह बाद, वह फिर ल्हासा पहुंचा। वहां से मात्र दो दिन बाद उसे भागना पड़ा। 27 नवम्बर को वह सामये मठ पहुंचा। अनेक स्थानों और छौना जौंग होकर 24 दिसम्बर 1874 को वह तवांग पहुंचा। 54 दिन उसे वहीं रुकना पड़ा। यह ब्रिटिश भारतीय साम्राज्य का सीमांत था। 1 मार्च 1875 को वह ऊपरी असम में ओदालगढ़ी पहुंचा। फिर गुवाहाटी होकर 11 मार्च को कलकत्ता (अब कोलकाता) और देहरादून पहुंचा। लेह से पूर्व की ओर स्थित पैंगोंग झील से ल्हासा होकर ओदालगढ़ी तक वह 1405 मील (2261.12 किलोमीटर) चला। कुछ कम ज्यादा हो सकता है। इसमें 1200 मील (1931.21 किलोमीटर) सर्वथा नया इलाका था। वह थक गया था, आंखें कमजोर हो गई थीं। उम्र तो उसकी 45 साल ही थी पर वह नई यात्रा के लिए स्वस्थ न था। यह उसकी ही नहीं सर्वे ऑफ इंडिया की भी महानतम यात्राओं में थी।

एक अपवाद भूमिका

नैन सिंह ने एक अनुमान के अनुसार लगभग 8,000 मील (12,874.75 किलोमीटर) की यात्रा सर्वे ऑफ इंडिया में जाने से पूर्व और लगभग 13,000 मील (20,921.47 किलोमीटर) की यात्रा सर्वे ऑफ इंडिया में जाने के बाद की। उसने लगभग 100 से अधिक स्थानों, नदियों, झीलों, खानों और मठों आदि का पता लगाया था। उसकी सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उसने बहुत जिम्मेदारी तथा समर्पित भाव से पारंपरिक सर्वे के साथ-साथ समाज-संस्कृति, व्यापार तथा राजनैतिक व्यवस्था पर भी नजर रखी। तिब्बत में उससे पहले और बाद में, इस तरह का कार्य कोई यूरोपीय या भारतीय अन्वेषक नहीं कर सका। दरअसल नैन सिंह तथा कुछ अन्य पंडितों को ही वह कालखंड मिल सका जो हिमालय, तिब्बत तथा मध्य एशिया में अन्वेषण प्रारंभ होने तथा ल्हासा में प्रत्यक्ष औपनिवेशिक हमले के बीच का है। इस कालखंड से आगे-पीछे पता नहीं पंडितों की किस तरह की भूमिका होती!

किशन सिंह, कलियान सिंह, पर्सी साइक, स्वेन हैडिन, यंगहजबैंड और राहुल सांकृत्यायन तक नैन सिंह से प्रेरणा पाते रहे। उसकी एटकिन्सन ने प्रशंसा की तो प्रणवानन्द ने चर्चा की। स्लागेन्टवाइट भाइयों ने उसके चले जाने का वास्तविक कारण न जानकर भी उसकी प्रशंसा की। क्लीमैंट्स मारखम ने उसे याद किया और उसके उन गुणों की सराहना की। किस तरह पंडित शब्द विद्वान, शिक्षक, हिंदू कानूनी विशेषज्ञ के अलावा देशी सर्वेअरों तथा अन्वेषकों के लिए प्रयुक्त होने लगा था, इस तथ्य को जब हेनरी यूल तथा ए.सी. बरनैल ने 'हॉबसन जॉबसन डिक्शनरी' में उजागर किया तो उसे अनेक बार नैन सिंह का जिक्र करना पड़ा।

स्वीडन के महान अन्वेषक स्वेन हैडिन ने उसे 'महान', 'अतुलनीय', 'असाधारण' तथा 'अमर' कहा। नैन सिंह के पद चिह्नों पर तिब्बत में अनेक स्थानों पर चलते हुए स्वेन हैडिन देखता था कि वहां के बारे में पंडितों ने क्या कहा है और उस स्थान को नक्शे पर कहां दिखाया है। नैन सिंह की यात्रा के 27 साल बाद वर्ष 1899-1900 में अपनी एक यात्रा में जब स्वेन हैडिन उस झील पर पहुंचा, जो तब तक बहुत सिमट गई थी और जिसका नैन सिंह ने सुना हुआ वर्णन लिखा था, तो वह नैन सिंह की वर्ष 1873 की यात्रा को 'यादगार' और 'महत्त्वपूर्ण' बताना नहीं भूला। हैडिन अनेक स्थानों पर नैन सिंह की आलोचना भी करता था पर तिब्बत में किए गए नैन सिंह के 'लंबे तथा महत्त्वपूर्ण कार्य' की उसने सराहना की।

यद्यपि हैडिन पर्याप्त सदाशयता तथा संवेदना के साथ नैन सिंह तथा अन्य पंडितों के काम को नहीं देख पाता था। वह पंडितों की साधनहीनता तथा छिप कर काम करने की शैली का अपनी साधन संपन्नता तथा मुक्त होकर काम करने से कभी तुलना नहीं कर सका। तिब्बत की कठिनाइयां हैडिन ने भी झेलीं लेकिन जिन परिस्थितियों में नैन सिंह तथा अन्य पंडितों ने काम किया उसके मुकाबले हैडिन को बहुत अधिक सुविधाएं प्राप्त थीं। आग्रहों के वाबजूद स्वेन हैडिन की पंडितों के प्रति प्रशंसा के भाव प्रकट हो ही जाते थे।

नैन सिंह की प्रतिभा और खोज कार्यों का लाभ उठाने वाले चतुर औपनिवेशिक शासक अपनी सत्ता तथा लक्ष्य के लिए उपयोगी प्रतिभाओं का सम्मान करते थे। नैन सिंह को भी पर्याप्त तो नहीं पर कुछ न कुछ सम्मान दिया गया। रॉयल जिऑग्रैफिकल सोसाइटी में पंडितों को लेकर अक्सर उसकी प्रशंसा के साथ यह चर्चा होती थी कि यदि वह अंग्रेज होता तो उसको बड़ा आर्थिक लाभ तथा सामाजिक सम्मान मिलता। रॉयल जिऑग्रैफिकल सोसाइटी ने 24 मई 1868 को नैन सिंह को सोने की एक घड़ी उपहार में दी थी। यह घड़ी गुम हो गई थी। जब नैन सिंह ने अपनी खोई हुई घड़ी की अनुकृति देने का निवेदन रॉयल जिऑग्रैफिकल सोसाइटी से किया तो वहां ज्यादा बड़ी यह बहस चली हुई थी कि नैन सिंह तथा ट्रॉटर में से कौन ज्यादा प्रशंसा का हकदार है? यह सच था कि दोनों परस्पर निर्भर थे लेकिन प्रश्न यह था कि पहले मान्यता किसको मिलती है।

इस बहस में जो दो धड़े बने हुए थे, उनमें एक ओर रॉयल जिऑग्रैफिकल सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष सर हेनरी रॉलिन्सन थे, तो दूसरी ओर कर्नल हेनरी यूल थे, जिनकी एक विद्वान के रूप में बड़ी हैसियत थी। रॉलिन्सन ने यह प्रस्ताव रखा कि सन् 1876 का 'पेट्रन्स मैडल' पूर्वी तुर्किस्तान में सर डॉगलस फौरसेथ के नेतृत्व में किए गए सर्वे अभियान के संचालन के लिए ट्रॉटर को मिलना चाहिए। इस मत का हेनरी यूल द्वारा विरोध किया गया। हेनरी यूल ने रॉयल जिऑग्रैफिकल सोसाइटी के सर रदरफोर्ड अल्कौक को लिखे पत्र में नैन सिंह को 'पंडितों का पंडित' कहते हुए उसकी तुलना दक्षिण अफ्रीका में अन्वेषण करने वाले डेविड लिविंगस्टन तथा अफ्रीका में जंजीवार से मिस्र तक का अन्वेषण करने वाले जे.ए. ग्रान्ट से की थी।

यूल ने लिखा था कि रॉयल जिऑग्रैफिकल सोसाइटी के किसी न किसी गोल्ड मेडल से कम में नैन सिंह की प्रतिभा का सम्मान नहीं हो सकता है। उसकी तिब्बत में की गई दो यात्राओं ने हमारे भौगोलिक ज्ञान में बहुत कुछ नया जोड़ा है। ऐसा सिर्फ लिविंगस्टन तथा ग्रान्ट ने ही किया था। उसकी जैसी एक भी यात्रा यदि किसी यूरोपीय ने की होती तो उसे यह पुरस्कार मिल जाता। यूल अवकाश में इंग्लैंड आए हुए जनरल वाकर के संपर्क में भी था। वाकर ने इस संबंध में अपनी सहमति देते हुए लिखा था कि मैं आभारी रहूंगा यदि आप नैन सिंह को उसके योगदान के लिए रॉयल जिऑग्रैफिकल सोसाइटी का गोल्ड मेडल या अन्य कोई उपयुक्त सम्मान दिला सकें। इस पत्र को भी यूल ने रॉयल जिऑग्रैफिकल सोसाइटी को भेज दिया। जब सोसाइटी के अध्यक्ष ने नैन सिंह की अनुपस्थिति में उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की तो रॉलिन्सन ने भी नैन सिंह की प्रशंसा की।

इस प्रक्रिया में नैन सिंह सिर्फ अपने काम के रूप में उपस्थित थे। पहली बार जब स्लागेन्टवाइट भाई उसे लंदन ले जाना चाहते थे तो वह निर्णय न ले पाने की अपनी कमजोरी का शिकार हुआ और मानी के दबाव में वह अभियान को बीच में ही छोड़कर भाग आया। दूसरी बार उसका यश तो इंग्लैंड पहुंच गया था पर उसे इसकी जानकारी नहीं थी। आधिकारिक रूप से उसे 'पेट्रन्स मेडल' प्राप्त करने हेतु इंग्लैंड बुलाए जाने का भी संदर्भ नहीं मिलता है।

मांटगोमरी ने नैन सिंह की सदैव अंतरंग प्रशंसा की थी। पर उसे पुनः दूसरी घड़ी देने या उसकी अनुकृति देने या 'पेट्रन्स मेडल' लेने हेतु नैन सिंह को इंग्लैंड बुलाने के लिए उसके द्वारा किए गए किसी प्रयास का विवरण नहीं मिलता है।

वर्ष 1877 में विक्टोरिया भारत की शासिका बनीं। 1 जनवरी 1877 को नैन सिंह को अल्मोड़ा शहर में पेंशन के साथ सी.आई.ई. (कम्पैनियन ऑव द न्यू आर्डर ऑव द इंडियन एम्पाअर) की उपाधि और मुरादाबाद जिले में 1,000 रुपए सालाना आय की जागीर दी गई। रॉयल जिऑग्रैफिकल सोसाइटी, लंदन ने उसे 'पेट्रन्स गोल्ड मेडल' प्रदान किया। पेरिस की जिऑग्रैफिकल सोसाइटी ने सोने की घड़ी प्रदान की। इस मेडल तथा घड़ी को नैन सिंह को प्रदान करने के लिए भारत लाया गया।

1 जनवरी 1878 को कलकत्ता (अब कोलकाता) के गवर्नमेन्ट हाउस में एक सादे समारोह में वाइसराय लॉर्ड लिटन द्वारा यह मेडल और घड़ी नैन सिंह को प्रदान की गई और गजट द्वारा उनके 'कम्पेनियन ऑव द आर्डर ऑव द इंडियन एम्पाअर' बनाए जाने की अधिसूचना जारी हुई। नैन सिंह औपनिवेशिक सरकार से अपने बेटे तथा भतीजे की शिक्षा के लिए कुछ मदद चाहता था। इसी आशा में तब उसने वाइसराय को एक आवेदन पत्र दिया, जिसमें उसने अपने दो बच्चों (एक बेटा तथा एक भतीजा) को इंग्लैंड में अध्ययन हेतु आर्थिक सहयोग देने का आग्रह किया था। शायद उसके मन में स्लागेन्टवाइट भाइयों के साथ इंग्लैंड न जा पाने की ग्रंथि थी जिससे वह अपने बेटों को वहां भेजकर मुक्त होना चाहता था। लेकिन वाइसराय से मदद नहीं मिल सकी।

नैन सिंह को नकारना और विस्मृत करना संभव नहीं था। वह अकेला भारतीय सर्वेक्षक था, जिसका नाम लंदन स्थित रॉयल जिऑग्रैफिकल सोसाइटी के प्रांगण-पट में खुदा है। जॉर्ज एवरेस्ट के बाद वह अकेला सर्वेक्षक था जिसके नाम पर एक पर्वतमाला का नाम 'नैन सिंह रेंज' रखा गया। यह भी सच है कि एवरेस्ट एक शिखर था और 'नैन सिंह रेंज' एक विशाल पर्वतमाला। एक शताब्दी से कुछ कम समय तक यह नाम प्रचलित रहा। अपनी अंतिम महान यात्रा के समय ठोक डोरक्पा से आगे चांगथांग के आरपार दक्षिण में स्थित जिस पर्वतमाला के समानांतर नैन सिंह चल रहा था उसी को बाद में 'नैन सिंह रेंज' नाम दिया गया था। इसका शिखर अलिंग कांगरी कहलाता था। उन्नीसवीं सदी में चार बार अत्यंत वर्जित तिब्बत में यात्रा तथा अन्वेषण करने का तथा दो बार बेगानों तथा विदेशियों के लिए पूरी तरह बंद ल्हासा में पहुंचने का दुर्लभ सौभाग्य सिर्फ नैन सिंह को ही मिला था। पांच महीने तक यारकंद में रहने का भी उसने रिकॉर्ड बनाया था।

अनेक वर्षों तक नैन सिंह नए सर्वेअरों को प्रशिक्षण देता रहा। धीरे-धीरे रोमांचक तथा चुनौती भरे सर्वेक्षणों का युग समाप्त होने लगा। तिब्बत भी सन् 1904 के बाद न वर्जित रहा और न ही वहां अन्वेषण से बाहर कुछ रह गया था। जो था भी

उस ओर अब औपनिवेशिक सरकार की गंभीर नजर नहीं थी। सर्वेक्षणों का स्थान धीरे-धीरे पर्वतारोहण अभियान लेने लगे। नैन सिंह ने अपनी आत्मकथा लिखी और विभिन्न डायरियां संशोधित कीं, जो आज पता नहीं कहां-कहां बिखरी पड़ी हैं? कुछ तो शायद नष्ट हो गईं और कुछ को जिम्मेदार लोगों तथा सौभाग्य ने बचा लिया था। हिंदी डायरियों के प्रति अंग्रेज और सर्वे ऑफ इंडिया कभी उत्साहित नहीं रहे। हिंदी जगत से नैन सिंह का परिचय लगभग एक सदी बाद ही हो सका।

पंडित नैन सिंह को प्रदान किया गया सीआईई मेडल

तब नैन सिंह या अन्य पंडितों की अधिक सामाजिक चर्चा इसलिए नहीं हो सकी क्योंकि उनका अन्वेषण का काम उस दौर में ज्यादातर गुप्त ही रहा। उसकी चर्चा या तो सर्वे ऑफ इंडिया में होती थी या रॉयल जिअ‌ॅग्रैफिकल सोसाइटी में। इन दोनों जगहों पर जानकार लोग तो होते थे पर यहां से छनकर कोई जानकारी भारतीय समाज तक नहीं आती थी। फिर भी बीसवीं सदी के दूसरे-तीसरे दशक में जब तत्कालीन कुमाऊं की प्रतिभाओं का कलेंडर प्रकाशित हुआ तो उसमें नैन सिंह तथा किशन सिंह दोनों ने स्थान पाया। सन् 1937 में मथुरा दत्त त्रिवेदी ने 'कुमाऊं कुमुद' में साहसी नैन सिंह की डायरी का जिक्र किया था। 'कुमाऊं का इतिहास' में प्रसिद्ध संग्रामी तथा संपादक-पत्रकार बद्री दत्त पाण्डे ने संदर्भ सूची में अप्रकाशित सामग्री के अंतर्गत 'श्री नैन सिंह सी.आई.ई. की आत्म जीवनी (जोहार व तिब्बत बाबत)' का उल्लेख किया। इसका यह अर्थ था कि बीसवीं सदी के पूर्वार्ध में स्थानीय प्रबुद्ध वर्ग नैन सिंह के कार्यों से सुपरिचित हो गया था।

सन् 1882 में यह खबर प्रचारित हुई कि नैन सिंह की मुरादाबाद में हैजे से मृत्यु हो गई है। हैजे से वह इलाहाबाद कुंभ मेले में संक्रमित हुआ था। 'द टाइम्स' लंदन ने इस बाबत 15 मार्च 1882 को समाचार छापा था। फिर भी पता नहीं क्यों उसकी मृत्यु का वर्ष 1892 या 1895 बताया जाता रहा। सर्वे ऑफ इंडिया ने मेरे पत्रों के उत्तर में सदा उसकी मृत्यु वर्ष 1895 बताया। सन् 1882 में सोसाइटी के जर्नल में एडमण्ड स्मिथ ने उसे मार्मिक और लम्बी श्रद्धांजलि दी थी। नैन सिंह की सही जन्म तिथि हमें सिर्फ उनके द्वारा छोड़े गए विवरण के कारण उपलब्ध है पर औपनिवेशिक सत्ता, सर्वे ऑफ इंडिया तथा रॉयल जिअ‌ॅग्रैफिकल सोसाइटी के बावजूद हमें उसकी निश्चित मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं हो सकी। सन् 2020 में सर्वे ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने उसकी सही मृत्यु तिथि खोज निकाली। उसका देहांत 24 जनवरी 1882 को हुआ था। वह अपनी जिंदगी के 52 साल भी पूरे नहीं कर पाया था। औपनिवेशिक शासन की लापरवाही अन्यत्र भी दिखती है। सन् 1877 में उसे दिए गए गोल्ड मेडल के बारे में रॉयल जिअ‌ॅग्रैफिकल सोसाइटी की सन् 1916 की इयर बुक में स्वर्ण घड़ी विजेता के रूप में नैन सिंह का नाम न देकर मांटगोमरी द्वारा लगाया गया पंडित संबोधन ही लिखा था।

नैन सिंह तथा किशन सिंह के तो 1-2 फोटो मिल जाते हैं पर मानी सिंह, कलियान, दोलपा पांगती तथा अन्य अन्वेषकों के कोई फोटो या अन्य विवरण या जन्म-मृत्यु तिथियां भी नहीं मिलती हैं। अभी इन जानकारियों को प्राप्त करने की जरूरत बनी हुई है।

नैन सिंह के वंशज

यह दुखद था कि नैन सिंह के अपने परिवार में कोई उसकी परंपरा का वाहक बनने का मौका नहीं पा सका। उसका बेटा बाला सिंह, नाती त्रिलोक सिंह या त्रिलोक का बेटा मोहन सिंह कोई पद प्रतिष्ठा प्राप्त करने का मौका नहीं पा सके। वे औपनिवेशिक सरकार द्वारा नैन सिंह को रुहेलखण्ड में दी गई भूमि को भी अपने अधिकार में नहीं रख सके। इस भूमि के उत्पादों से साल में 1000 रुपए तक की आय होती थी। हां, नैन सिंह के बेटे बाला सिंह बागेश्वर से रामनगर के बीच के पड़ावों की व्यवस्था करवाने में सफल रहे। जब बैकेट के बंदोबस्त में मल्ला जोहार में पशुकर लगाया गया तो नैन सिंह के नाती त्रिलोक सिंह ने शौका समुदाय के हित में पहल की थी। सन् 1902 में इस हेतु किशन सिंह के नेतृत्व में सैटलमेन्ट अफसर को आवेदन दिया गया। समाधान नहीं निकला। त्रिलोक सिंह ने प्रयास नहीं छोड़ा और सन् 1937 में पहली कांग्रेसी सरकार ने यह कर उठा लिया। इस तरह बकरियों पर लिया जाने वाला कर माफ हुआ।

सर्वे ऑफ इंडिया परिसर, देहरादून में नैन सिंह (बाएं) और किशन सिंह (दाएं) की मूर्तियां

नैन सिंह के पोते के पोते कुन्दन सिंह रावत एम.ए., बी.एड. कर तथा आरक्षण हकदार होकर भी अनेक सालों तक बेरोजगार रहा और फिर मदकोट में किताब-कापियों की दुकान खोल कर गुजारा करता रहा। बाद में अध्यापकी भी मिली। सन् 2003 में असमय ही कुन्दन की मृत्यु हो गई। कुन्दन के पुत्र की मृत्यु का दुखद समाचार भी मिला।

नैन सिंह के भाइयों पर भी एक नजर डालनी चाहिए। लाटा बूढ़ा का जसुली से जन्मा सबसे बड़ा बेटा समजांग बोना में रहा था। उसके वंशज बोना रावत कहलाते हैं। नैन सिंह स्थाई रूप से मदकोट में रहा। उसके वंशज वहीं रहते हैं। उसके छोटे भाई मांगा ने विवाह नहीं किया। नैन सिंह ने अपनी बहिन का जिक्र तो किया पर उसका नाम अथवा विवरण नहीं दिया। लाटा की चौथी पत्नी पदिमा से जन्मे बेटे गजराज के वंशज थल के पास तेजम में रहते हैं तथा चौथे बेटे कलियान सिंह के उत्तराधिकारी शंखधूरा (मुनस्यारी) में। कलियान सर्वेक्षण के इतिहास का एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व रहा।

नैन सिंह के असली अन्वेषक उत्तराधिकारी किशन सिंह रावत ने नैन सिंह के काम को आगे बढ़ाया। नैन सिंह सामान्य शिक्षा तथा सर्वेक्षण प्रशिक्षण में भी किशन सिंह का शिक्षक-प्रशिक्षक रहा था। जब नैन सिंह धारचुला में शिक्षक नियुक्त हुआ तो वह किशन सिंह को अपने साथ ले गया था। नन्हे 'कृष्णा' के तिब्बत, मध्य एशिया तथा मंगोलिया के महत्त्वपूर्ण अन्वेषक-सर्वेक्षक बनने तथा राय बहादुरी का खिताब पाने तक की यात्रा उसकी अपनी स्वतंत्र कहानी भी है और नैन सिंह की गाथा का विस्तार भी।

अधिकांश लोग यह भूल गए हैं कि सिर्फ एक सदी पहले इतना महान यायावर अन्वेषक हुआ था। तमाम खोज-साहित्य में उसका बार-बार संदर्भ आता है। आजादी के बाद हम उसे सिर्फ तब याद कर सके जब सन् 1967 में सर्वे ऑफ इंडिया की द्वि-शताब्दी के अवसर पर विभाग के मुख्यालय (देहरादून) परिसर की मुख्य सड़क से उनका नाम जोड़ा गया। ग्रेट आर्क की द्वि-शताब्दी के समय उसकी तथा किशन सिंह की प्रतिमाएं देहरादून स्थित जी.टी. सर्वे के मुख्यालय में लगीं। 10 अप्रैल 2006 को सर्वे परिसर देहरादून के एक सभागार का नाम नैन सिंह के नाम पर रखा गया। वहीं 'एशिया की पीठ पर' का विमोचन हुआ था। नैन सिंह का मिलम का पैतृक मकान और पाठशाला भवन अनेक सालों तक जीर्णावस्था में खड़े रह कर अब गांव के शेष मकानों की तरह ध्वस्त हो चुके हैं। भटकूड़ा के जिस मकान में उसका जन्म हुआ उसकी खोज कर स्मारक बनना चाहिए। इसी तरह मिलम स्थित किशन सिंह के अर्द्धध्वस्त मकान को भी स्मारक तथा विश्राम गृह का रूप दिया जाना चाहिए। मूर्तियां लगाना अधिक कठिन नहीं है। एक यादगार स्मारक बनाने के लिए समझदारी तथा साधन दोनों चाहिए।

नैन सिंह को याद करने के लिए सिर्फ सर्वेअर तथा अन्वेषक की उसकी हैसियत को ही नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि उसकी समग्र जीवनगाथा को जानने का जतन करना चाहिए। एक विवादग्रस्त तथा तिरस्कृत पिता के पुत्र के रूप में किस तरह उसे अपने ही परिवार तथा बिरादरी का बार-बार अपमान सहना पड़ा, उसके शिक्षक बनने का विरोध हुआ, उसे स्लागेन्टवाइट भाइयों के सर्वेक्षण अभियान में ले जाने से प्रारंभ में किस तरह इंकार किया गया, ये घटनाएं उसकी जटिल परिस्थिति को समझने का आधार देती हैं। फिर एक कुली, अंशकालिक सर्वेअर, शिक्षक, सर्वेअर-अन्वेषक, प्रशिक्षक, लेखक तथा कुछ-कुछ इतिहास लेखक के रूप में भी उसे देखा जा सकता है। वह कहां तक पहुंचा था, इसके साथ ही यह अवश्य देख लेना चाहिए कि वह कहां से चला था।

अन्वेषण शैली और सर्वेक्षण संस्कार

नैन सिंह तिब्बत तथा मध्य एशिया का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण अन्वेषक था। इस दौर के उसके अनुभवों का संसार बहुरंगी और बहुस्तरीय था। सर्वे तथा जानकारियां इकट्ठा करने की उसकी शैली असाधारण तथा अतिरिक्त रूप से उपयोगी थी। सामान्य तापमान, क्वथनांक, हिमांक, अक्षांश, देशांतर, जनसंख्या आदि पता करने के लिए वह कुछ भी कर सकता था। वह जरा भी लापरवाही का विरोधी था। इसलिए

उसके खोजे स्थानों का जब बाद के वर्षों में सर्वे किया गया तो उसके सर्वेक्षण को ज्यादातर त्रुटिहीन पाया गया।



पंडित नैन सिंह के हिसाब-किताब का एक पृष्ठ हस्ताक्षरों सहित

किसी यात्रा में बौद्ध लामा बनकर और 'ओम मणि पद्मे हुम' का जाप करते हुए वह कदम गिनता रहा। कभी बिना मंत्र के यह गिनती हुई और कुछ एक बार वह घोड़ा दौड़ाते हुए भी दूरी नापना नहीं भूला। घोड़े के कदमों को अपने कदमों में बदल कर यह कार्य होता था। कभी बुशहरी बनकर और वहीं की बोली में बातचीत कर वह अपने को हिमाचली व्यापारी सिद्ध करने में सफल रहता तो कभी अपने को पश्चिमी तिब्बत का निवासी बताकर खतरे पार कर जाता। पहली ल्हासा यात्रा में वह हमराही छिरंग नोरपाल के सो जाने पर रात में अक्षांश और तापमान आदि ज्ञात करने निकल पड़ता तो अनेक बार तिब्बत की झीलों की लंबाई-चौड़ाई पता करने में हफ्तों तक भागता रहता। खोतान-यारकंद की यात्रा के समय उसने सिर्फ क्वथनांक ज्ञात करने हेतु आग जलाने की कोशिश में कितने ही घंटे लगा दिए। हवा इतनी तेज थी कि दियासलाई जलते ही बुझ जाती थी। पर अंततः चादर-कपड़ों की ओट से आग जलाने में वह सफल हुआ और क्वथनांक का अंकन करके ही रहा।

तिब्बत या मध्य एशिया की किस नदी का व्यक्तित्व किस तरह का है, कौन कबसे जमने लगती है, कब पिघलनी शुरू होती है, ब्रह्मपुत्र को पार कराने वाली नावें कैसी थीं या किस चोटी से आगे का दृश्य कैसा था, लोग और उनके पहनावे-भाषा की क्या विशेषता थी, कोई भी बात उसकी डायरी में आने से नहीं रही। कभी उसे इस बात का दुख होता कि यारकंद में बड़े-बूढ़े छोटी लड़कियों से विवाह करते हैं तो कभी पुरुषों की अकर्मण्यता पर वह तरस खाता। लेकिन विचित्र तिब्बती रीति-रिवाजों से वह उस दिन भयभीत होकर भाग खड़ा हुआ जब अपनी पहली यात्रा में किरोंग में उसके एक तात्कालिक मित्र दावानंगल की स्त्री परंपरानुसार रात में उसकी सेवार्थ प्रस्तुत की जानी थी।

नैन सिंह की चीजों को संपूर्णता में जानने की ललक गजब की थी और अनेक बार इसी कारण उसे अतिरिक्त खतरों से खेलना पड़ा। यात्रा में उसे कई बार जंगली घोड़ों और हिरनों के झुंड दिखे और अपनी आदत के अनुसार वह उनकी संख्या गिनने लगता। एक बार उसने जंगली घोड़ों की संख्या 630 तक और हिरनों को 912 तक गिन डाला। यारकंद शहर की जनसंख्या उसने 50,000 के आसपास तक गिनी थी। अनेक कस्बों की तरह यांगी तथा कूना कस्बों का क्षेत्रफल उसने अपने कदमों से नाप डाला था।

उसे कई मौकों पर भूख और प्यास से तड़पना पड़ा पर वह न स्वयं साहस खोता और न ही सहयोगियों को खोने देता। कितनी ही बार भटकना पड़ा पर इससे सर्वेक्षण कार्य न रुका, न स्थगित हुआ। वह अनेक बार डाकुओं के हाथ से बचा। दर्जनों बार उसने तिब्बत की पुलिस या अधिकारियों की आंखों में धूल झोंकी। कितनी ही बार वह अकेले ही काम पर निकल गया और इतना डूबा रहा कि पता नहीं चला कि डाकुओं के बीच घिर गया है। वह चतुराई से घोड़ा दौड़ाकर बच निकला पर इस दौड़ का भी उपयोग करना न भूला और घोड़े की टापें गिन कर उसने दूरी का हिसाब लगा लिया। दो बार ल्हासा जाने वाला तथा पांच माह तक यारकंद में टिकने वाला वह उस दौर का अकेला अन्वेषक था।

चाहे वह पंचम लामा, दलाई लामा, सामान्य लामा या व्यापारी हो या कोई महल, मठ, मंदिर अथवा लोग, गांव, नदी, झील या पहाड़ हो उसने इन पर औपचारिक नजर कभी नहीं डाली। उसने इनसे वह जानकारियां जुटाईं अथवा इनकी वह स्थिति ज्ञात की जो सामान्यतया दिखती नहीं थी या तमाम पर्तों को हटाने से ही नजर आ सकती थीं। सोना साफ करने की विधि, रेशम के कीड़े का जीवन-चक्र, चेहरा ही नहीं औरतों की स्थिति, चीजों के दाम या मठों की नक्काशी तथा विभिन्न फसलों या उत्पादनों पर ली जाने वाली कर-राशि भी उसकी आंख से छिप न सकी। ल्हासा के एक बाजार में एक बार वह जीवाश्म के रूप में बिक रहे ढाई फुट लंबे खोपड़े को देखकर चकित हुआ और उसके भीतर के समाजविज्ञानी तथा नृतत्वशास्त्री को इसलिए दब जाना पड़ा कि इस काम में पड़कर सर्वे का काम ठीक से न हो पाएगा।

डाक विभाग द्वारा जारी किया गया पंडित नैन सिंह का टिकट

असाधारण रूप से संवेदनशील नैन सिंह ने रूखे सर्वेक्षण कार्य को एक बहुरंगी शोध यात्रा के रूप में लिया और जिया। उसे कदाचित् इस तथ्य में दिलचस्पी लेने का अवसर ही नहीं मिला कि उसकी यात्राओं का साम्राज्यवादी उपयोग कितना महत्त्वपूर्ण है। जब वह युवा था तो सन् 1857 का विद्रोह हुआ था, जब वह सफल अन्वेषक के रूप में साम्राज्य में लगातार चर्चित हो कर दिवंगत हो गया था तो कांग्रेस जन्म ले चुकी थी। स्वयं उसके इलाके में इस बीच बहुत बड़ा सामाजिक परिवर्तन और राजनैतिक चेतना में भी पर्याप्त इजाफा हो गया था।

संभवतः उसे यह भी लगा हो कि यात्राओं, जो उसकी रोजी का आधार तथा प्रसिद्धि का कारण बनीं, ने उसे अपने लोगों और संस्कृति से काट दिया। पर इन यात्राओं ने उसे कितने ही समाजों और संस्कृतियों का अनुभव दिया था और आज सिर्फ उसकी यात्राएं ही हमें उसको अपना प्रेरक पितर मानने को बाध्य करती हैं। उसकी डायरियां आज उसे एक यात्रा लेखक के रूप में स्थापित करती हैं और हमारी उस दौर की भाषा के नमूने हमें सौंपती हैं। यही नहीं, उसकी डायरियां ऐतिहासिक स्रोत सामग्री की तरह प्रयुक्त हो सकती हैं। ये डायरियां उत्तराखण्ड के भोटांतिक, पश्चिमी तिब्बत तथा मध्य एशिया के कुछ हिस्सों के बारे में महत्त्वपूर्ण तथ्य उजागर करती हैं।

कुछ लेखकों ने पंडितों को जासूस भी कहा, हालांकि वे उनकी प्रशंसा करने में भी पीछे नहीं रहे। लेकिन जासूसी की यह विवशता अनिवार्य रूप से औपनिवेशिक शासकों द्वारा कराए जा रहे इस कार्य के साथ जुड़ गई थी। नैन सिंह को कुछ स्थानों पर झूठ भी बोलना पड़ा। लेकिन इस सबका लक्ष्य अपनी रोजी अर्जित करने के साथ-साथ भौगोलिक ज्ञान में बढ़ोतरी ही था। यह भी सच है कि नैन सिंह तथा साम्राज्यवादी शासक एक ही निगाह से इन अभियानों को नहीं देख रहे थे। नैन सिंह अपनी रोजी के लिए सर्वेक्षण विभाग में गया था पर वह कभी 'भाड़े का सर्वेअर' नहीं बना। सिर्फ दो दशकों के अंतराल में उसने अपना यह योगदान देते हुए जैसे अपने आप को खो दिया। वह सिर्फ साम्राज्यवादी ज्ञान में ही वृद्धि नहीं कर रहा था बल्कि बृहत्तर मानवीय ज्ञान में भी अपना योग दे रहा था। पंडितों सर्वेअरों पर हत्या या डकैती का कलंक नहीं लगा जबकि यंगहजबैंड से ऑरल स्टाइन तक के उपलब्धियों से भरे जीवन दागों से बच नहीं सके। इसे निश्चय ही साम्राज्यवाद के 20वीं तथा 21वीं सदी के कारनामों के मुकाबले अत्यंत कम कहा जाएगा।

यह पक्ष देखना भी उचित होगा कि औपनिवेशिक काल में सर्वेक्षण विभाग सेना के अंतर्गत था। अधिकांश सर्वेक्षण अधिकारी, सुपरिन्टेंडेंट तथा सर्वेअर जनरल सेना के पदों से थे। भारत का पहला गैर सैनिक सर्वेअर जनरल सन् 1991 में बन पाया। स्थलाकृतिक सर्वेक्षण का सैन्य विभाग से प्रारंभ से ही संबंध रहा है। तोपों तथा जहाजों के बाद सर्वेक्षण कार्य ही औपनिवेशिक सत्ता के सबसे बड़े हथियार थे। मौसम की पड़ताल करने का काम भी नौसेना तथा खेतिहर समाज दोनों के लिए जरूरी था। इस तरह सर्वेक्षण विभाग एक स्वायत्त संस्थान या विश्वविद्यालय की तरह कार्य नहीं कर सकता था। औपनिवेशिक गोपनीयता ने सर्वेक्षण विभाग को सुदूर संवेदन (रिमोट सेंसिंग), ई-मेल तथा गूगल के जमाने में भी खुलने-खिलने का मौका नहीं दिया है।

हमारी सदियों में जासूसी का जो स्वरूप रहा है, उसे देख कर पंडितों के योगदान पर गर्व होता है। बीसवीं सदी के अनेक अपराध अभी उजागर होने हैं। एक उदाहरण देकर यह प्रसंग समाप्त करना चाहिए। पंडितों जैसे परतंत्र भारत के दुर्गम इलाकों के बेटों, जो दूसरे दुर्गम इलाकों के सर्वेक्षक-अन्वेषक बने, द्वारा की गई तथाकथित 'जासूसी, विश्व के दो सबसे बड़े जनतंत्रों (भारत तथा संयुक्त राज्य अमेरिका) द्वारा बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में भौगोलिक अध्ययन के लिए नहीं बल्कि

एक तीसरे राष्ट्र (चीन) के परमाणु कार्यक्रम पर नजर रखने के लिए उत्तराखण्ड हिमालय के नंदाकोट तथा नंदादेवी जैसे शिखरों-ग्लेशियरों के पास आणविक संयंत्र रखने, उसे खो देने और फिर उसे न ढूंढ़ पाने के 'अपराध' के मुकाबले अत्यंत मामूली है।

पंडितों ने औपनिवेशिक शासकों की अवमानना चाहे नहीं की हो लेकिन उनके वंशजों ने देश और काल की पुकार को अनुत्तरित नहीं रखा। नैन सिंह के असली उत्तराधिकारी तथा महत्त्वपूर्ण अन्वेषक राय बहादुर किशन सिंह रावत के तहसीलदार बेटे दुर्गा सिंह रावत तथा बहू तुलसी रावत द्वारा राष्ट्रीय संग्राम में सक्रियता से भाग लेना, सरकारी नौकरी छोड़ना और पिता की औपनिवेशिक सरकार से मिली संपत्ति को राष्ट्रीय संग्राम में लगा देना इसका उल्लेखनीय उदाहरण है।

नैन सिंह को 'ऑरिजिनल पंडित' भी कहा गया है। इसका भाव एक प्रकार से उनके आरंभिक पंडित में होने से जुड़ा है। लेकिन 'ऑरिजनल पंडित के दो स्पष्ट अर्थ निकालने की इच्छा स्वाभाविक रूप से बलवती हो रही है। इसका पहला अर्थ है 'मूल पंडित' और दूसरा अर्थ है 'मौलिक पंडित'। यानी नैन सिंह हिमालयी तथा हिमालयपारीय सर्वेक्षण तथा अन्वेषण के मूल और मौलिक व्यक्ति था। इस मौलिकता तथा अन्वेषण के प्रति समर्पण ने उसे प्रतिष्ठित किया। औपनिवेशिक शासक उसके काम की बाद तक दाद देते रहे। सन् 1904 में ल्हासा अभियान के समय यंगहजबैंड द्वारा गरतोक, जहां नई संधि के अनुसार व्यापारिक मंडी खुलनी थी, के लिए कैप्टन सी. जी. रॉवलिंग के नेतृत्व में एक अध्ययन दल भेजा गया। रॉवलिंग के साथ कैप्टन रायडर तथा कैप्टन वुड भी थे। बाद में इस अभियान के अनुभवों पर आधारित आलेख रायडर द्वारा रॉयल जिऑग्रैफिकल सोसाइटी में प्रस्तुत किया गया और प्रारंभ में ही इस अभियान के अन्वेषण वाले पक्ष की कमजोरी को स्वीकार कर यह बताया कि उनका अभियान पुराने सर्वेक्षणों की जानकारियों से संचालित था। ये जानकारियां मुख्यतः नैन सिंह तथा किशन सिंह द्वारा किए गए कार्य पर आधारित थीं। इस तरह पंडितों के कार्य की सराहना बाद तक होती रही।

एडनी ने अपने अध्ययन 'मैपिंग एन एम्पाअर' में कहा है कि ब्रितानी अधिकारियों को भारतीयों की सर्वेक्षण प्रतिभा पर विश्वास नहीं था, उन्होंने नस्ल (रेस) पर आधारित श्रम विभाजन तथा उत्तरदायित्व का अनुक्रम (हाइआर्की) स्थापित किया था और तो और, यूरेशियनों को (सन् 1825 में जॉर्ज एवरेस्ट के अवकाश पर जाने पर जोसेफ ओलीवर को ग्रेट ट्रिगनॉमैट्रिकल सर्वे (जीटीएस) का इंचार्ज न बनाने वाला मामला ऐसा ही था) भी महत्त्वपूर्ण पदों पर नियुक्त नहीं किया गया। लैम्बटन तथा एवरेस्ट की वैज्ञानिक समझ वाइसराय को प्रभावित नहीं कर पाती थी।

लेकिन तिब्बत, चीन तथा मध्य एशिया के मामले में पंडितों के साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जा सका। वे इस सर्वेक्षण के अपरिहार्य आधार बने। शायद इंग्लैंड में इस कारण कुछ लोग चिढ़े भी होंगे। निश्चय ही इसका एक प्रमुख कारण स्वयं गोरे अधिकारियों का तिब्बत तथा अन्य वर्जित स्थानों तक न जा पाना था। पंडितों द्वारा अतिरिक्त विश्वसनीयता प्राप्त करना भी इसी तथ्य से जुड़ा है। लेकिन नस्ल आधारित समझ साम्राज्यवाद के स्वभाव में थी और इसके पीछे पश्चिम को श्रेष्ठ मानने का दुराग्रह था।

अंत में रॉयल जिऑग्रैफिकल सोसाइटी, लंदन की सभा में, जहां नैन सिंह की अनुपस्थिति में एक समारोह में उनके नाम का मेडल दिया जा रहा था, कर्नल हेनरी यूल द्वारा कहे गए शब्दों को दोहराना उचित होगा कि 'नैन सिंह स्थलाकृति का अध्ययन करने वाला स्वचालित यंत्र नहीं है और न ही मामूली तौर पर शिक्षित तमाम देशी कर्मचारियों में से एक है। उसके अवलोकन/ अध्ययन ने किसी भी और जीवित व्यक्ति के मुकाबले एशिया के नक्शे को महत्त्वपूर्ण ज्ञान से परिपूर्ण किया है।'

(यह लेख नैन सिंह का स्पर्श मात्र है। विस्तार के लिए देखें उमा भट्ट तथा शेखर पाठक कृत 'एशिया की पीठ पर', पहाड़ पोथी, नैनीताल द्वारा प्रकाशित वृहत पुस्तक। इसमें नैन सिंह की विस्तृत जीवनी के साथ उनकी तीन डायरियां, अक्षांश दर्पण, तीन अंग्रेजी रिपोर्ट और तमाम नक्शे-एल्बम हैं। दूसरी पुस्तक है 'पंडितों का पंडित', नैन सिंह की संक्षिप्त जीवनी, जिसे नेशनल बुक ट्रस्ट ने प्रकाशित किया है।)

'पहाड़' संस्था के संस्थापक प्रख्यात इतिहासकार शेखर पाठक का यह लेख *विज्ञान परिचर्चा* के जुलाई-दिसम्बर 2023 अंक से साभार प्रकाशित किया गया है।

गौरा देवी की शौर्यगाथा

– व्योमेश चन्द्र जुगरान

वह भारत ही है जिसने 'चिपको' जैसी कालजयी अवधारणा को जन्म दिया और इसे स्थानीय या राष्ट्रीय चिंता के दायरे से निकाल कर पर्यावरण का वैश्विक सरोकार बना दिया। चिपको आज अपने मूल रूप में कहीं नहीं है और पर्यावरण की अंतर्राष्ट्रीय चेतना अथवा दर्शन में आत्मसात हो चुका है। लेकिन यदि कोई अन्वेषी इस चेतना का स्रोत ढूंढ़ने निकलना चाहे तो निस्संदेह उसके कदम उत्तराखण्ड के सुदूर चमोली जिले के रेणी गांव में पहुंचकर ही थमेंगे। रेणी भारत-चीन सीमा पर बसा एक जनजातीय गांव है। विडंबना यह कि जिस रेणी गांव ने पेड़ों पर चिपकने के स्थूल नजरिये की बजाय वनों के प्रति वात्सल्य और ममत्व का गहन मंत्र दिया और चिपको आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी को एक सिद्धांत के रूप में स्थापित किया, वही रेणी आज विस्थापन का त्रास झेल रहा है। वहां के मकान दरारों और भूधंसाव के कारण खाली करने पड़े हैं। इनमें गौरा देवी का स्मारक भी है जो ध्वस्त हो चुका है। वही गौरा जिसकी अमर गाथा के बिना चिपको का इतिहास अधूरा है।

मार्च 1974 को रेणी की वनवासी महिला गौरा देवी का साहस 'चिपको' का पहला सफल परीक्षण था जिसमें सरकार को चमोली जिले के 1200 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को संवेदनशील मानना पड़ा और वहां अगले दस साल तक वन कटान पर रोक लगानी पड़ी। यह वैज्ञानिक नजरिया भी शासन द्वारा पहली बार स्वीकार किया गया कि बाढ़ और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाएं वन कटान की देन हैं। वनों के प्रति वात्सल्य और ममत्व का मंत्र गौरा के भीतर आम पहाड़ी महिला की तरह रोजमर्रा के श्रमसाध्य जीवन के अनुभवों पर आधारित था जिसमें जंगल स्त्री का मायका है और वहां विराजती वनस्पतियां मायके की नियामत। बचपन से ही जंगल को इसी भाव से देखती आई गौरा का सब्र टूटना तब स्वाभाविक था, जब 'मायके' पर आरे-कुल्हाड़े चलाने आए मालदारों और उनके कारिंदों से सामना हुआ। तभी तो गौरा उनकी बंदूक के आगे तनकर खड़ी हो गई और गरज उठी– 'लो मारो गोली और काट ले जाओ हमारा मायका......।' गौरा को क्या मालूम कि जंगल बचाकर उसने अनायास ही पर्यावरण संरक्षण की ऐसी अंतर्राष्ट्रीय क्रांति के द्वार खोल दिए थे जो आने वाले वर्षों में वैश्विक कल्याण के निमित्त भूमंडलीय खतरों से जुड़े संगीन सवालों को सतह पर लाने वाली थी।

रेणी की घटना के बाद कटान पर लगे प्रतिबंधों से उत्तराखण्ड में औपनिवेशिक दौर से चले आ रहे वनों के व्यापारिक दोहन का अनर्थकारी तानाबाना बिखरना ही था। आजादी के बाद पहली बार अलकनंदा सहित बदरी-केदार घाटी की सदानीरा नदियां चिरान से तैयार मोटे-मोटे स्लीपरों को ढोकर हरिद्वार पहुंचाने के अभिशाप से मुक्त होने लगीं। छोटे-बड़े स्तर पर अनेक सामाजिक संगठन वन संरक्षण के निमित्त उठ खड़े हुए। विश्वविद्यालयी छात्रों ने 'डाल्यूं का दगड़्या' (पेड़ों के दोस्त) जैसे संगठन बनाकर जन-जागरूकता का अनूठा अभियान छेड़ दिया। जगह-जगह

महिलाएं वृक्षों पर राखियां बांध रही थीं। लीसे के लिए पेड़ों के तनों पर किए गए घावों की मरहमपट्टियां होने लगीं। हिमालय में हलचल, भूकम्प, बाढ़ व भूस्खलन जैसी आपदाओं से बचाव के लिए पदयात्राओं व अन्य अभियानों की एक लहर सी चल पड़ी। अनेक लेखकों, कवियों और गायकों के प्रादुर्भाव ने अनूठा माहौल खड़ा कर दिया। पहाड़ के चप्पे-चप्पे से बही पेड़ों के प्रति अनुराग और संरक्षण की इस नई निर्झरिणी ने वैश्विक स्तर पर पर्यावरण के प्रति आम लोगों के लगाव को सींचा। पर्यावरण के प्रति समझ उत्तरोत्तर बढ़ती चली गई और प्रकृति से सहचर्य के नए-नए क्षेत्रों पर बात होने लगी। देखते ही देखते पर्यावरण संरक्षण का विचार नित नए सकंल्पों के साथ देश व दुनिया के लिए एक चिरस्थाई सिद्धांत बन गया।

लेकिन उत्तराखण्ड के संदर्भ में चिपको के समग्र विश्लेषण से यह बात जरूर निकलकर आती है कि आंदोलन ज्यों-ज्यों अंतर्राष्ट्रीय फलक लांघता गया, उसके सरोकार एकांगी होकर पूरी तरह पर्यावरणोन्नमुखी होते चले गए। जल-जंगल और जमीन पर ग्रामीणों के पारंपरिक हक-हकूकों पर बात करना नासमझी मानी जाने लगी। हालात ने आंदोलन को वन आधारित जीवकोपार्जन जैसी स्थानीयताओं से विमुख तो किया ही, आंदोलन की धुरी समझा गया महिला विमर्श भी हाशिए पर चला गया। इसके शीर्षस्थ नेता राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजे गए तो उन पर प्रसिद्धि की भूख और व्यक्तिगत प्रचार के आरोप भी लगे।

चिपको भले ही महिलाओं की समस्याओं को लेकर नहीं, सरकारों की वन व उद्योग नीति के विरोध में जन्मा था परंतु गौरा के प्रसंग ने इसमें पहाड़ी महिला के दर्द की वह स्याही घोल दी थी कि भविष्य में लिखे जाने वाली हर इबारत में इसी स्याही के इस्तेमाल का भरोसा पक्का हो चला था। लेकिन जल्द ही यह भरोसा टूटने लगा और इबारतें दर्द की इस स्याही की बजाय शासन की 'हिना' से लिखी जाने लगीं। अब पर्यावरण संरक्षण के संदेशों के साथ कड़ी कानूनी हिदायतें थीं। 1980 के दशक की शुरुआत ऐसे सख्त वन अधिनियमों से हुई कि जंगल से एक तिनका तक चुनना अपराध हो गया।

पहाड़ में चिपको का बचा-खुचा संवेग वन कानूनों के खिलाफ लड़ाई में खपता चला गया। सरहदें लांघ चुका चिपको अब तक अपने विस्तार का महासागरीय रूप पा चुका था। उसके लिए संभव ही नहीं रह गया कि जंगल पर निर्भर जिंदगियों के अधिकारों की खुलकर वकालत कर सके। आंदोलन की नेतृत्वकारी शख्सियतों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों और दौरों से फुर्सत ही कहां थी! जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ता कड़े वन कानूनों के आगे असहज हो चले थे। जिस चिपको ने परंपरागत ईंधन के संरक्षण, पर्यावरण और धरती की उम्र बढ़ाने के सवालों को बुनियादी ढंग से उजागर किया था, उसी ने वनों पर आश्रित ग्रामीणों की आर्थिक-सामाजिक लड़ाई को लगभग भुला दिया।

1990 के दशक तक आते-आते चिपको की खामियां खुलकर गिनाई जाने लगीं और यह जल-जगंल-जमीन पर स्थानीय हक-हकूकों की सबसे बड़ी बाधा समझा जाने लगा। इसका अनुमान रेणी की घटना के करीब दस साल बाद रेणी गांव पहुंची तत्कालीन शोधार्थी कुसुम नौटियाल से बातचीत में उभरी गौरा देवी की इस पीड़ा से लगाया जा सकता है - 'क्या मिला हमें यह लड़ाई जीत कर। तुमारे जैसा भौत आया भुली, लाखों लोग आया। सब एक ही बात पूछता गौरा देवी, कैसे बचाया तुमने जंगल, क्या किया, कैसे किया। हम तुम्हारा दुख तकलीफ लिखेगा, सरकार तक पौंछाएगा। पर इजु (मां) कुछ नहीं मिला। थक गया हम बताते-बताते। अब नहीं बताएगा।...' गांव की ही एक अन्य महिला घूमा देवी बोलीं - 'क्या करना दीदी, घास तो खो गया, अब गाय भी किसके सहारे पालनी। आसपास का गोचर तो सरकार ने मिलिटरी वालों को दे दिया। लाता का जंगल भी बंद कर दिया। कहां जाएंगे हमारे ढोर-डंगर चरने के लिए।...' (*वामा* पत्रिका से, जून 1984)

यह सच है कि चिपको ने जब दुनिया का ध्यान खींचा तो इसके शीर्षस्थ नेताओं को अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि मिली लेकिन गौरा देवी और उनका दर्द अपरिचित रह गया। यहां तक कि उनके निधन की घटना भी तत्कालीन संचार माध्यमों के लिए खबर नहीं बन सकी। आजीवन अभावों और घोर कष्टों से घिरी गौरा का जन्म वर्तमान नंदादेवी नेशनल पार्क के सीमांत गांव लाता में हुआ था। 12 साल की उम्र में उनका विवाह रेणी के मेहबान सिंह से हुआ और मात्र 22 साल की उम्र में वह विधवा भी हो गईं। अपने आखिरी दिनों में वह पक्षाघात जैसी बीमारी से ग्रस्त रहीं। 4 जुलाई 1991 को गौरा ने अंतिम सांस ली।

आज की नई पीढ़ी के लिए गौरा एकदम अपरिचित और अनजान नाम है। उनका गांव रेणी, जो कि ऋषि गंगा और धौली गंगा के संगम स्थल के ठीक ऊपर बसा है, पहाड़ के कई अन्य गांवों की तरह बांध परियोजनाओं का दंश झेलने को अभिशप्त है। यह गांव जोशीमठ से करीब 35 किलोमीटर की दूरी पर है। सन् 1962 में चीन के साथ युद्ध के बाद इस सीमावर्ती क्षेत्र में सरकार को सड़कों की याद आई और रेणी भी सड़क से जुड़ गया। हालांकि सड़क बनने के साथ ही कच्चे पहाड़ों वाले इस क्षेत्र में भूस्खलनों का भी सिलसिला शुरू हो गया। 7 फरवरी 2021 को ऋषि गंगा और धौली में आए अप्रत्याशित सैलाब ने रेणी गांव को जड़ से और भी कुरेद कर हमेशा के लिए खतरे की जद में ला दिया। यह विभीषिका 200 से अधिक लोगों को लील गई जिसमें कुछ रेणी गांववासी भी थे। गांव अब विस्थापन की गुहार लगा रहा है। गांव के जो मकान दरारों और भूधंसाव के कारण खाली करने पड़े हैं, उनमें गौरा देवी का स्मारक भी है। यहां स्थापित गौरा की प्रतिमा को प्रशासन इस वादे के साथ जोशीमठ ले गया है कि भविष्य में और भी बड़ा स्मारक बनाकर इसे पुनः प्रतिस्थापित किया जाएगा। पर क्या मालूम, तब तक गौरा का गांव रेणी बचा भी रहेगा कि नहीं !

आइए, अब रेणी के उस ऐतिहासिक प्रसंग की चर्चा करें। क्या किसी ऐसे प्रतिरोध की कल्पना की जा सकती थी जहां अंदर ठहाके लगाते बड़े-बड़े इजारेदार और सरकार की मजबूत लॉबी पेड़ों की नीलामी का फैसला ले रही हो और बाहर एक अकेला शख्स हाथ में पर्चा लेकर नीलामी के विरोध में खड़ा हो! विरोध भी ऐसा, जिसमें सिर्फ अंतरात्मा व चेतना जगाने का प्रयास और पेड़ों को न काटने की अनुनय-विनय हो। 3 जनवरी 1974 को देहरादून के टाउनहॉल में यही दृश्य था। यहां गेट पर खड़ा इकलौता व्यक्ति अंदर जाते हर बोलीकर्ता को इशारे से पास बुलाता और हाथ में लिया पोस्टर पढ़ाकर नीलामी में भाग न लेने का संदेश देता। वह पिछली रात कड़ाके की ठंड के बीच इन्हीं पोस्टरों को टाउन हॉल के आसपास भी चिपका आया था। पोस्टर पर सबसे ऊपर शीर्षकनुमा वाक्य था– 'मानव जाति के कल्याण के लिए....।' आगे पेड़ों की हिफाजत की अनुनय-विनय थी। लेकिन बोलीकर्ताओं/ ठेकेदारों के लिए वह सिर्फ उपहास का पात्र था क्योंकि नीलामी रुकने का सवाल ही नहीं था। दोपहर होते-होते खबर आ गई कि 4, 71,000 रुपए की रकम में रेणी का जंगल नीलाम हो गया। जंगल से कुल 2,451 पेड़ कटने थे। इसके बाद वह व्यक्ति बोली छुड़ाने वाले मालदार को यह ताकीद कर लौट आया कि अब रेणी में आपका 'चिपको' से सामना होगा।

यह शख्स और कोई नहीं, संसार में चिपको के प्रणेता के रूप में पहचाने गए श्री चण्डी प्रसाद भट्ट थे। उनकी संस्था दशोली ग्राम स्वराज मंडल के प्रतिरोधी प्रयासों से एक साल पूर्व यानी मार्च और जून 1973 में चमोली जिले के मंडल और

फाटा के जंगलों को कटान से बचाया जा चुका था। तब शासन ने गोपेश्वर स्थित दशोली ग्राम स्वराज मंडल और स्थानीय ग्रामीणों को आवंटित किए जाने वाले अंगू प्रजाति के पेड़ों का आवंटन रोक दिया था। दशोली संस्था वनों के आसपास रहने वाले ग्रामीणों को वनोपज के माध्यम से रोजगार मुहैया कराने का साधन थी और कुटीर उद्योग के रूप में काष्ठ कला केंद्र चलाती थी। ग्रामीणों को मिलने वाले अंगू के पेड़ों से वे हल के लिए बैलों का जुआ और खेती-किसानी के अन्य औजार बनाया करते थे। अंगू की लकड़ी बेहद हल्की और मजबूत होती है और पर्वतीय किसान हल बनाने के लिए इसी लकड़ी का इस्तेमाल करते आए थे।

एक ओर वन विभाग ने दशोली ग्राम स्वराज मंडल को पेड़ों का आवंटन रोक दिया और दूसरी ओर खेलकूद का सामान बनाने वाली इलाहाबाद (अब प्रयागराज) की साइमंड कंपनी को गोपेश्वर के पास मंडल नामक क्षेत्र में अंगू के पेड़ काटने की इजाजत दे दी। आक्रोशित ग्रामीणों ने तय किया कि वे पेड़ नहीं कटने देंगे। लेकिन कैसे, कोई राह नहीं सूझ रही थी। 30 मार्च 1973 को चण्डी प्रसाद भट्ट और उनके सहयोगी चिंतामग्न थे कि साइमंड कंपनी के लोगों के गोपेश्वर पहुंचने की खबर मिली। सुनते ही भट्ट तमतमा उठे और चिल्लाए— साइमन वालों, सुन लो हम पेड़ नहीं कटने देंगे। वे कुल्हाड़े चलाएंगे, हम पेड़ों पर 'अंग्वाल' मार देंगे। (अंग्वाल यानी आलिंगन)। हम पेड़ों पर चिपक जाएंगे। कुल्हाड़े का पहला वार हमारी पीठ पर चलेगा। अनायास ही एक ऐसे शब्द की उत्पत्ति हो चुकी थी जिसकी गूंज पूरे संसार में सुनाई देने वाली थी और जो धरा पर मानव के अस्तित्व के लिए वरदायी साबित होने वाला था। मंडल में अंगू के पेड़ों पर चिपकने की नौबत बेशक न आई हो मगर 'चिपको' जैसी अहिंसक क्रांति का स्रोत फूट चुका था जिसकी पहली परख रेणी में होने वाली थी।

इससे पूर्व सन् 1970 में अलकनंदा की विनाशकारी बाढ़ ने हिमालय की अलकनंदा घाटी में तबाही मचा दी थी। तब पहली बार स्थानीय निवासियों में पहाड़ों की संवेदनशीलता के प्रति चेतना जगी। दशोली ग्राम स्वराज मंडल के कार्यकर्ताओं ने बाढ़ के दौरान बचाव आदि कार्यों में प्रमुख भूमिका निभाई थी। संस्था के माध्यम से यह समझ विकसित हो चली थी कि ऐसी विभीषिकाएं देवीय प्रकोप नहीं, बल्कि वैज्ञानिक कारणों से हैं और वनों का अंधाधुंध व्यापारिक दोहन भी इनमें एक है। बाढ़ के वैज्ञानिक निष्कर्ष अभी चर्चा का विषय बने ही थे कि स्थानीय जनता के वनाधिकारों की उपेक्षा करते हुए मालदारों को वन कटान की खुली छूट दे दी गईं इसके विरोध में गोपेश्वर व चमोली में माहौल बनने लगा था और सर्वोदयी कार्यकर्ताओं और छात्रों के अलावा महिला मंगल दल भी सक्रिय हो उठे थे। सन् 1972 में गौरा देवी रेणी महिला मंगल दल की अध्यक्षा चुनी जा चुकी थीं।

रेणी का जंगल नीलाम हो चुका था। इसे अंतिम दम तक रोकने की कोशिशें असफल हो गईं, मगर आंदोलनकारियों के हौसले में कोई कमी नहीं आईं उधर ठेकेदार को परमिट मिला तो इधर गोपेश्वर और जोशीमठ में भारी विरोध प्रदर्शन हुए। गांव-गांव सभाएं हुईं और पारंपरिक गाजे-बाजों के साथ जन-जागरूकता अभियान चलाए गए। मगर प्रशासन पीछे हटने को तैयार नहीं था। पेड़ काटने के लिए तारीख तय हो चुकी थी- 26 मार्च 1974। सर्वोदयी चण्डी प्रसाद भट्ट के साथ ही साम्यवादी कॉमरेड गोविन्द सिंह रावत भी वैचारिक मतभेदों से ऊपर उठकर आंदोलन का हिस्सा बन चुके थे। 18 मार्च को आरा-कुल्हाड़ों और राशन की डेढ़ दर्जन से अधिक बोरियों के साथ मजदूरों का दल जोशीमठ पहुंच गया। इधर चण्डी प्रसाद भट्ट को बातचीत का भरोसा दिलाकर यह कहते हुए गोपेश्वर में ही रोक लिया कि गढ़वाल वन वृत्त के सर्वोच्च अधिकारी यानी अरण्यपाल उनसे वार्ता करने 25 तारीख को गोपेश्वर आएंगे। दोनों में बातचीत हुई पर चूंकि मकसद श्री भट्ट को उलझाए रखना था, लिहाजा इधर-उधर की बातों के बाद दो टूक कह दिया गया कि कटान नहीं रोका जाएगा। श्री भट्ट को रेणी न जाने की ताकीद भी कर दी गईं अगले ही दिन यानी 26 मार्च को एक सर्वोदयी कार्यकर्ता ने खबर

दी कि मजदूर रेणी पहुंच गए हैं और मलारी, रेणी व लाता गांवों के सारे पुरुष सुबह से ही जिला मुख्यालय चमोली आ गए हैं।

असल में भारत-चीन युद्ध के दौरान सन् 1962 में इन सीमावर्ती गांवों की जमीन पर सेना को कई चौकियां बनानी पड़ी थीं। इस जमीन का मुआवजा ग्रामीणों को तब तक नसीब नहीं हुआ था। प्रशासन ने 14 साल के बाद मुआवजे के लिए यदि 27 मार्च की तारीख तय की थी तो उसकी मंशा बहुत साफ थी कि मुआवजे के लालच में सारे पुरुष गांव छोड़कर चमोली चले आएं और मौके का फायदा उठाकर मजदूर रेणी में पेड़ों पर कुल्हाड़े चला दें। अरण्यपाल और अन्य अधिकारियों का दल अभी गोपेश्वर में ही था और दशोली ग्राम स्वराज मंडल के कार्यालय और कार्यप्रणाली को देखने के नाम पर श्री भट्ट और उनके कार्यकर्ताओं को उलझाए हुए था। मजदूरों के जंगल में दाखिल होने की खबर मिलने के बावजूद भट्ट असहाय थे क्योंकि रेणी अब अगले दिन ही पहुंचा जा सकता था। इस बीच छात्रों और कम्युनिस्टों की ओर से घेराव और विरोध प्रदर्शनों की धमकी से घबराकर अरण्यपाल अपने लवाजमे के साथ रातों रात गोपेश्वर छोड़कर रफूचक्कर हो गए।

  - Biochar or charcoal-alternative production units

Such initiatives can serve as replicable models for rural industrialisation demonstrating how, with the right mix of technology, policy support, and community ownership, localised production can be both sustainable and economically viable. This would not only honour Kumaon's historic ambitions but also realise them in a contemporary, forward-looking form.

Conclusion

The Kumaon Iron Works, despite its tragic end, represents one of colonial India's most daring industrial visions. It showed how rich natural resources, when mishandled with poor planning and top-down governance, can fail spectacularly. But it also demonstrated the power of ambition, innovation, and integration. Today, as India looks to revive its rural economy and reduce its reliance on imports, the legacy of Kumaon offers not just historical interest but strategic guidance. Its numbers, failures, and forgotten hopes form a roadmap—one that warns us not to repeat the past but to build wisely on its foundation.

References

1. Inkster, I. (2012). *History of Technology*, Publisher- **Bloomsbury Academic** Publishing, USA, 2012;
2. Atkinson, E. T. (1970). *The Himalayan G±etteer*, Vol 1(1), Osmo Publications, Delhi, 1973.

Dr. Richa Joshi is an environmental sociologist working in climate and sustainability space for over thirteen years. She has partnered with global organisations, including the FAO of the United Nations, leading efforts on clean energy transitions, sustainable farming, and carbon markets, while building partnerships that connect government policy with grassroots action. She holds a Ph.D. from Washington University and dual Master's degrees from the Delhi School of Economics and Tata Institute of Social Sciences.

Email: richajoshi81@gmail.com
Phone: +91-9868278715

उत्तराखण्ड में मानव-वन्यजीव संघर्ष : चुनौती एवं समाधान

— नरेन्द्र सिंह

हिमालयी राज्य उत्तराखण्ड की जैव-विविधता अद्वितीय है। उच्च हिमालयी क्षेत्र से लेकर मैदानी भूभाग होने के कारण यहां तरह-तरह के वन्यजीवों की उपस्थिति है। इन वन्यजीवों का मानव से सामना हो जाना स्वाभाविक है क्योंकि उत्तराखण्ड में इनकी संख्या अधिक है और उसमें उत्तरोत्तर वृद्धि के संकेत हैं। यद्यपि वन्यजीवों के प्राकृतवास के विकास और उनकी संख्या में बढ़ोतरी सुखद है, तथापि ये वन्यजीव मानव जीवन और कृषि के लिए एक संकट के रूप में आ खड़े हुए हैं। यह संकट इतना गहरा गया है कि प्रत्येक राजनीतिक दल के चुनावी घोषणापत्र में इसका उल्लेख प्रमुखता से किया जाने लगा है और इसे पलायन का भी एक प्रमुख कारक माना गया है। पिछले वर्षों में चुनौतियां बढ़ी हैं और यदि समय रहते कोई ठोस समाधान नहीं निकाले गए तो यह एक बड़ा जन-आंदोलन का रूप ले लेगा। अतः यह समीचीन है कि इस चुनौती को स्वीकार करके इस द्वंद्व को न्यूनतम करने हेतु सार्थक प्रयास किए जाने चाहिए।

उत्तराखण्ड में मानव-वन्यजीव संघर्ष एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। राज्य में लगभग 70% क्षेत्रफल वनों के अधीन है। राज्य वन विभाग की भारी भरकम फौज इस अति गंभीर समस्या के आगे असहाय नजर आती है। वन्यजीवों से मानव जीवन खतरे में पड़ जाने के कारण पहाड़ों से पलायन भी बढ़ता जा रहा है और गांव निरंतर खाली होते जा रहे हैं। जिन गावों में थोड़े बहुत लोग अभी बने हुए भी हैं उनका जीवन गुलदार, भालू, बंदर एवं सुअर जैसे वन्य जीवों ने संकट में डाल दिया है।

उत्तराखण्ड विधानसभा में 29 नवम्बर, 2024 को एक प्रश्न के उत्तर में वनमंत्री श्री सुबोध उनियाल ने गत तीन वर्षों में वन्य जीवों द्वारा 161 लोगों के मारे जाने की बात कही। इनमें सर्वाधिक मानव मौतें गुलदार के कारण से बताई गई। स्पष्ट है कि वन्यजीवों से मानव जीवन के लिए सर्वाधिक खतरा पहाड़ों में ही है, क्योंकि पहाड़ों में सामान्यतः हाथी और बाघ जैसे बड़े जीव नहीं चढ़ते। हालांकि अब हाथी और बाघ भी पहाड़ चढ़ने लगे हैं, क्योंकि पलायन के कारण गांव वन्यजीवों के लिए नए आवास बनते जा रहे हैं और ये भोजन की खोज में ऊपर की ओर पलायन कर रहे हैं। उत्तराखण्ड के निवासी तो अपने गांवों से नीचे तराई के क्षेत्रों यथा देहरादून, हल्द्वानी, कोटद्वार, कालाढूंगी, उधमसिंह नगर, कालसी, विकासनगर, खटीमा आदि में बस रहे हैं और जो खाली पड़े खेत हैं, उनमें प्रकृति ने वृक्षावरण में वृद्धि की है, जो कालांतर में इन वन्यजीवों के लिए सुलभ आवास बन गए हैं।

उत्तराखण्ड के उच्च क्षेत्रों में गुलदार एक खलनायक पशु बन गया है

वन विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार सन् 2000 से लेकर 2015 तक उत्तराखण्ड में 166 तेंदुए, और 16 बाघ मानवभक्षी घोषित कर उन्हें मारने के आदेश निर्गत किए गए। इससे उत्तराखण्ड में उत्पन्न भयावह स्थिति का सहज ही अनुमान लगा सकते हैं।

उत्तराखण्ड अपनी अनूठी जैव-विविधता के लिए जगप्रसिद्ध है। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भौगोलिक और जलवायु विविधता के कारण हिमालय से लेकर तराई के मैदानों तक विभिन्न प्रकार के वन पाए जाते हैं। राज्य में मौजूद जैव-विविधता के कारण कुल भौगोलिक क्षेत्र का 12 प्रतिशत संरक्षित क्षेत्र है जिसमें 6 राष्ट्रीय उद्यान, 7 वन्यजीव

अभयारण्य, 4 संरक्षण आरक्ष (कंजरवेशन रिजर्व) तथा एक एक बायोस्फीयर रिजर्व और हाथी रिज़र्व हैं। उत्तराखण्ड पौधों और जानवरों की दुर्लभ प्रजातियों का घर है। इस विशिष्टता के कारण हमें वन्यजीवों और मानव में सामंजस्य स्थापित करने हेतु कारगर कदम उठाने की त्वरित आवश्यकता है।

वन विभाग की वेबसाइट के अनुसार उत्तराखण्ड में 102 स्तनपायी, 600 पक्षी, 19 उभयचर, 70 सरीसृप और 124 मछली की प्रजातियां पाई जाती हैं। इन प्रजातियों में विश्व स्तर पर लुप्तप्राय प्रजातियां हैं, जिनमें बाघ (*पैंथेरा टिग्रिस*), एशियाई हाथी (*एलीफस मैक्सिमस*), गुलदार (*पैंथेरा पार्डस*), कस्तूरी मृग (*मॉस्कस क्राइसोगास्टर*), हिम तेंदुआ (*पैंथेरा यूनिसियल*), मोनाल (*लोफोफोरस इम्पेजनस*) मुख्य हैं।

मानव-वन्यजीव संघर्ष के हॉटस्पॉट

उत्तराखण्ड में वनों के अंदर या नजदीक की बस्तियों में मवेशी उठाने और मानवों पर तेंदुओं के हमले की घटनाएं साल-दर-साल बढ़ती जा रही हैं। वन्यजीव संस्थान के अनुसार टिहरी जिले में देवप्रयाग-कीर्तिनगर रेंज और पौड़ी जिले में पौड़ी रेंज उत्तराखण्ड में मवेशी उठाने और मानव मृत्यु के लिए सबसे अधिक संवेदनशील माने गए हैं।

भारतीय वन्यजीव संस्थान के मनोज अग्रवाल आदि वैज्ञानिकों के शोध पत्र के अनुसार पौड़ी जिले में समुद्रतल से 900 मीटर से लेकर 1500 मीटर की ऊंचाई वाला क्षेत्र मानव-गुलदार संघर्ष के लिए सबसे अधिक संवेदनशील है। जिले में 400 से लेकर 800 मीटर और 1600 से लेकर 2300 मीटर की ऊंचाई तक यह खतरा बहुत मामूली है जबकि 2300 मीटर से ऊपर और 400 मीटर से नीचे कोई मानव-गुलदार संघर्ष नहीं पाया गया है। उत्तराखण्ड के उच्च क्षेत्रों में गुलदार एक खलनायक पशु बन गया है। भालू भी कई बार लोगों को घायल कर देता है परंतु जंगली सुअर तो कृषि फसलों को तहस-नहस करने के लिए कुख्यात हो चुका है।

उत्तराखण्ड का विकास भी प्रकृतिजन्य नहीं है, जिससे वनों के विखंडन से भी मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ा है। जिन स्थानों पर पहले कोई घटना नहीं होती थी, वहां भी ये घटनाएं आम हो गई हैं। वन्यजीव संस्थान के डी.एस. मीणा और डीपी बुलानी के शोध के अनुसार चार धाम मार्ग हेतु ऑल वेदर रोड एवं रेल आदि परियोजनाओं के कारण भी वन्यजीवन प्रभावित हुआ है। मार्ग के लंबे समय तक अवरुद्ध रहने से भी गुलदार जैसे वन्य जीवों के आसपास की बस्तियों में घुसने की घटनाओं में वृद्धि हुई है।

''ह्यूमन वाइल्ड लाइफ कन्फिलिक्ट..'' शोधपत्र के अनुसार उत्तराखण्ड में सन् 2000 से लेकर 2020 तक लगभग 1396 तेंदुए मारे गए हैं। इनकी मौत का कारण अवैध शिकार, दुर्घटना, जंगल की आग के साथ जलना, सड़क या रेल दुर्घटना, आदमखोर होने के कारण मारा जाना और आपसी संघर्ष माना गया।

वन विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार सन् 2000 से लेकर 2015 तक उत्तराखण्ड में 16 बाघ मानवभक्षी घोषित कर उन्हें मारने के आदेश निर्गत किए गए

वन्य जीव संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार इनमें 648 गुलदार या तेंदुए प्राकृतिक मौत से, 152 दुर्घटनाओं में, 65 को मानवभक्षी घोषित होने पर मारा गया, 41 शिकारियों द्वारा अवैध शिकार से तथा 212 अज्ञात कारणों से मारे गए। वर्ष 2000 के बाद से नरेंद्र नगर वन प्रभाग में कुल 645 घटनाओं में 740 पशुओं की मौत साथ मानवों के घायल होने के लगभग 126 मामले और 36 मानव-मृत्यु की घटनाएं अभिलिखित हुई हैं।

उत्तराखण्ड में मानवों के साथ ही तेंदुओं की मृत्युदर में भी वृद्धि देखी गई, जो मुख्यरूप से प्राकृतिक मौतों, अवैध शिकार, दुर्घटनाओं, घोषित खतरों, जलाए जाने, जंगल की आग, खाद्य विषाक्तता, आपसी लड़ाई और सड़क दुर्घटनाओं के कारण हुईं।

हरिद्वार के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में हाथी मौत का पर्याय बन चुके हैं

यह भी उल्लेखनीय है कि इस उत्तराखण्ड के जिम कार्बेट कहे जाने वाले लखपत सिंह रावत द्वारा अकेले ही अब तक 53 मानवभक्षी केवल गढ़वाल क्षेत्र में मार चुके हैं, जिनमें 51 तेंदुए और 2 बाघ शामिल हैं। उनके अलावा ठाकुर दत्त जोशी और जॉय हुकिल ने कुमाऊं में भी कई मानवभक्षी मारे हैं। भारतीय वन्यजीव संस्थान के अध्ययनों से पता चलता है कि सह-अस्तित्व की रणनीतियों के लिए सार्वजनिक जागरूकता, चराई पर्यवेक्षित चराई, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों के बारे में जागरूकता, बचाव दल द्वारा त्वरित प्रतिक्रिया, मानव बस्तियों के आसपास पौधों की अनावश्यक छतरी या झाड़ियों को हटाने से यह संघर्ष रोका या कम किया जा सकता है।

पहाड़ी राज्य होने कारण उत्तराखण्ड में कुछ अन्य राज्यों की तुलना में मानव-हाथी संघर्ष अपेक्षाकृत कम है फिर भी राज्य के मैदानी क्षेत्रों में यह संघर्ष एक गंभीर समस्या बनी हुई है। हरिद्वार के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में हाथी मौत का पर्याय बन चुके हैं। मैदानी क्षेत्रों में नीलगाय भी फसलों को बहुत क्षति पहुंचाती हैं। अतः इसके मारे जाने की घटनाओं में बहुत वृद्धि हुई है।

पिछले 3 सालों में उत्तराखण्ड में 28 लोग हाथियों द्वारा मारे जा चुके हैं तथा बड़े पैमाने पर हाथियों द्वारा फसलें नष्ट की जाती रही हैं। जबकि *टाइम्स ऑफ इंडिया* 23 नवम्बर 2020 की रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखण्ड में विभिन्न कारणों से सन् 2015 से लेकर 2020 तक 170 हाथी मारे जा चुके थे। इस दौरान 45 लोग हाथियों द्वारा मारे गए। अकेले वर्ष 2019 में उत्तराखण्ड में 24 हाथियों की मौत हुई जिनमें कई हाथी रेल से कट कर भी काल कलवित हुए हैं।

मानव-वन्यजीव संघर्ष का मुख्य प्रभाव मानव जीवन पर पड़ रहा है। इसके लिए सरकार ने मुआवजा राशि में बहुत वृद्धि तो की है, परंतु यह इस गंभीर समस्या का हल नहीं है। इसके लिए सभी हितधारकों को अपनी जीवन पद्धति में बदलाव भी करना पड़ेगा। वन्यजीवों के साथ ऐसा समाधान खोजना होगा कि वन्यजीवों को वनों में ही रोका जाए और न्यूनतम जनहानि हो। शिक्षा के माध्यम से भी बच्चों को इस संबंध में जागरूक किया जाना चाहिए ताकि वे जान सकें कि संघर्ष की स्थिति में क्या-क्या कदम उठाए जाएं। नई तकनीकों को अपनाकर हाथियों के आवागमन की अग्रिम सूचना नागरिकों को ऐप के माध्यम से दी जाए ताकि सब समय रहते सजग हो जाएं। ड्रोन और इंफ्रारेड तकनीक से, हस्तिरोधक बाढ़, खाई और दूरसंचार के माध्यम से जनजीवन को सुगम और सुरक्षित बनाया जाना उचित होगा। तभी इस समस्या से जनता को थोड़ी राहत महसूस होगी।

नरेन्द्र सिंह
पूर्व वनाधिकारी
7, सहस्त्रधारा एनक्लेव
सहस्त्रधारा रोड, देहरादून-248013
उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड में सहकारिता से विकास की संभावनाएं

– विनोद कुमार गौड़

मनुष्य जन्म से ही समाज से जुड़ जाता है, क्योंकि कोई भी व्यक्ति स्वयं में पूर्ण नहीं है और जीवन जीने के लिए या यूं कह लीजिए कि पूर्णता पाने के लिए हमें समाज की जरूरत होती है। समाज का मूल मंत्र है एक दूसरे की मदद, यही सहकारिता है। सहकारिता का शब्दार्थ भी साथ में कार्य करना है। संसाधन सीमित हैं, ईश्वर ने हर मनुष्य को कोई न कोई खूबी दी है। अतः सभी लोग अपनी-अपनी खूबी को मिला कर कैसे इन सीमित संसाधनों का बेहतर उपयोग कर पूरे समाज का भला कर सकें, यही सहकारिता है। सहकारिता के माध्यम से लोग अपने सीमित साधनों को इकट्ठा कर अपना व समाज का आर्थिक विकास कर सकते हैं, जो कि अकेले में रह कर नहीं किया जा सकता है। सहकारिता हमारी संस्कृति का हिस्सा है और परिवार इसका उदाहरण है। भारत में लगभग 29 करोड़ लोग सहकारिता से जुड़े हैं। उत्तराखण्ड में लगभग 12 लाख लोग सहकारिता से जुड़े हैं। उत्तराखण्ड जैसे पहाड़ी राज्य में सहकारिता के माध्यम से विकास की अपार संभावनाएं हैं। यहां की भौगोलिक, सांस्कृतिक, और सामाजिक परिस्थितियां सहकारी मॉडल को सफल बनाने के अनुकूल हैं। सहकारिता न केवल आर्थिक विकास में सहायक हो सकती है, बल्कि यह सामुदायिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देती है। निम्न क्षेत्रों में सहकारिता के माध्यम से अच्छे परिणाम आ सकते हैं :

1. **कृषि और बागवानी :** सहकारी समितियों के द्वारा ग्राम स्तर पर कृषि जैसे सामुदायिक खेती और बागवानी की जा सकती है ताकि अधिक उत्पादन हो सके। सहकारी समितियां किसानों को संगठित कर उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य दिलाने में मदद कर सकती हैं। जैविक खेती, औषधीय पौधों और बागवानी उत्पादों (सेब, माल्टा, नींबू आदि) को सहकारिता के माध्यम से बाजार तक पहुंचाया जा सकता है।

2. **दुग्ध उत्पादन और पशुपालन :** सहकारी दुग्ध समितियां डेयरी उद्योग को प्रोत्साहित कर सकती हैं। उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसर उत्पन्न किए जा सकते हैं।

3. **पर्यटन और होम स्टे :** सामुदायिक सहकारिता के तहत होम स्टे कार्यक्रम शुरू किए जा सकते हैं। पारंपरिक हस्तशिल्प और सांस्कृतिक गतिविधियों को सहकारिता के माध्यम से बढ़ावा दिया जा सकता है।

4. **महिला सशक्तिकरण :** महिला स्व सहायता समूहों (सेल्फ हेल्प ग्रुप्स) को सहकारी संगठनों के रूप में विकसित किया जा सकता है। हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई, जैविक उत्पाद, और फूड प्रोसेसिंग में महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

5. **वन उत्पाद और औषधीय जड़ी-बूटियां :** सहकारिता के माध्यम से जंगलों से प्राप्त उत्पाद (जैसे रिंगाल, चीड़ की पत्तियां, जड़ी-बूटियां) का मूल्यवर्धन कर इनको बाजार तक पहुंचाया जा सकता है।

6. **बैंकों और वित्तीय सेवाओं का विस्तार :** सहकारी बैंकों और 'क्रेडिट सोसाइटीज' के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में किफायती वित्तीय सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं। छोटे और मझोले उद्योगों को वित्तीय सहायता दी जा सकती है।

7. **शिक्षा और कौशल विकास :** सहकारी संस्थाओं के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित किया जा सकता है। सहकारी प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना से व्यावसायिक शिक्षा का विस्तार किया जा सकता है।

8. **स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण :** सहकारी समितियां छोटी जलविद्युत परियोजनाओं, सौर ऊर्जा,

सहकार भारती उत्तराखण्ड ने गोविन्द बल्लभ पंत विश्वविद्यालय के साथ एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जिसके अंतर्गत सहकारी समितियों से संबद्ध किसानों को तकनीकी सहायता प्रदान की जाएगी

और बायोगैस संयंत्रों के संचालन में सहायक हो सकती हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा दिया जा सकता है।

उपरोक्त क्रियाकलापों का क्रियान्वयन करने के लिए प्रदेश स्तर पर हमें निम्नवत कार्य करने होंगे :

1. **नीति और योजनाएं :** सहकारी विकास के लिए राज्य स्तर पर ठोस नीतियों का निर्माण व सहकारिता आधारित योजनाओं को सरकारी सहायता और प्रोत्साहन।
2. **प्रशिक्षण और जागरूकता :** सहकारिता के लाभ और संचालन की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, पंचायत स्तर पर सहकारी जागरूकता अभियान।
3. **सहकारी नेटवर्क का निर्माण :** सहकारी समितियों को एक-दूसरे से जोड़कर मजबूत नेटवर्क बनाना। हर गांव में समितियों के माध्यम से सभी जरूरी सामान की आपूर्ति करना व राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक गांव के उत्पादों को पहुंचाना।

निष्कर्ष

सहकारिता उत्तराखण्ड के समग्र विकास का आधार बन सकती है। यह न केवल आर्थिक दृष्टिकोण से महत्त्वपूर्ण है, बल्कि इससे समाज में एकजुटता और सामुदायिक भावना को भी बढ़ावा मिलता है। सहकारिता को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए सही दिशा, प्रशिक्षण और समर्पित प्रयास की आवश्यकता है। सहकार भारती, उत्तराखण्ड प्रत्येक जिले के विकास खंड स्तर पर आने वाले समय में अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाएगा व विकास कार्यों में सरकार को नीतियां बनवाने में व उनके क्रियान्वयन में भी अपनी भूमिका निभाएगा।

विनोद कुमार गौड़
अध्यक्ष, सहकार भारती, उत्तराखण्ड,
पूर्व अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय बीज निगम

GI Tags of Uttarakhand: Symbols of Cultural Pride and Tools of Prosperity

– Raghubar Datt Rikhari

Nestled in the lap of the Himalayas in northern India, Uttarakhand is a state of breathtaking beauty, rich culture, and unique heritage. It was carved out of Uttar Pradesh in the year 2000 and is often called the "Land of the Gods" due to its numerous sacred temples, diverse pilgrimage sites, and people's cultural legacy drawn from spiritual backdrop. The climate varies from temperate in the hills to tropical in the plains. Its fertile valleys produce Basmati rice; at the heights grow apple, tea, and medicinal herbs. Diversity of healthy grains, today identified as the 'Millets' or 'Sridhanya' had been the traditional produce of this region. Two of them *Madua* (finger millet or Ragi) and *Jhangora* (barnyard) had been the basic foods for survival just before the surge of Green Revolution. The State is also rich in forests, making forestry and herbal medicine industries significant contributors to its economy. Uttarakhand has a rich tradition of various arts and crafts like painting, wood carving, jewellery making, candle making, ringal craft and copper utensils. The diversity of art and craft in association with the agricultural and forestry produce displays a bouquet of unique products to be justifiably recognised by the legal rights granted in the form of Geographical Indication (GI) Tags.

Even before the granting of GI Tags, the state had gained people's recognition for its distinctive products, several of which have now earned the prestigious Geographical Indication (GI) tag which give the local producers of goods an edge in the market, both nationally and internationally. Each individual product tells a tale of its rich biodiversity,

Chief Minister, Uttarakhand Pushkar Singh Dhami distributing certificates for GI Tags to recipients in Dehradun

tradition, craftsmanship, and a deep connection to the land. These tags add a new kind of valuable intangible asset to its economic landscape. To this date 27 GI tags have been registered by the State. Out of which 18 are a recent addition. On December 4, 2023, Uttarakhand received GI tags for 18 products during a ceremony held at the Mukhya Sewak Sadan located within the Chief Minister's residence in Dehradun. This event marked the first time in India that a state was awarded such a number of GI certificates in a single day. Prior to this, the state had only nine.

What are GI tags?

A Geographical Indication (GI) tag is a certification, granted by the respective country, that identifies a product as originating from a particular place, possessing unique qualities, reputation, or characteristics specific to that region. It is granted under the Geographical Indications of Goods (Registration and Protection) Act, 1999, in India. The GI tag helps protect traditional products, ensures their authenticity, and prevents unauthorised use by others.

The associated national law, The Geographical Indications of Goods (Registration and Protection) Act, 1999 happens to have been mandated by virtue of India being a member of the World Intellectual Property Organization (WIPO) and the World Trade Organization (WTO).

Contributing in pride and economy

1. ***Preservation of heritage and identity:***
   - GI tagging preserves Uttarakhand's traditional products, ensuring their authenticity and promoting cultural pride.
   - Artisans and farmers receive official recognition, keeping traditional skills alive.
2. ***Economic boost:***
   - Farmers and artisans gain better market access and pricing power due to GI certification.
   - Products with GI tags fetch premium prices, increasing rural incomes and reducing migration to cities.
3. ***Promotion of tourism:***
   - Tourists often seek GI-certified handicrafts, textiles, and food products as souvenirs, boosting the local economy.
   - Cultural heritage tours and workshops around these products promote Uttarakhand's identity.
4. ***Global recognition:***
   - International markets recognise GI-tagged products, increasing export opportunities.
   - The uniqueness of these products makes them competitive in global markets, benefiting Uttarakhand's economy.

Uttarakhand GI tags granted as of date

Here is a list of GI-tagged products from Uttarakhand with briefs:

1. ***Basmati Rice:*** Renowned for its long grains and aromatic fragrance, Basmati rice from Uttarakhand is cultivated in the fertile Terai region. Its unique taste and texture make it a staple in many traditional dishes.

2. ***Uttarakhand Tejpat:*** Also known as Indian bay leaf, Uttarakhand Tejpat is harvested from the *Cinnamomum tamala* tree found in the Himalayan region. Its distinct aroma and flavour adds richness to the culinary and medicinal applications.

Tejpat

3. ***Kumaon Chyura Oil:*** Extracted from the seeds of the Chyura tree i.e. **'Indian Butter Tree'** (*Diploknema butyracea*), this oil is traditionally used for cooking and therapeutic purposes, like treating arthritis, in the Kumaon region.

Kumoun Chyura oil Seed

4. ***Munsiyari Rajma:*** A kidney bean variety grown in the high-altitude regions of Munsyari, it is celebrated for its rich taste and texture, making it a culinary delight.

Munsiyari Rajma

5. ***Bhotia Dann:*** Handwoven by the Bhotia community, these rugs are crafted from sheep wool and feature traditional patterns, reflecting the rich cultural heritage of the region.

Bhotia Dann

6. ***Aipan:*** A traditional art form from Kumaon, Aipan involves intricate designs made on floors and walls during auspicious occasions, using a paste made from rice flour.

Aipan art

7. ***Ringal Craft:*** Utilising a type of dwarf bamboo called Ringal, artisans create a variety of products, including baskets and mats, showcasing sustainable craftsmanship.

Ringal Craft

8. ***Tamta Products:*** Originating from the Tamta community, these handcrafted copper items range from utensils to decorative pieces, highlighting exquisite metalwork skills.

Tamta Products

9. ***Thulma:*** Thulma are thick, warm blankets woven from sheep wool, essential for the cold Himalayan winters, and are a testament to the region's textile traditions.

Thulma blanket

10. ***Gahat (Horse Gram):*** Gahat, also known as horse gram, is a traditional legume cultivated in the hilly terrains of Uttarakhand. Celebrated for its rich nutritional profile, Gahat is high in protein, fibre, antioxidants, polyphenols, and flavonoids, making it a staple in regional diets. A traditional elixir for ailments like kidney stones.

Gahat

11. ***Lal Chawal (Red Rice):*** Organically grown in regions like Purola, this red rice variety is known for its nutritional value and distinct flavour.

12. ***Kala Bhat (Black Soybean):*** A protein-rich legume, black soybean is a staple in Uttarakhand's cuisine, valued for its health benefits and versatility.

Kala Bhat (Black Soybean)

13. ***Malta Fruit:*** A citrus fruit cultivated in the hilly terrains, Malta is cherished for its juicy pulp and high vitamin C content.

Malta Fruit

14. ***Chaulai or Chuwa (Ramdana):*** Also known as amaranth, this grain is consumed especially during fasting periods and is prised for its nutritional benefits.

Chaulai or Chuwa

15. *Buransh Juice:* Extracted from the vibrant red flowers of the *Rhododendron arboreum*, this juice is both refreshing and known for its medicinal properties.



Buransh Tree

16. *Pahari Toor Dal:* A variety of pigeon pea cultivated in the hilly regions, it is a vital source of protein in the local diet.

17. *Nainital Mombatti (Candles):* Handcrafted in Nainital, these candles are known for their unique designs and quality, often reflecting local artistry.

Nainital Mombatti

18. *Rangwali Pichhoda of Kumaon:* A traditional attire for Kumaoni women, this garment is characterised by its vibrant colours and specific patterns, symbolising cultural identity.



Rangwali Pichhoda of Kumaon

19. *Berinag Tea:* Grown in the Berinag region, this tea is appreciated for its distinct aroma and flavour, resulting from the unique climatic conditions.

Berinag Tea

20. *Almora Lakhori Mirch:* A chili variety from Almora, it is known for its pungency and is a key ingredient in local cuisines.

21. *Jhangora (Barnyard Millet):* A staple grain in Uttarakhand, barnyard millet is valued for its nutritional benefits and is used in various traditional dishes.

22. *Mandua (Finger Millet):* Rich in calcium and fibre, the finger millet grown in Uttarakhand, is a crucial crop in the region, forming the base for many local recipes. Particularly beneficial in controlling obesity and diabetes.

Mandua Cuisine

23. ***Bicchu Buti (Sisaun) Fabric:*** Woven from the fibres of Himalayan nettle plant, also known as Sisaun in the Kumoun region, this fabric is known for its durability and unique texture.

Bichchhu Buti

24. ***Chamoli Wooden Ramman Mask:*** Used in the Ramman festival of Chamoli, these wooden masks are intricately carved and painted, representing various deities and characters.

Chamoli Wooden Ramman Mask

25. ***Likhai (Wood Carvings):*** This traditional craft involves intricate carvings on wood, depicting motifs inspired by nature and mythology, adorning temples and homes.

Likhai

26. ***Ramnagar Nainital Litchi:*** Cultivated in the Ramnagar area, these litchis are celebrated for their unique sweetness and juicy pulp.

27. ***Ramgarh Nainital Aadu (Peach):*** Grown in the orchards of Ramgarh, these peaches are known for their succulent taste and are a summer delight.

Conclusion

These GI-tagged products not only highlight the rich cultural and agricultural diversity of Uttarakhand but also play a crucial role in preserving traditional knowledge and promoting local economies. They contribute significantly to its economic prosperity, local employment, and cultural pride. By promoting these products on a larger scale, Uttarakhand can establish itself as a hub for heritage goods and sustainable local economies.

The author is a member of *Uttarayani*

समृद्ध संस्कृति का प्रतीक उत्तराखण्ड का जौनसार-बावर क्षेत्र

– भारत चौहान

उत्तराखण्ड के देहरादून जनपद में स्थित जौनसार-बावर क्षेत्र अपनी संस्कृति, परंपराओं, रीति रिवाज, रहन-सहन, वस्त्र, आभूषण और वीरता के लिए विख्यात है। यह पहाड़ी भूभाग न केवल अपनी विशिष्ट जीवन शैली से बल्कि अपनी ऐतिहासिक मान्यताओं और सामाजिक सामूहिक जीवन पद्धति से भी अलग पहचान रखता है। जौनसार की सांस्कृतिक आत्मा उसकी सामूहिकता, देव-परंपरा और सामाजिक समरसता में गहराई से रची-बसी है।

जौनसार-बावर को लेकर प्रचलित मान्यताओं में सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि महाभारतकाल के दौरान पांडवों ने अपने अज्ञातवास का एक वर्ष यहीं बिताया था। स्थानीय कथाओं के अनुसार, इस क्षेत्र के निवासियों ने पांडवों को अपने घरों में स्थान दिया और उनके भोजन-पानी की व्यवस्था की। यही कारण है कि यहां के लोग पांडवों और महाभारत की परंपरा से गहरा जुड़ाव महसूस करते हैं। जब पांडव यहां आए तब यह क्षेत्र पूर्ण रूप से विकसित व स्थापित क्षेत्र था।

जौनसार-बावर क्षेत्र दो नदियों, यमुना और टोंस, के बीच बसा हुआ है। यमुना नदी इसकी पूर्वी सीमा की शोभा बढ़ाती है, जबकि टोंस नदी पश्चिम में हिमाचल प्रदेश से इसका प्राकृतिक जोड़ बनाती है। इस इलाके की विशेष भौगोलिक बनावट ने न केवल लोगों की जीवन शैली को प्रभावित किया है, बल्कि यहां की कृषि, परंपरा और उत्सवों को भी गहराई से आकार दिया है।

स्वतंत्र भारत में जौनसार-बावर को सन् 1967 में जनजातीय क्षेत्र घोषित किया गया। इसके अंतर्गत चकराता विधानसभा क्षेत्र आता है, जिसमें कालसी, चकराता और त्यूनी तहसीलें शामिल हैं। यहां लगभग 358 गांव बिखरे हुए हैं, जिनकी कुल आबादी पौने दो लाख के आसपास है। इस क्षेत्र की जनजातीय स्थिति का मुख्य कारण इसकी विशिष्ट संस्कृति, सामूहिक जीवन शैली और सामाजिक ढांचे

परंपरागत वेशभूषा में जौनसारी महिला

को संरक्षित रखना था। यहां राजपूत और ब्राह्मण समुदाय जनजातीय श्रेणी में तथा दलित वर्ग अनुसूचित जाति में शामिल हैं। अनुसूचित जाति के लोग स्वेच्छा से अनुसूचित जनजाति में भी रह सकते हैं और अनुसूचित जाति में भी परंतु उन्हें प्रमाण पत्र एक ही जाति का प्राप्त होगा।

जौनसार-बावर की सबसे अनूठी पहचान इसकी सामूहिक परिवार प्रणाली है। पहले यहां ऐसे परिवार आम मिलते थे जिनमें 40-50 से अधिक सदस्य एक ही छत के नीचे रहते थे। सभी लोग एक साथ भोजन करते, सुख-दुख साझा करते और खेती-किसानी, पशुपालन या अन्य कामों में परस्पर सहयोग करते। आधुनिक समय में परिवारों का बिखराव हुआ है, लेकिन जब भी त्योहार या विशेष अवसर आते हैं, गांव लौटकर सभी लोग सामूहिकता की इस परंपरा





जौनसार के हनोल मंदिर

जौनसार के मकानों की अभियांत्रिकी और काष्ठ कला भी अद्वितीय होती है

को निभाना नहीं भूलते। भाई-भतीजों का पालन-पोषण और शिक्षा का उत्तरदायित्व भी परिजन मिलकर उठाते हैं, जो यहां की अनूठी सामाजिक व्यवस्था को दर्शाता है।

धार्मिक मान्यताओं और देव संस्कृति ने जौनसार को विशेष पहचान दी है। हनोल स्थित महासू देवता का प्राचीन मंदिर यहां का प्रमुख आस्था केंद्र है। हर गांव में चालदा, बोठा, महासू, बिजट, सिलगुरु, पौखू, काली माता या परशुराम जैसे देवताओं के मंदिर मिलते हैं। देवताओं के प्रति लोगों की श्रद्धा इतनी गहरी है कि समय-समय पर देव जागडे आयोजित किए जाते हैं। इन जागडो में न केवल स्थानीय लोग बल्कि हिमाचल, टिहरी, उत्तरकाशी और देहरादून जिले तक से श्रद्धालु भाग लेते हैं।

जौनसार-बावर के इतिहास में वीरता और देशभक्ति का भी अभूतपूर्व योगदान है। 17वीं शताब्दी में वीर नंतराम नेगी ने मुगल सेनापति को हराकर इस क्षेत्र की रक्षा की। स्वतंत्रता संग्राम में भी यहां के वीर पीछे नहीं रहे। शहीद केसरी चन्द, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष करते हुए 3 मई 1945 को फांसी पाई, इसी क्षेत्र के सपूत थे। इसके अलावा शूरवीर सिंह तोमर, टीकम सिंह चौहान, और सुरेश तोमर जैसे कई सैनिकों ने देश की सीमाओं पर शहादत देकर जौनसार-बावर की राष्ट्रभक्ति को अमर कर दिया।





जौनसार में मक्के की खेती बहुतायत में होती है। हर घर में मक्का के भुट्टों को सुखाने की यही तरकीब देखने को मिलती है

भौगोलिक दृष्टि से जौनसार की नदियां ऊर्जा उत्पादन में भी सहायक रही हैं। यमुना नदी पर लखवाड बांध का निर्माण किया गया, जो राष्ट्रीय ऊर्जा परियोजना का हिस्सा है। इसी प्रकार टोंस नदी पर स्थित छिबरो पावर हाउस विद्युत आपूर्ति में योगदान दे रहा है। इससे यह स्पष्ट होता है कि इस क्षेत्र ने अपनी प्राकृतिक संपदा को देश के विकास के लिए समर्पित किया है।

जौनसार-बावर क्षेत्र का जीवन प्रारंभिक दौर से ही कृषि, पशुपालन और बागवानी पर आधारित रहा है। यहां के लोग आत्मनिर्भर थे। खाद्यान्न से जुड़ी अधिकांश आवश्यकताएं अपने खेती-किसानी से ही पूरी कर लेते थे। नमक, गुड़, वस्त्र आदि सीमित वस्तुओं को छोड़कर बाजार पर उनकी निर्भरता लगभग न के बराबर थी। हालांकि समय के साथ परिस्थितियां बदलीं और लोग शिक्षा-रोजगार के लिए घर से बाहर निकले। आज यहां के लोग उच्च सरकारी सेवाओं और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में महत्त्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं।

इस क्षेत्र की पहचान पारंपरिक जड़ी-बूटी पर आधारित चिकित्सा पद्धति से भी रही है। प्रारंभ में एलोपैथिक दवाओं की जानकारी न होने पर लोग अधिकांश रोगों का इलाज स्थानीय आयुर्वेद और घरेलू उपचारों से ही करते थे। गांवों में सांप के विष का इलाज उपलब्ध रहता था और बच्चों से लेकर वयस्कों की सामान्य बीमारियां भी स्थानीय जड़ी-बूटियों से ही दूर की जाती थीं। इससे यहां की चिकित्सा व्यवस्था सरल और लोगों के लिए भरोसेमंद रही।

महिलाओं की स्थिति भी जौनसार-बावर की सामाजिक जीवन का महत्त्वपूर्ण पक्ष रही है। पितृसत्तात्मक व्यवस्था के बावजूद महिलाएं कृषि, पशुपालन और दैनिक कार्यों में पुरुषों की बराबरी से सहयोग करती हैं। उनकी भूमिका केवल परिश्रम तक सीमित नहीं थी बल्कि सामाजिक सम्मान से भी जुड़ी हुई थीं। यदि किसी विवाद में महिला हस्तक्षेप करती तो बड़े से बड़ा झगड़ा भी आसानी से सुलझ जाता। ज्येष्ठ पुत्र के विवाह के अवसर पर आयोजित रईणभोज (दूसरे गांव से विवाह करके आई हुई महिलाओं के लिए विशेष भोज) जैसे विशेष आयोजन महिलाओं की गरिमा और सम्मान का प्रतीक माने जाते थे।

जौनसार-बावर की परंपरागत न्याय व्यवस्था भी अनोखी रही है। स्थानीय स्तर पर गांव या खत की सामूहिक बैठक में मात्र एक रुपए में न्याय तय किया जाता था। इसका पालन न करने वाले व्यक्ति को सामाजिक रूप से बहिष्कृत कर दिया जाता था। परिणामस्वरूप अधिकांश विवाद गांव, खाग व खत की सामूहिक पंचायत स्तर पर ही सुलझ जाते और शायद ही कोई मामला औपचारिक न्यायालय तक पहुंचता। यही कारण है कि यहां का सामुदायिक जीवन सरल, पारदर्शी और मजबूत सामाजिक विश्वास पर टिका हुआ रहा है।

जौनसार-बावर केवल संस्कृति और परंपराओं का क्षेत्र ही नहीं, बल्कि अपनी विशिष्ट वेशभूषा, संगीत और नृत्य शैली से भी समृद्ध है। यहां के लोग सामूहिक नृत्यों और गीतों के माध्यम से जीवन की लय और प्रकृति के उत्सव का प्रदर्शन करते हैं। पांडव नृत्य, हरियाणी और धार्मिक गीत लोक-संस्कृति का आधार हैं। यहां की परिधान शैली और आभूषण भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए हैं।

जौनसार-बावर उत्तराखण्ड का वह सांस्कृतिक भूभाग है, जहां सामाजिक संगठन, सामूहिकता और देव संस्कृति अजित परंपराओं के रूप में विद्यमान हैं। यह क्षेत्र न केवल ऐतिहासिक महत्त्व रखता है, बल्कि आधुनिक भारत की ऊर्जा और विकास यात्रा में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जहां एक ओर यहां की जनता ने पौराणिक परंपराओं को जीवित रखा है, वहीं दूसरी ओर राष्ट्र से जुड़ाव और सहयोग की महान परंपरा भी जारी रखी है।

यह क्षेत्र आज भी अपनी सामूहिक जीवनशैली, धार्मिक आस्था और देशभक्ति की भावना के कारण समृद्ध संस्कृति का जीवंत प्रतीक है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

भारत चौहान

10 वर्ष उत्तराखण्ड विधानसभा में सूचना अधिकारी के रूप में कार्य किया।

20 वर्षों से जौनसार-बावर जनजाति क्षेत्र से गढ़ बैराट समाचार पत्र का संपादन।

पुस्तक:

जौनसार बावर की दिवंगत विभूतियां (2013)।

जौनसार बावर में तीर्थाटन और पर्यटन (2015)।

दो पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है।

ग्राम व पोस्ट ऑफिस बाढ़ौ, तहसील कालसी, जनपद देहरादून -248158, उत्तराखण्ड।

हाल निवास - गढ़ बैराट कार्यालय
कुमार चौक ओमकार रोड, देहरादून-248001

कुमाऊं की कुछ जनजातियां : एक परिचय

थारू जनजाति

हिमालय की तलहटी में अवस्थित तराई भावर का अंचल अपनी उर्वरा भूमि, विपुल प्राकृतिक संपदा और औद्योगिक गतिविधियों के फलस्वरूप देश-विदेश के लोगों का आकर्षण केंद्र बनता जा रहा है। देश के प्रमुख खाद्य भंडार तथा चीनी उत्पादन के लिए यह अंचल पर्याप्त ख्याति अर्जित कर चुका है। तराई की इस आर्थिक समृद्धि के बीच सदियों से यहां पर निवास करने वाली थारू और बुक्सा जनजातियां अपने आर्थिक पिछड़ेपन और भिन्न सामाजिक परंपराओं के कारण अनोखा आकर्षण प्रस्तुत करती हैं, जो किसी दर्शक को अत्यधिक प्रभावित करता है।

स्वतंत्रता से पूर्व तराई भावर के संबंध में बाहरी व्यक्तियों का ज्ञान सीमित था। पर्वतीय क्षेत्र के निवासी प्राचीन काल से इस भू भाग के कुछ सीमित भू-खंडों का उपयोग शीत काल में अपने आंगन के रूप में करते थे। यहां के सघन वनों, खूंखार जंगली पशुओं और संक्रामक रोग उत्पन्न करने वाले मच्छरों के कारण थारू और बुक्साओं की मुख्य भूमि राष्ट्रीय धारा से अछूती ही रही। लेकिन मानव की भौतिक एवं अन्य अनिवार्यताओं ने इन जनजातियों के एकाकी जीवन में बाह्य हस्तक्षेप को आमंत्रण दे दिया। स्वाधीनता की प्रथम किरण के साथ ही देश विभाजन के फलस्वरूप अप्रवासियों के झुंड के झुंड पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान से इस चिर उपेक्षित क्षेत्र में प्रवेश कर गए और उन्होंने यहां के जन जीवन को झकझोर दिया। नवागन्तुकों द्वारा विस्तृत वन्य प्रदेश का विच्छेदन करके आधुनिक वैज्ञानिक कृषि उपकरणों के द्वारा तराई की धरती को चीर कर उसकी उर्वरा शक्ति की सहायता से एक अकल्पनीय हरित क्रान्ति को जन्म दे दिया। मच्छरों और वन्य पशुओं की यह शरण स्थली बड़ी-बड़ी अट्टालिकाओं और आकर्षक वस्तियों में बदल गई। लेकिन इस भौतिक प्रगति ने थारू जन जीवन को अधिक प्रभावित नहीं किया। अपनी परंपरागत कृषि और विरासत में प्राप्त आर्थिक पिछड़ेपन से इन्हें छुटकारा नहीं मिला।

इन जातियों की सांस्कृतिक और सामाजिक विभिन्नता तथा आर्थिक विपन्नता के आधार पर भारत सरकार ने सन् 1967 में इन्हें जनजाति घोषित कर दिया, तभी से इनकी विविध समस्याओं की ओर शासन और शोधकर्ताओं का आकर्षण बढ़ा है।

थारुओं का मूल स्थान

तराई की यह पट्टी नैनीताल जनपद की खटीमा तहसील से प्रारंभ होकर लखीमपुर होती हुई बिहार तक चली गई है। इस पट्टी का दूसरी ओर, नेपाल में भी विस्तार हुआ है। इस संपूर्ण क्षेत्र में थारू जनजाति निवास करती है। एक जनगणना के अनुसार नैनीताल की तराई में थारुओं की जनसंख्या 38,132 है। कुछ लोगों का विचार है कि तराई में रहने के कारण पहले इन्हें तारू कहा जाता था और बाद को इसी का अपभ्रंश थारू हो गया। इनकी आवास भूमि थड़वाट कही जाने लगी। अपनी वंश परंपरा के संबंध में इस जनजाति का कथन है कि वे चित्तौड़ गढ़ के राणाओं की संतान हैं। अपने इस कथन की पुष्टि में थारू यह तर्क देते हैं कि राजस्थान की भूमि पर निरंतर बर्बर मुगल आक्रमणों ने हजारों राज परिवार की महिलाओं को अपनी मातृभूमि का परित्याग करने के लिए बाध्य कर दिया था। वह अपने सेवकों सहित अपने सम्मान की रक्षा के लिए तराई के बीहड़ प्रदेश में प्रवेश कर गईं जिससे मुगल आक्रमणकारियों की दृष्टि उन पर न पड़ सके। तभी से यह स्थल उनका स्थाई निवास बन गया है। लेकिन थारूओं द्वारा अपना संबंध उच्च कुलीन राजपूतों से स्थापित करने के तर्क से अनेक मानवशास्त्री सहमत नहीं हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के सुविख्यात मानवशास्त्री स्व. डॉ. डी. एन. मजूमदार ने इनके रक्त परीक्षण, शारीरिक बनावट और विचित्र सामाजिक रीति रिवाजों के आधार पर इनको

मंगोल रक्त से संबद्ध करने का प्रयास किया है। इस प्रकार इनके वंशानुक्रमण का विषय एक महान शोध की सामग्री बन गई है।

धार्मिक संस्था

हिंदू समाज के अन्य वर्गों की तरह थारू जनजाति में भी अनेक प्रकार के देवी-देवताओं के आराधक हैं। कालिका, दुर्गा और पार्वती इनकी प्रमुख पूज्य देवियां हैं। इसके अतिरिक्त गवल्ल देवता 'बड़े बाबू' नगमा ठग्गू आदि अन्य देव हैं। देवी-देवताओं को प्रसन्न रखने के लिए ये बकरे और मुर्गे की बलि देते हैं। जिस व्यक्ति में किसी देवता का अवतार होता है उसको भरारे कहा जाता है। थारुओं के धार्मिक जगत में यह भरारा बहुत महत्व रखता है और उसकी आज्ञाओं का पालन करना एक धार्मिक कृत्य समझा जाता है। लेकिन इस भरारे ने अब एक धार्मिक संस्था के रूप में थारू समाज का शोषण प्रारंभ कर दिया है।

सामाजिक संरचना

जिस प्रकार सपूंर्ण हिंदू समाज अनेक जातियों और उपजातियों में विभाजित है, थारू समाज भी इस नियम का अपवाद नहीं है। यहां भी 'धंगरा' भदोरा, जुगिया, गिरिनाम, तनुहा, राणा एवं बड़वायक आदि उपजातियों में संपूर्ण समाज विभक्त है। थारू समाज मूल रूप से मातृ प्रधान है। यहां प्रत्येक धार्मिक और सामाजिक कार्य में महिलाओं की प्रमुख भूमिका स्पष्ट देखने को मिलती है। परिवार की आय और सम्पत्ति की अधिकारी पत्नी होती है। उसके आदेशों पर ही परिवार की प्रत्येक गतिविधि का संचालन होता है। मातृ प्रधान समाज होने के कारण ही यहां विधवा विवाह का प्रचलन है और समाज में महिला की इच्छा पर विवाह विच्छेद भी हो जाता है। बाल विवाह की प्रथा भी इस समाज में व्याप्त है। आखेट करना, मछली मारना आदि इनके मुख्य आमोद-प्रमोद हैं।

बोक्सा जनजाति

नैनीताल तराई क्षेत्र की दूसरी जनजाति बोक्से या बुक्से है। इसका इलाका बोक्साड़ या बुक्साड़ कहलाता है। रामनगर तहसील, विशेषकर पीरूमदारा के आस-पास का क्षेत्र इस जनजाति का मुख्य आवास है। अपने आप को राजस्थान के राजपुर घराने में जन्मे धारा नगर के शासक जगदेव के वंशज बताने वाले बोक्सा जनजाति के मूल स्थान के विषय में अब भी प्रामाणिक जानकारी नहीं है। एक धारणा के अनुसार इन लोगों में भक्ष्याभक्ष्य का विवेक नहीं होने के कारण आसपास के लोगों ने इन्हें भक्ष्या की संज्ञा दी जो बाद में बोक्सा हो गया। दूसरी धारणा के अनुसार इन लोगों की दाढ़ी बोक्का (पहाड़ी बड़ा बकरा) जैसी होती है जिसके कारण ये बोक्सा कहलाते हैं। बोक्सों के वन देवता, वनवाईया तथा वन देवी हिडम्बा हैं। इनकी बोली में राजस्थानी का पुट दिखाई पड़ता है।

राजी जनजाति

नेपाल की सीमा काली और धारचूला की सीमा गोरी के संगम स्थल जौलजीवी से संपूर्ण अस्कोट क्षेत्र में व्यवहृत होने वाली नेपाली प्रभाव युक्त अस्कोटी जिसमें ज के स्थान पर झ तथा छ के थ, म के स्थान पर प और य श्रुति के एक विशिष्ट प्रवृत्ति के लक्षणों युक्त किरातों के वंशज राजी जनजाति के लोग आग्नेय परिवार की मुंडा भाषा की उपबोली राजी का प्रयोग करते हैं। नेपाल, जौलजीवी, अस्कोट और चम्पावत के खिरद्वारी गांव, केवल चार स्थानों पर छोटे कबीलों के रूप में रहने वाले राजी जनजाति के लोग और उनकी भाषा दोनों ही विलुप्ति के कगार पर हैं।

प्रस्तुति : कमला पन्त

प्रबन्ध संपादक, विज्ञान परिचर्चा

नेपाल से भूटान तक की पहाड़ी बोलियों की व्याकरणिक कोटियों का तुलनात्मक विषय पर शोध।

अक्षरा, सृजन, धाद-कुमांउनी एकांश, घुघुती, उत्तराखण्ड शक्ति, विज्ञान वार्ता तथा मध्य हिमालयी संस्कृति में ज्ञान-विज्ञान और पराविज्ञान पत्रिकाओं का संपादन।

लोक संस्कृति, लोक संगीत और लोक कला में विशेषज्ञता।

पता: 108, विवेकानन्द ग्राम, फेस-1, लेन-1, जोगीवाला, हरिद्वार रोड, देहरादून-248001, उत्तराखण्ड

मेरा पहाड़–कुछ यादें-कुछ बातें

– डॉ. उमा प्रसाद थपलियाल

जीवन के संध्याकाल में जब मैं उत्तराखण्ड का नाम सुनता हूं तो मेरे मन-मस्तिस्क में वहां के गांव की तस्वीर उभर आती है। वहां पर हमारे पूर्वजों ने पहाड़ों को तरासकर सीढ़ीनुमा खेतों की सरंचना की थी। कुछ गांव आगे चलकर नगरों में तब्दील हो गए। कुछ ग्रामवासी रोजगार की तलाश में शहरों में चले गए और वहीं बस गए। आज भारत का ही नहीं, विश्व का शायद ही कोई नगर हो जहां पर उत्तराखण्ड का कोई परिवार न रहता हो। बहुतों ने तो विदेशी नागरिकता भी हासिल कर ली है। इसमें मेरी दो बेटियां भी शामिल हैं। एक ब्रिटिश और दूसरी अमेरिकी नागरिक।

बीती सदी के उत्तरार्ध में उत्तराखण्डी प्रवासियों ने आशातीत प्रगति की है। ज्ञान-विज्ञान, साहित्य-कला, पत्रकारिता उद्योग-धंधे, प्रशासनिक सेवाओं और देश की सुरक्षा व्यवस्था में उन्होंने यथेष्ट योगदान किया है। इन सभी विभूतियों का वहां के किसी न किसी गांव से जन्म का रिश्ता रहा है। परंतु दुख इस बात का है कि उन्होंने अपनी जन्मभूमि और परिजनों के प्रति उदासीनता दिखाई है। पारिवारिक संबधों की कड़ी जैसे टूट गई है। चाचा-भतीजे और चचेरे भाई परस्पर अजनबियों की तरह मिलते हैं और वह भी शादी-समारोहों अथवा श्मशान घाटों पर।

पहिचानें भी तो कैसे—परिवार की परिभाषा जो बदल गई है। सिमट गई है पत्नी और बच्चों तक। क्या आपने कोई ऐसा परिवार देखा है जहां पर कोई भाई-भतीजा आकर पढ़ता है या रहता है। पुरानी पीढ़ी का एक उदाहरण। मेरे चाचा, जिन्होंने सन् 1900 में मैट्रिक पास की थी, पौड़ी डी.एम. ऑफिस में सेवारत थे। उनके साथ चार भतीजे पढ़ते थे। सबके रहने खाने तथा पढ़ाई का व्यय वे स्वयं ही उठाते थे। चाची अपने सात बच्चों सहित सबके लिए भोजन पकाती थीं। इस भीड़ में दो एक रिश्तेदार भी रोज शामिल रहते थे। तत्कालीन समाज में यह सामान्य आचरण था। आज समृद्ध भाई एक अनाथ भतीजे या भतीजी को सहारा न देकर अनाथाश्रम का रास्ता दिखा देता है।

तत्कालीन उत्तराखण्डी सामाजिक समरसता का एक अनूठा उदाहरण देखिए। तब मैं पांच साल का था, पिताजी की बगल में बैठा था। हमारे यजमान बाला सिंह दूर गांव से आकर पिताजी को पैलागूं कह कर जमीन पर बैठ गए। वे खिन्न मुद्रा में थे। दरअसल उनकी पुत्रवधू लंबे समय से बीमार चल रही थी और वह उसके उपचार के बारे में मार्गदर्शन चाहते थे और कुछ आर्थिक सहायता भी।

पिताजी ने उन्हें राय दी कि वे तुरंत पुत्रवधू को लेकर दिल्ली चले जाएं। बस और रेल के किराए के लिए 25 रुपए भी दिए। उस कालखंड में गांव से दिल्ली का किराया दस रुपए मात्र था। "वहां पर मेरा भतीजा घनानन्द पंचकुइयां रोड पर रहता है। वह सफदरजंग अस्पताल में उसका उपचार करा देगा।" बाला सिंह दूसरे ही दिन दिल्ली के लिए चल पड़े। भाई घनानन्द जी ने दफ्तर से छुट्टी ली और मरीज को लेकर अस्पताल पहुंच गए। सौभाग्य से वधू एक हफ्ते में ही स्वस्थ हो गई। भाईजी ने पुरानी दिल्ली स्टेशन से दोनों को ट्रेन में बिठाकर विदा किया। साथ में एक डिब्बा मिठाई देना भी न भूले। क्या आज आप इस सामाजिक समरसता की कल्पना कर सकते हैं?

पिछले कुछ दशकों में उत्तराखण्ड के लोगों ने बहुत उन्नति की है। परिणामस्वरूप अब लोग अपने परिवार सहित शहरों में ही बस गए हैं। दिल्ली में शायद ही कोई पहाड़ी परिवार हो जिसका अपना घर न हो। अब ये परिवार यदा-कदा पूजा कार्य हेतु ही गांव की ओर रुख करते हैं और वह भी तब जब ग्राम देवताओं का आक्रोश उन्हें भयभीत करता है। ऐसी स्थिति में गांव के अधिकांश मकान खंडहरों में तब्दील

हो गए हैं।

खंडहर होते घरों से हटकर अब बात करते हैं बंजर पड़े खेतों की। हमारे पूर्वजों ने पहाड़ों को काट-काट कर बड़ी मेहनत से इन खेतों को बनाया था। गांव तब एक आत्मनिर्भर इकाई होती थीं और जीवन की सारी आवश्यकताएं खेती से पूरी हो जाती थीं। साझा पारिवारिक व्यवस्था के कारण खेती का काम आसान हो जाता था।

खेती के लिए पशुधन का होना भी आवश्यक था। जितनी बड़ी खेती उतने अधिक पशु। मुझे याद है कि हमारे घर में लगभग बीस पशु होते थे जिनमें दो भैंस, चार बैल, एक घोड़ा और कई गायें शामिल थीं। पशुधन से ही खेतों के लिए खाद और घर के लिए दूध, घी आदि की आपूर्ति होती थी।

कुछ दूरवर्ती खेतों में गोठ लगाई जाती थी। पशुओं को चरागाह से घर न लाकर खेत में ही खूंटों से बांध दिया जाता था ताकि खाद ढोने की मेहनत से बचा जा सके। पशुओं की सुरक्षा हेतु गोठयार कामचलाऊ छप्पर बनाकर खेत में ही रहते थे। अक्सर दो-चार परिवार मिलकर गोठ लगाते थे। गोठ की समाप्ति पर गोठपुजाई का उत्सव भी मनाया जाता था।

उत्तराखण्ड के गांवों में कृषि कार्य मुख्य रूप से स्त्रियों का दायित्व होता था। रसोई के लिए ईंधन, रोपाई, गोड़ाई से लेकर फसल कटाई, मंड़ाई और ढुलाई तक का सभी काम उनके ही जिम्मे था। पशुओं के लिए घास काटना तथा खाद के लिए गोबर तैयार करना भी उन्हीं का काम था। अब गांवों में लड़कियां शिक्षित हो रही हैं और वे खेती से जुड़े किसी काम को करने के लिए तैयार नहीं हैं। ऐसी स्थिति में खेतों का बंजर पड़ना स्वाभाविक है। सच तो यह है कि अब गांवों में न तो बैल हैं और न हलिया।

बात बंजर खेतों और मात्र खलियानों की नहीं है। सच तो यह है कि अगले पचास सालों में इन बंजर खेतों का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। हम पहले कह चुके हैं कि खेत पहाड़ों को काटकर बनाए गए हैं। हर खेत एक दीवार (भीटा) के सहारे टिका होता है। ये भीटे बरसात में टूटते रहते हैं और मरम्मत मांगते हैं। मैंने स्वयं देखा है कि अधिकांश बंजर खेतों के भीटे टूटे पड़े हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ऐसी स्थिति में ये खेत कुछ साल में पुनः पहाड़ में बदल जाएंगे।

खेत बंजर, उत्पादन शून्य। परंतु दिल्ली स्थित कुछ पहाड़ी उत्तराखण्ड के उत्पादनों के लिए मार्किट की तलाश कर रहे हैं। तत्संबंधी एक सेमिनार दिल्ली में आयोजित भी किया गया था। उपस्थित लोगों ने मार्केटिंग पर काफी जोर दिया। शायद ये प्रबुद्धजन वहां की वस्तुस्थिति से अनभिज्ञ हैं। उत्पादन पर किसी ने जोर नहीं दिया।

कुछ साल पहले नेहरू युवा केंद्र, दिल्ली में एक बड़ी गोष्ठी का आयोजन हुआ। विषय था 'जैविक खेती'। आयोजन में उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री सहित हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और कुछ पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल थे। हमारे मुख्यमंत्री जी ने जैविक कृषि के क्षेत्र में प्रदेश के प्रयासों और उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। शायद उन्हें राजनीतिक जीवन की उठापटक के बीच प्रदेश के बंजर खेतों पर नजर डालने का कभी अवसर ही नहीं मिला था। दरअसल आज के परिवेश में उत्तराखण्ड के गांव में जैविक खेती की बात करना एक छलावा मात्र है।

जैविक खेती का सीधा संबंध गोबर की खाद से है। पहाड़ों में जब पशुपालन का रिवाज ही खत्म हो गया है तब खाद कहां से आएगी। बैलों की बिदाई तो काफी पहले हो चुकी थी परंतु अब गायों तक को कोई नहीं पालता। कौन घास काटेगा कौन गोबर उठाएगा, कौन गाय का दोहन करेगा। नवोदित नारी समाज यह सब करने में अक्षम है और पुरुष वर्ग के लिए तो जैसे यह सब वर्जित है। गांव में अब चाय भी शहर से दूध की थैलियों की आपूर्ति पर ही निर्भर है। पूजा के लिए गणेश की स्थापना हेतु गाय का गोबर भी मुश्किल से मिलता है। गायदान के लिए कोई बछिया भी कठिनाई से मिलती है।

आज के उत्तराखण्ड में घर, खेत और खलिहान खंडहरों में तबदील हो रहे हैं। गौशालाएं सूनी पड़ी हैं। मानव संसाधनों का पूर्ण अभाव हो गया है। क्या गांव को बचाने के लिए हमारे पास कोई विकल्प बाकी है। लंबे अर्से से दिल्ली में रहते हुए और पहाड़ों से कम सम्पर्क होने के कारण किसी ठोस विकल्प का सुझाव देने में मैं असमर्थ हूं। तथापि अपने विचारों को जरूर लिपिबद्ध कर सकता हूं।

मेरे विचार से उत्तराखण्ड के गांवों के विकास से संबधित कोई भी योजना उपलब्ध संसाधनों, वास्तविकताओं और संभावनाओं के आधार पर ही बनाई जानी चाहिए। उत्तराखण्ड सरकार ने पिछले दशकों में शायद ही कोई योजना तैयार की हो जोकि गांव के संसाधनों पर आधारित हो। राजनीति के खिलाड़ी जनप्रतिनिधियों का मुख्य ध्येय चुनाव जीतने का होता है न कि क्षेत्र के विकास का। देहरादून के सचिवालयों में बैठे सचिव और उच्चाधिकारी अपनी प्रोमोशन और पोस्टिंग की ही अधिक सोचते हैं।

क्या आपने बर्बादी के कगार पर खड़े उत्तराखण्ड के गांवों के भूमि प्रबंधन तथा भूमि दोहन की किसी योजना के बारे में सुना है? भूमि प्रबंधन से ही जुड़ा है भूमि स्वामित्व का प्रश्न। अधिकांश प्रवासी लोगों का अपने पूर्वजों की जमीन से कोई सरोकार नहीं है। उन्हें अपने खेत-खलिहान का भी कोई पता नहीं है। फैलते परिवारों के कारण भूमि-विखंडन (फ्रेगमेंटेशन) इतना बढ़ गया है कि एक-एक व्यक्ति की जमीन के 20 से 30 हकदार हो गए हैं। इस विखंडन के कारण भूमि का स्वामित्व निर्धारित करना भी संभव नहीं प्रतीत होता।

कुछ लोग चकबन्दी को भूमि प्रबंधन का उचित समाधान मानते हैं। परंतु यह विचार भी पहाड़ों के लिए व्यावहारिक नहीं है। कुछ लोगों के खेत कई गांवों की सीमा के अंतर्गत आते हैं। साथ ही जब जमीन के स्वामित्व का ही पता नहीं तो चकबन्दी किसकी और किसके नाम की होगी।

वर्तमान परिस्थिति में उत्तराखण्ड के गांवों की सारी जमीन का स्वामित्व वहां की पंचायतों को दे देना चाहिए। इस संबंध में सरकार कोई कानून भी बना सकती है। उपलब्ध मानव संसाधनों के मद्देनजर पंचायतें भूमि दोहन की योजनाएं भी बना सकती हैं। शायद उद्यान कृषि एक व्यावहारिक विकल्प हो सकता है। मनरेगा के अंतर्गत काम करने वालों को इस काम में लगाया जा सकता है।

उद्यान कृषि से अर्जित धनराशि का पंचायत न्यायोचित ढंग से सभी ग्रामवासियों में वितरण करे। प्रवासी ग्रामवासियों की हिस्सेदारी तभी स्वीकार्य हो जबकि वे कम से कम 6 माह गांव में रहें। योजना के मान्य होने पर इसकी बारीकियों पर भी विचार किया जा सकता है। प्रवासी बुद्धिजीवी भी इस योजना को सफल बनाने में अपना सहयोग दे सकते हैं।

उत्तराखण्ड के गांवों में उद्यान कृषि की अपार संभावनाएं हैं। उपयुक्त फलों के चयन में कृषि वैज्ञानिकों की सहायता ली जा सकती है। पांच-छह हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित गावों में सेब, अखरोट, दाड़िम, आड़ू, नारंगी, आंवला, तेजपत्ता आदि के पेड़ उगाए जा सकते हैं। शहतूत की गहन खेती से रेशम पैदा की जा सकती है।

हिमालय क्षेत्र प्राचीन काल से ही जड़ी-बूटियों के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध रहा है। उत्तरांचल के गन्धमादन, द्रोण गिरि एवं सुमेरु पर्वत संजीवनी, विशल्यकरणी, पद्मा और सोमलता जैसी बूटियों के उत्पादन के लिए विख्यात रहे हैं। चरक संहिता के अनुसार हिमालय में उपलब्ध बूटियां काया-कल्प कर सकती हैं। ब्राह्मी आदि कई बेशकीमती बूटियां तो पहाड़ों में सर्वत्र पैदा होती ही हैं। औषधीय वृक्षों और जड़ी-बूटियों के उत्पादन एवं विक्रय हेतु डाबर, हिमालयन ड्रग्स, पतंजलि आदि औषधि निर्माताओं से भी संपर्क साधा जा सकता है।

उत्तराखण्ड में चाय बागानों की भी अपार संभावनाएं हैं। वेरीनाग तो इसके लिए विख्यात है ही। कई नए क्षेत्रों में भी चाय का व्यापक उत्पादन किया जा सकता है। इसमें देश के अन्य भागों के चाय उत्पादकों से भी सहयोग लिया जा सकता है।

उत्तराखण्ड में भूमि प्रबंधन से जुड़े दो और महत्त्वपूर्ण विषय है- वन प्रबंधन और जल प्रबंधन। अब कृषिकार्य समाप्तप्राय हो चुका है अतः पंचायतें बंजर भूमि में उपयोगी पेड़ों का उत्पादन कर सकती हैं। इनमें फलदायी और औषधीय वृक्षों के अलावा देवदार, खडीक, बांज, तुन और टीक का उत्पादन हो सकता है।

जल प्रबंधन का वन प्रबंधन से सीधा संबंध है। गहन वनीकरण पहाड़ी क्षेत्र में जल संरक्षण का प्रभावी उपाय है। पहाड़ों में पानी की समस्या का निराकरण होगा और मैदानी क्षेत्रों को सैलाब से निजात मिलेगी। पहाड़ों में बांधों का निर्माण भी इसका समाधान है। ग्रामसभाएं भी स्थानीय स्तर पर तालाबों का निर्माण कर सकती हैं। लोग स्वयं भी बरसाती

मेरा गांव–श्रीकोट (खातस्यूं), पौड़ी गढ़वाल

गांव में हमारा पुश्तैनी मकान जिसकी नींव मेरी पूज्य दादी ने सन् 1914 में रखी थी

पानी को जमा करने के लिए सीमेंट के टैंक बना सकते हैं। इस पानी का उपयोग मछली पालन व पौधों की सिंचाई के लिए किया जा सकता है।

उद्यान कृषि को अपनाने से उत्तराखण्ड में फल उद्योग को भारी प्रोत्साहन मिलेगा। आम-सेब, नींबू आदि के व्यापक उत्पादन से वहां पर जूस और जैम बनाने की फैक्ट्रियां लग सकेंगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बुरांश का जूस बनाने का काम तो उत्तराखण्ड में सालों से चल रहा है। पहाड़ों का प्रदूषणरहित वातावरण कम्प्यूटर, इलेक्ट्रोनिक सामान, घड़ियां, दवाइयां इत्यादि के उत्पादन के अनुकूल भी है।

उत्तराखण्ड के पहाड़ों को सुंदर बगीचे की तरह विकसित किया जा सकता है। एक ऐसा बगीचा जो प्रदूषणरहित हो, सुरक्षित हो, तनावरहित और सरल हो। एवं संपूर्ण शांतिमय भी हो ताकि वह अपना देवभूमि नाम सार्थक कर सके।

लेखक *उत्तरायणी* के सदस्य हैं

वहां बोलता था कफुवा, खिलते थे बुरांश

– देवेन्द्र मेवाड़ी

वे दिन और वह मेरा गांव! उत्तराखण्ड के नैनीताल जिले में नैनीताल से 80 किलोमीटर दूर है मेरा गांव– कालाआगर। आठ हजार फुट ऊंचे, उत्तर मुखी पहाड़ पर बसे मेरे गांव का सिरमौर था वह बांज, बुरांश, तिलोंज और रयांज का घना जंगल। वहां से दूर उत्तर में नीले पहाड़ों के पार हिमालय की धवल चोटियां दिखाई देती थीं। चारों ओर हरियाली थी, सुबह-शाम सैकड़ों चिड़ियां चहचहाती थीं। खेतों में फसलें लहलहाती थीं और गोठ-खरकों में हमारी गाय-भैंसें रंभातीं-अमोह! खूब धन-धान्य होता और दूध-दही की कमी नहीं थी।

अब जंगल की हरियाली कम हो गई है नौले-धारे सूख गए हैं। राशन के अनाज से ही गुजारा हो जाने वाला हुआ। इसलिए खेती में चौपट। हरियाली सूखी तो नौले-धारे भी सूख गए। दुर्बल गौला नदी का पानी पंप करके गांव की 8,000 फुट ऊंची चोटी पर पहुंचाने की महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम चल रहा है।

पहले बहुत घना जंगल था वहां इसलिए जगह-जगह प्राकृतिक सोतों से छल-छल पानी बहता था। कई जगह पानी के नौले यानी कुंड थे। वन्यजीवों का घर था वह घना जंगल। हमारे मवेशियों के लिए चारा और घरों में जलाने के लिए ईंधन उसी हरे-भरे सिरमौर जंगल से मिलता था। वहीं से पेड़ों की गिरी पत्तियों का पात-पतेल हमारे पशुओं का बिछावन बनता और सड़ कर खेतों के लिए खाद बन जाता। जिम कार्बेट भी आए थे हमारे गांव के डाक बंगले में।

तब की तो बात ही कुछ और थी...

अहा, वसंत आता। गांव के उस सिरमौर जंगल में बुरांश के लाल-लाल फूल खिल जाते। लगता जैसे प्रकृति ने पूरे जंगल पर अपनी कूंची से लाल रंग फेर दिया हो। वसंत के आगमन की खबर देने मेरे गांव के उस सिरमौर जंगल में कफुवा चिड़िया आ जाती और दिन भर बोलती- कुक्कू! कुक्कू! कुक्कू!

मेरा गांव–काला आगर–एक दृश्य

गांव में मेरा घर

वे ही दिन थे जब माल-भाबर से हम और हमारी गाय-भैंसों के बागुड़ लौट कर पहाड़ आ गए होते। खेतों में खड़ी जाड़ों में बोई गई गेहूं की फसल पकने को तैयार हो रही होती। होली का त्योहार आ जाता और गांव के लोग ढोल की धुन के साथ हर घर के आंगन में बारी-बारी से होली गाने के लिए निकल पड़ते। आखिरी दिन हर घर में आशीष देते कि अनाज के भंडार भरे रहें, घर में कुशल बनी रहे और गोठ के मवेशी भी सुखी रहें।

धीरे-धीरे ग्रीष्म ऋतु का आगमन होता। गेहूं की फसल पक जाती। पाथर छांई छतों पर सुखाए गेहूं के पूलों (गट्ठर) की आंगन में बैलों की दांय से मड़ाई शुरू होती-

'फेर हो बल्दा, फेर हो
खली मांड़लै
मैरो मनक्या बल्द
फेर हो'

तपती गर्मियों के खाली दिनों में शादी-ब्याह की खूब झर-फर होती। गांवों में दूर-दूर तक पैदल बारातें जातीं। हवा में शंख, मशकबीन और नगाड़ों की धुनें गूंजतीं।

खिल गए बुरांश

घास लेकर घर को लौटती महिलाएं

आसमान में जब काले-भूरे बादल घिर आते तो वर्षा ऋतु की आहट सुनाई देने लगती। खरीफ की फसलों की बुआई के लिए खेतों की तैयारियां शुरू हो जातीं। पहली बारिश से नम हुई धरती में मक्का बो दी जाती। आगे-आगे जुते हुए बैल, उनके पीछे हल की फाल से कूड़ की कतार खींचते हुए पिताजी, उनके पीछे टोकरी में मक्का के बीज लेकर बराबर दूरी पर बीज गिराती हुई मां, उसके पीछे मैं, मेरे पीछे दो-चार सिटौले (मैनाएं) और काले कौवों की जोड़ी!

लाल धान की वर्षाधीन खेती होती थी। मंडुवा खेतों में छिटक कर बोया जाता। बारिशें होती रहतीं। पौधे पनप उठते। मंडुवा की खेती में बहुत मेहनत लगती थी। उसकी निराई के लिए बैलों की मदद से दनेला चलाया जाता। गीली मिट्टी में दनेला चलाना और निराई करते हुए पौधों को बराबर दूरी पर बनाए रखने में बड़ी मेहनत लगती थी। सामूहिक सहयोग से निराई का मेहनत भरा काम करने के लिए हुड़किया झौल गाया जाता। झौल गायक के हुड़के की थाप पर उठते बोलों को सुनकर आदमी-औरतों की कतार हाथ में कुदाली लेकर तेजी से निराई करने में जुट जाती–

**'हे, सेलो निरो बिदो दिदे भवानी माता
सेलो निरो बिदो दिदे भवानी माता
भूमि का भूमियाला देवो सुफल हे जाया!'**

चौमास का यह मौसम घनघोर बारिशों का मौसम होता। जानवर अक्सर घरों के भूतल यानी गोठ में बंधे रहते। उन दिनों खेतों से ही भरपूर हरा चारा मिल जाता था। जानवरों को ठौर पर ही पौष्टिक हरा चारा मिल जाता।

हमारा पुश्तैनी धारा

खरीफ की फसलों की कटाई-लवाई हो जाती। भट-माष की भी आंगन में सुखा कर मंडाई करके दालें बटोर ली जातीं। गेहूं, मंडुवा और धान का अनाज मिट्‌टी-गोबर से लिपी बांस की बुनी बड़ी डालियों में गाय के उपलों की राख के साथ संभाल कर रख दिया जाता। बग्वाली यानी दीपावली का त्योहार आ जाता। धान के बीजों को भून कर और ढेकी में मूसल से कूट कर च्यूड़े और उत्यौल बना लिए जाते। इसके साथ ही माल-भाबर को जाने की तैयारी भी शुरू हो जाती। हमारा यायावर यानी माइग्रेटरी समाज था। घरों के दरवाजे पर बराए नाम छोटा-सा ताला लगा कर मवेशियों के बागुड़ के साथ ऊंचे-ठंडे पहाड़ से गर्म माल-भाबर के पहाड़ी गांव की ओर हमारा काफिला चल पड़ता। गांव के कई और परिवारों के बागुड़ भी काफिले में होते। हमारे मवशियों में चौड़े घुमावदार सीगों वाली मुखिया फूल भैंस सबसे आगे रहती। उसके गले में लटका हुआ तांबे-पीतल का बड़ा-सा घंटा बजता रहता– घन-मन, घन-मन, घन-मन!

बागुड़ के बीच में बड़े ददा और बागुड़ के बाद घोड़े के पीछे पिताजी चलते। घोड़े के गले में बंधी खांकरों की माला रह-रह कर बज उठती– खन...खन...खन खन! पिताजी के पीछे मेरा हाथ पकड़े मां और फिर बड़ी भाभी।

हमारा काफिला ऊंचे पहाड़ के घुमावदार लंबे, कच्चे रास्ते से उतर कर दुमाल में नदी के पास पहुंचता। वहां हमारे जानवर विश्राम करते। और हम भी नदी के साफ जल में हाथ-मुंह धोकर लगड़ (पूड़ी), हलवा और छिलके वाली माष के बेडू रोट खाते। बड़े ददा की आवाज पर फूल भैंस उठती और उसके पीछे हमारा पूरा काफिला आगे चल पड़ता।

वहां गाजा घाटी और उससे ऊपर पहाड़ पर तब घनघोर जंगल था। उन जंगलों में बाघ, भालू, तेंदुए और अन्य वन्य जीव होते थे। वहीं अदवाड़ के जंगल में बाघ ने मेरा एक सहपाठी जोध्या मार डाला था। हम जानवरों पर नजर रख कर उन्हें सुरक्षित माल-भाबर की ओर ले जाते और शाम तक अपने गांव ककोड़ पहुंच जाते।

ककोड़ के आसपास के जंगल– गैन, गाज्वानी और म्यलगैर में भी बहुत बाघ और अन्य जंगली जानवर थे। वहां गांव में हमारा एक मंजिला पक्का मकान भी था और एक बड़ा-सा गोठ (झोपड़ा) भी। गोठ में रात को नीचे हमारे जानवर रहते थे और ऊपर टांड़ में हम सोते थे। रात में गोठ के बगल से निकलने वाले कच्चे रास्ते पर अक्सर बाघ या बच्चों के साथ बाघिन दूसरे जंगलों की ओर जाया करती थी। इसलिए रात में बाघ की दहाड़ सुनाई देती- आऊंऊंऊं! सुनकर हम और हमारे जानवर सहम जाते थे। अगले दिन उन्हीं जंगलों में ददा और गांव के अन्य ग्वाले अपने जानवरों को चराने के लिए ले जाते थे।

सबसे बड़ी बात तो यह थी कि कई महीने ठंडे पहाड़ के गांव में रहने के कारण माल-भाबर के जंगलों को खूब पनपने का मौका मिलता था। और, जब हम माल-भाबर आ जाते तो हमारे ठंडे पहाड़ के गांव का जंगल पनप कर हरा-भरा हो जाता था। इस कारण पर्यावरण का संतुलन बना रहता। वसंत आने को होता और हम फिर अपने ठंडे पहाड़ की ओर चल पड़ते। पहले मैं, पिताजी और मां। हमारे जानवर कुछ समय के बाद आते थे।

ठंडे पहाड़ के गांव में जब मैं स्कूल में जाने लगा तब एक झोपड़ी में था। सन् 1950 के आसपास गांव वालों के आर्थिक सहयोग से स्कूल की पक्की इमारत बनी। लेकिन, सर्दियों में जब मैं माल-भाबर के गांव में जाता था तो वहां जंगल की पाठशाला में पढ़ता था। उस पाठशाला की कोई इमारत नहीं थी। हम साल, शौर्यां और बबूल आदि के पेड़-पौधों से भरी एक छोटी-सी चोटी पर जमीन में बैठ कर पढ़ते थे। वहीं हमें पढ़ाने के लिए एक मास्साब आते थे। हमारे आसपास बीस-पच्चीस बंदरों की टोली जा रही होती और चिड़ियाएं चहचहाती रहतीं। हमारे मास्साब ने पहली बार हमें दूर गैन के घने जंगल से आता एक विशाल बाघ दिखाया था। मैंने जीवन में पहला वही बाघ देखा।

और अब? अब तो आधी शताब्दी से भी अधिक समय बीत चुका है। गांव का वह सिरमौर जंगल अब बहुत विरल हो गया है। जिसका मुख्य कारण यह है कि गांव में सभी परिवारों का स्थाई रूप से निवास। यायावरी अब नहीं रही। इसलिए सारा गांव साल भर उसी जंगल पर निर्भर हो गया। पेड़ कब तक अपना सब कुछ देकर परोपकार करते? वे कट-पिट कर बहुत कम और कमजोर रह गए हैं। जंगल की जिस नम धरती से भीतर-भीतर रिस कर तमाम सोतों के रूप में छल-छल पानी आ जाता था, नौले डबाडब भरे रहते थे, वे सब लगभग सूख गए हैं। पुरखों के लगाए पत्थर के धारे से छवां-छवां पानी बहता था जो अब केवल तुड़-तुड़-तुड़ कर गिरता है। जंगलों के विरल हो जाने से आसपास के गांवों में भी पानी की कमी हो गई है। इसके लिए अब गौला नदी का पानी हमारे गांव की 8,000 फुट ऊंची पहाड़ की चोटी पर पहुंचाने की करोड़ों रुपयों की महत्वाकांक्षी योजना पर काम चल रहा है। चोटी पर जो पानी का विशाल टैंक बनेगा वहां से हमारे गांव के साथ-साथ आसपास के गांवों को पानी की पूर्ति करने की योजना है। फिलहाल गांव में आसपास के गाड़-गधेरों से पानी भर कर लाया जा रहा है। गांव में आधी सदी पहले की न वे हरी-भरी फसलें दिखती हैं ना आसपास हरे-भरे जंगल। पालतू पशु भी बहुत ही कम रह गए हैं। न जंगल, न पात-पतेल, न गोबर तो खाद भी नहीं रही। बिना खाद के खेतों में कैसी खेती?

मेरे बचपन की वे तमाम चिड़ियां और शाम ढलते ही गांव के ओनों-कोनों से हुवां-हुवां बोलते सियार भी गायब हो गए हैं। विरल जंगलों में वन्य जीव नहीं रहे, न खेतों में सुबह-सुबह 'तीन-तौला तितरी' बोलते तीतर। हां इस बीच गौला नदी पर पुल बन गया और हमारे गांव तक मोटर रोड पहुंच गई पांच किलोग्राम सरकारी राशन पर निर्भरता के कारण खेती कौन करे? साग-सब्जी भी हल्द्वानी मंडी से ड्राइवर साहब ले ही आते हैं। लोकगीत अब कम सुनाई देते हैं। आज के बच्चे अब हमारे समय की पाटी-दवात को भी नहीं जानते। घाघरी, आंगड़ी और ओढ़नी की पोशाक अब कहां रही। साड़ी और सलवार-कमीज ने पहनावे को संवार दिया है। पत्थरों की ढालूदार छत वाले वे पहाड़ी मकान भी अब कहां रहे, चारों ओर लिंटर वाले घर बनते जा रहे हैं। हमारे पुरखों की बेशकीमती जमीन पर ललचायी नजर डालते भूमाफिया भी डेरा डाल चुके हैं।

धीरे-धीरे इतिहास में तब्दील हो रहा है मेरा वह प्यारा गांव।

देवेन्द्र मेवाड़ी

वरिष्ठ लेखक और यायावर। विज्ञान तथा साहित्य दोनों लिखते हैं। जन्म 1944 में उत्तराखण्ड के ग्राम कालाआगर, जिला नैनीताल में। वनस्पति विज्ञान में एम.एससी., हिंदी साहित्य में एम. ए. और पत्रकारिता में पी. जी. डिप्लोमा।

विज्ञान, आत्मकथात्मक तथा यात्रा संस्मरणों की 30 पुस्तकें प्रकाशित। प्रमुख पुस्तकें– 'मेरी यादों का पहाड़', 'छूटा पीछे पहाड़', 'जीवन जैसे पहाड़', 'विज्ञाननामा', 'मेरी विज्ञान डायरी', 'दिल्ली से तुंगनाथ वाया नागनाथ', 'यायावर की यादें', 'मेरी प्रिय विज्ञान कथाएं', 'दस कहानियां', 'विज्ञान वेला में', 'नाटक-नाटक में विज्ञान', 'विज्ञान की दुनिया', 'विज्ञान बारहमासा' आदि। विभिन्न प्रदेशों में ढाई लाख से अधिक बच्चों को किस्सागोई में कहानियां सुना चुके हैं।

देश के प्रतिष्ठित संस्थानों, विश्वविद्यालयों में अनेक आमंत्रित व्याख्यान।

रेडियो, टेलीविजन तथा फिल्म माध्यमों के लिए भी सक्रिय रूप से लेखन।

राष्ट्रीय गुणाकर मुले सम्मान-2023 (मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग), केंद्रीय साहित्य अकादेमी 'बाल साहित्य पुरस्कार', 'वनमाली विज्ञान कथा सम्मान', प्रतिष्ठित 'आत्माराम पुरस्कार', उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के 'विज्ञान भूषण' सम्मान, हिंदी अकादमी दिल्ली के 'ज्ञान-प्रौद्योगिकी' सम्मान और विज्ञान प्रौद्योगिकी मंत्रालय के 'विज्ञान लोकप्रियकरण राष्ट्रीय सम्मान', भारतेन्दु बाल साहित्य पुरस्कार आदि राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं।

'विश्वरंग' साहित्य महोत्सव, मॉरीशस (2024), 11वां विश्व हिंदी सम्मेलन, मॉरीशस (2018), पेरिस पुस्तक मेला–2022 में लेखकों के भारतीय प्रतिनिधि मंडल के सदस्य।

सम्प्रतिः सी-22, शिव भोले अपार्टमेंट्स, प्लाट नं. 20, सैक्टर-7, द्वारका फेज-1, नई दिल्ली- 110075

मेरी उद्यमिता की यात्रा

— गजेन्द्र सिंह रावत

मेरा जन्म 14 जनवरी 1955 को पौड़ी गढ़वाल जिले के पट्टी गुजडू के कांकौ नामक एक छोटे से गांव में हुआ था। मेरा प्राथमिक विद्यालय मेरे गांव से लगभग 2 किलोमीटर दूर था, जिसमें मैं पांचवीं कक्षा तक पढ़ा। प्राथमिक स्कूली शिक्षा के बाद मैं किन्गोडी खाल नाम के जूनियर हाई स्कूल में गया, जो मेरे गांव से दो घंटे की पैदल दूरी पर था। दुर्भाग्य से अधिकांश बच्चे जो मेरे साथ प्राथमिक विद्यालय में थे, अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए दिल्ली या अन्य स्थानों पर चले गए और इसलिए एक बच्चे के रूप में मुझे अपने स्कूल में अकेले आने में कठिनाई होती थी और विशेष रूप से सर्दियों के महीनों में जब दिन छोटे होते थे और कभी अंधेरे में तो कभी खराब मौसम में भी अकेले चलना पड़ता था।

दिल्ली में मेरे भाइयों ने मेरी कठिनाइयों को महसूस किया और 7वीं कक्षा पास करने के बाद मुझे दिल्ली स्थानांतरित कर दिया। मैंने लोधी कॉलोनी के एक सरकारी स्कूल में दाखिला लिया और 8वीं पास करने के बाद उसी कॉलोनी के दूसरे स्कूल में स्थानांतरित हो गया। मेरे बड़े भाइयों का प्यार और मेरे बड़े भाई पर मेरी शिक्षा के बोझ ने मुझे पढ़ाई में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रोत्साहित किया। मेरे बड़े भाई श्री डी.एस. रावत जिन्होंने भारत के शीर्ष व्यापार मंडल एसोचैम में 13 वर्षों से महासचिव बनकर समाज में सम्मानजनक स्थान हासिल किया है, वे मेरे जीवन में एक आदर्श रहे हैं।

स्कूल के बाद मैंने 1973 में दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में प्रवेश लिया। वर्ष 1978 में इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त करने के तुरंत बाद मैंने सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरी शुरू की व पहली नौकरी छोड़ने के बाद एन.एच.पी.सी. में सेवारत हो गया। हालांकि मुझे 3 पदोन्नतियां जल्दी ही मिल गईं किंतु मुझे हमेशा ही लगता था कि मैं उस नौकरी के लिए नहीं बना हूं। मैं यह भी जानता था कि व्यवसाय शुरू करने के लिए अच्छी रकम की जरूरत होगी, जो मेरे पास नहीं थी। एन.एच.पी.सी. में मेरा अनुभव नौकरी छोड़कर बिजली संयंत्र हेतु विद्युत निर्माण कार्य शुरू करने का निर्णय लेने में काम आया जो कि श्रम-उन्मुख थे और यहां पर कम वित्त की आवश्यकता थी। पहला व्यवसाय जो मुझे 1991 में मिला वह डीजल पावर हाउस के निर्माण के लिए एक फ्रांसीसी कंपनी के साथ था। काम छोटा था और छोटी सी लागत पर पूरा किया गया। चूंकि जम्मू-कश्मीर के किस्तवार के दूरदराज के इलाकों में काम होना था इसलिए मैंने 3 महीने की छोटी अवधि में इस काम में अच्छा लाभ कमाया। इस काम के बाद मैंने उसी प्रोजेक्ट में दूसरे कार्य किए जिनकी कीमत लगभग 40 लाख रुपए थी।

एक ठेकेदार के रूप में शुरू में मुझे टेबल के दूसरी तरफ होने पर असहजता महसूस होती थी। मुझे उन संबंधित अधिकारियों से अनुरोध करना पड़ता था जो अन्यथा पद में मुझसे बहुत कनिष्ठ थे। चूंकि पर्याप्त मौद्रिक मुआवजा उपलब्ध था इसलिए मैंने अपने अहंकार को बीच में नहीं आने दिया। मैंने अपना रास्ता नहीं छोड़ा क्योंकि मुझे एहसास हुआ कि बिना पूंजी के पैसा कमाना बहुत कठिन था, लेकिन मुझे यह भी पता था कि मेरे पास अच्छी रकम होने पर ये सभी बाधाएं टूट जाएंगी। प्रारंभिक दिनों में मुझे कार्यस्थलों पर महीनों रहना पड़ता था और कार्यस्थलों पर अपने कार्यकर्ताओं के साथ भोजन साझा करना पड़ता था। लेकिन मैंने इसे सफल बनाने की ठान ली थी। चूंकि मेरे पास पनबिजली परियोजनाओं का अनुभव था इसलिए मैं काम के लिए नाथपा झाकड़ी जलविद्युत परियोजना में स्थानांतरित हो गया जहां मेरे व्यावसायिक जीवन के मात्र 3 वर्षों के बाद मेरी फर्म का सालाना कारोबार लगभग 10 करोड़ रुपए हो गया।

गांव की ओर बढ़ते कदम

मैंने महसूस किया कि व्यवसाय के विकास के लिए मानव संसाधन उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि पैसा और इसलिए मैंने अच्छे समर्पित इंजीनियरों और सहायक कर्मचारियों की एक टीम बनाने का फैसला किया। वर्ष 1994 में मैंने कंपनी को पार्टनरशिप से 'हाईथ्रो पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड' नामक कंपनी में बदल दिया। 1996 तक मैं शुद्ध निर्माण कार्यों के बदले स्वयं आपूर्ति की गई सामग्री के साथ काम करने का जोखिम उठा सकता था।

अपने कारोबार की योजना बनाते समय आसान वार्षिक लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए ताकि वर्ष के अंत में कोई निराशा न हो। भौतिक और वित्तीय लक्ष्यों की निरंतर समीक्षा वर्ष के अंत में अच्छे परिणाम देती है। हाथ में पूंजी के बिना विकास एक कठिन प्रस्ताव है इसलिए व्यवसाय के प्रारंभिक चरण में अनावश्यक खर्चों से बचना चाहिए।

वर्ष 2008 तक मेरी कंपनी बड़ी हो गई और उसे भारी धन की आवश्यकता थी, क्योंकि बहुत से नए कार्य जुड़े जिनकी कीमत लगभग 1,300 करोड़ रुपए थी। चूंकि मेरे लिए कंपनी के व्यवसाय को रोकना संभव नहीं था इसलिए मैंने व मेरी धर्मपत्नी श्रीमती पूनम रावत ने अपने परिवार के शेयर बेच दिए और हम कंपनी से बाहर निकल आए।

वर्ष 2000 के दौरान मैंने विज्ञापन अधिकारों के साथ बी.ओ.टी. आधार पर एन.डी.एम.सी. क्षेत्र के कुछ शौचालयों के निर्माण व रखरखाव की शुरुआत की थी। शुरू में मैंने सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण और संचालन को विशुद्ध रूप से समाज सेवा के रूप में लिया लेकिन बाद में मुझे एहसास हुआ कि इन्हें बनाने और चलाने में एक व्यावसायिक समझ है। मैंने इसे चंड़ीगढ़ और दिल्ली में विस्तारित किया और पिछले लगभग 24 वर्षों से मेरी कंपनी 'सुप्रीम एडवरटाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड' ने दिल्ली के व्यस्त इलाकों में लगभग 25 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 230 से अधिक बी.ओ.टी. सार्वजनिक शौचालय बनाए। दिल्ली जैसे भीड़-भाड़ वाले शहर में निःशुल्क सार्वजनिक शौचालयों का रखरखाव करना बहुत कठिन काम है। इन निःशुल्क स्मार्ट सार्वजनिक शौचालयों में वॉटर एटीएम, बैंक एटीएम, स्वास्थ्य सेवाएं, सैनिटरी वेंडिंग मशीन और पुरुषों, महिलाओं व विकलांगों के लिए शौचालयों की सुविधा है। मुझे यह बताते हुए गर्व होता है कि दिल्ली के एन.डी.एम.सी. इलाके के इन शौचालयों की तुलना दुनिया के सबसे अच्छे सार्वजनिक शौचालयों से की जा सकती है।

मैंने अपने उपर्युक्त अनुभव को इस लेख में इसलिए साझा किया है ताकि यह हमारे युवाओं के काम आ सके। वे जान सकें कि बिना पूंजी के भी व्यवसाय संभव है और वे स्वयं का व्यवसाय करने में न हिचकिचायें क्योंकि मेहनत के बाद एक दिन सफलता अवश्य मिलती है।

किंगोरीखाल इंटरकॉलेज के पुनर्निर्माण और आधुनिकीकरण के बाद विद्यार्थियों को वर्दी का वितरण

ग्रामसभा में फलदार वृक्षों का रोपण

गांव में निर्माणाधीन रामलीला भवन

मैं और मेरी पत्नी श्रीमती पूनम रावत हमेशा सोचते हैं कि एक बार जब आप ऐसा करने की स्थिति में हों तो अपनी कमाई का कुछ हिस्सा समाज को वापस देना बहुत महत्वपूर्ण है। हम उत्तराखण्ड में और कुछ हद तक दिल्ली में भी सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। हमारे कुछ प्रमुख सामाजिक कार्य निम्नलिखित हैं–

- पिछले लगभग 15 वर्षों से हम उत्तराखण्ड में जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान कर रहे हैं। वर्तमान में 150 से अधिक लाभार्थी हर महीने 1,000 से 2,000 रुपए की वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहे हैं।
- हमने उत्तराखण्ड में कुछ मंदिरों का निर्माण या पुनर्निर्माण कराया है और दिल्ली में भी एक मंदिर को नया रूप दिया है।
- उत्तराखण्ड के पट्टी गुजडू में दो जनता इंटर कॉलेजों का नवीनीकरण कर उन्हें आधुनिक स्कूलों में तब्दील किया, जहां सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं हैं।
- तीन जनता इंटर कॉलेजों में पांच अध्यापक रखे हैं जिन्हें मासिक वेतन दिया जाता है।
- तीन गांवों तक पहुंचने के लिए सड़कों का निर्माण अपने खर्चे पर कराया।
- तीन अलग-अलग गांवों में पानी की आपूर्ति की व्यवस्था की गईं
- अपने गांव में सी.सी. पैदल मार्गों का निर्माण कराया।
- अपनी ग्राम सभा में 500 से अधिक फलदार पेड़ लगाए और माली नियुक्त कर उनकी देखभाल भी कर रहे हैं।
- समय-समय पर उत्तराखण्ड की विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे हैं।
- कई इंजीनियरिंग के छात्रों की शिक्षा में आर्थिक मदद कर रहे है।
- वर्तमान में एक रामलीला भवन एवं संबंधित प्रांगण तथा कुछ पेयजल योजनाओं का कार्य चल रहा है।

हम समाज सेवा के इन कार्यों को आगे भी जारी रखने के लिए संकल्पित हैं। मुझे यह देखकर बहुत खुशी होती है कि पिछले लगभग 30 वर्षों के दौरान हम पहाड़ी जिलों के उत्तराखण्डियों ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में, विशेषकर उच्च पदों की नौकरियों में, उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और विभिन्न अन्य समुदायों की तुलना में अधिक प्रगति की है। लेकिन मुझे लगता है कि हमें व्यापार और स्वरोजगार पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। शुरुआत मुश्किल हो सकती है लेकिन लंबे समय में स्वरोजगार उत्तराखण्ड के लोगों को अधिक समृद्ध और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाएगा।

लेखक *उत्तरायणी* के सदस्य हैं

SARA ELITE
ELEVATORS PVT. LTD.
YOUR TRUSTED PARTNER FOR SAFE & MODERN ELEVATORS
803, 8TH FLOOR, PEARLS OMAXE TOWER-II, NSP, PITAMPURA - 110034
TEL (OFF.): 011-47013436
WWW.SARAELLEVATORSGMAIL.COM | INFOSARAELEEVATOR.COM

UKMSSD Extends Digital Education to Under-Privileged Students

– V. N. Sharma

In a societal endeavour in digitisation of schools in Uttarakhand, specially to extend a helping hand to the poorer sections of society, the Uttarakhand Manav Seva Samiti Delhi (UKMSSD) envisaged a novel facility of providing anywhere, anytime and by/for anyone, digital education to under-privileged students of government/ government-aided schools in Uttarakhand.

After considering the geography, economic and social structure of government educational institutions and ineffective or inefficient delivery of knowledge through present equipment like smart TVs, interactive boards and post-delivery maintenance issues the following easy to handle and maintain and having multi utility use equipment were provided to 80 schools of Uttarakhand. These are purchased from companies of international repute with 3 years free maintenance support.

The district wise distribution of recently completed installation of these 80 sets of virtual class equipment in 80 schools is as under:

Pauri- 42, Rudraprayag- 18, Almora- 11, Nainital- 8, Tehri- 1.

The criteria for selection of the schools were as under:

Hon. Governor, Uttarakhand (centre) flagged off the trucks carrying digital equipment for 80 schools sponsored by AAI and executed by Uttarakhand Manav Seva Samiti, Delhi. The author is standing to the left of the Governor

दैनिक भास्कर
02 बुधवार, 25 दिसम्बर, 2024 देहरादून

डिजिटल शिक्षण सामग्री वाहन को किया रवाना

स्मार्ट क्लास के लिए 80 स्कूलों को मिलेंगी डिजिटल लैब उपकरण

अमर उजाला — प्रदेश — amarujala.com

डिजिटल शिक्षा से जुड़ेंगे छात्र : राज्यपाल

राज्यपाल ने 80 स्कूलों के लिए डिजिटल शिक्षण सामग्री वाहन को किया रवाना

इन अस्पतालों में होगी जांच

आंखें ईश्वर का सबसे अनमोल उपहार, देखभाल करना हमारा कर्तव्य

ENTERTAINMENT POPULAR UTTARAKHAND

Digital Education: रुद्रप्रयाग के 18 राइंका स्कूलों में डिजिटल शिक्षा का नया युग, मानव सेवा समिति ने बांटे उपकरण

1. It must not be having a digital lab or smart TVs for education of students.
2. It must be a government or government-aided or purely charitable trust run school with no or small fees so that most students belong to under-privileged sections of society.
3. The strength of students in such schools is generally around 75 but relatable in cases where majority of students belong either to EWS-BPL or SC-ST community or it is a remote school.
4. The school undertakes the responsibility of its security and general up keep and maintenance.

These equipment work in a stand-alone mode and are in-line systems which can be repaired easily as compared to the inter-active boards or smart TVs. These equipment can easily be moved from one place to another and have multiple independent utility. The equipment are easy-to-handle and even any local computer teacher or shop owner or electrician can handle and fix the issue. The digital labs or smart TVs are more prone to getting out of order easily because of leakage prone damp walls and ceilings. And after getting out of order due to moisture effect hardly any maintenance man turns up to repair. It is a costly affair to repair such equipment due to lack of easy portability and therefore remain unutilised. The programmes are generally regulated by the State government from Dehradun in UK.

The equipment have been sponsored courtesy the Airports Authority of India at a cost of Rs 90.6 lakh.

The author is ex-president of *Uttarayani*

शिक्षा के प्रचार प्रसार तथा संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन में उत्तरायणी का योगदान

— के. एन. पांडेय 'खिमदा'

उत्तरायणी दिनांक 17 अक्टूबर 1996 को पंजीकृत उत्तराखण्ड राज्य से संबद्ध अधिकारियों की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था है जो ''LEARN, EARN AND RETURN'' के उद्देश्यों को लेकर उत्तराखण्ड के चहुंमुखी विकास के कार्यों के लिए कृतसंकल्प है। उत्तराखण्ड के लोगों के लिए सामाजिक व शिक्षा के क्षेत्र में लगातार किए जा रहे कार्यों के साथ-साथ उत्तराखण्ड की संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए भी कार्यरत है।

शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरायणी के प्रबुद्ध सदस्यों ने समय-समय पर अपने अपने मूल स्थानों में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए विभिन्न विद्यालयों में सेमिनार आयोजित किए तथा अध्ययन के लिए पुस्तकें वितरित की गईं। रुद्रप्रयाग में Centre of Excellence की स्थापना शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरायणी की विशेष उपलब्धि है।

संस्कृति के संरक्षण व प्रचार-प्रसार के लिए उत्तराखण डी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिसमें वरिष्ठ कलाकारों के साथ-साथ नवोदित कलाकारों को भी अवसर प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाता है। होली का त्योहार हर वर्ष हर्षोल्लास से मनाया जाता है।

लेखक उत्तरायणी के पूर्व सांस्कृतिक सचिव हैं

Salutes to Uttarayani on its Foundation Day

It is heartening to see that *Uttarayani* is observing its Foundation Day. In its more than three decades of endeavours towards highlighting the concerns of the people of the hill state Uttarakhand and also attempting to fill the gaps with its own limited means, wherever possible, it has made its presence felt amongst the concerned stakeholders committed to the welfare of the State's subjects. It is in this context that an individual like me, who happens to be a veteran from the country's defence forces, is deeply moved to participate in the noble endeavour.

I am an Alumnus of IIT Roorkee (University of Roorkee), graduated in 1962. Joined IAF and was deeply involved in the Indo-Pak wars of 1965 and 1971, and was awarded a President Award VSM (Vishisht Sewa Medal).

I was trained as a 'Flight Test Engineer' at the 'Flight Test School in France' for one year in test flying of variety of Fixed Wing Aircraft in all the flight profiles of Sub-sonic, Transonic and Super-sonic regimes. Was commended by the Chief of Air Staff in 1980, as a Chief Engineering Officer of an operational base of IAF.

I Was deputed to the Air Intelligence Wing of RAW. Spent time in USA, Israel, Hongcong and other countries on government assignments. Was commended by the Secretary (Director General of RAW) and finally was awarded "Asadharan Suraksha Sewa Praman Patra" of Cabinet Secretariat (at par with the President Police Medal for Gallantry) in 1996. This award exempts me from Income Tax on my pension and a monthly cash award for life long, in addition to my pension; also a free Railway Travel Pass has been provided by Indian Railways.

I retired as Chief Engineer of Aviation Research Centre in 2001.

– Jagdish P. Baduni

'अपना आकाश' – उत्तराखण्ड की उम्मीदों का आसमान

'अपना आकाश' उत्तराखण्ड मूल के लोगों द्वारा, यहीं के कथानक पर बनी व 100 प्रतिशत यहीं शूट की गई पहली हिंदी फीचर फिल्म है। फिल्म की शूटिंग अल्मोड़ा के पाटिया गांव और इसके आसपास तथा रुद्रपुर में हुई।

'नवोदय मीडिया' के बैनर पर बनी 'अपना आकाश' 'जागरण इंटरनेशनल फिल्म फैस्टिवल' में चयनित हुई। फैस्टिवल में फिल्म की स्क्रीनिंग इंदौर में 26 जनवरी, लखनऊ में 2 फरवरी, मेरठ में 9 फरवरी, 23 फरवरी को देहरादून में हुई। फिल्म का इंडो-दुबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी चयन हुआ, जहां इसे 'बेस्ट सिनेमैटोग्राफी' प्रमाणपत्र से नवाजा गया।



'अपना आकाश' की कहानी व शूटिंग उत्तराखण्ड की है। इसकी संवेदनात्मक व प्रेरक कहानी उत्तराखण्ड के गांव के एक बच्चे के संघर्ष, लगन, परिश्रम व सफलता के सफर को दर्शाती है। सामाजिक व शासन संबंधी मुद्दों को उठाती इस फिल्म की कहानी सटीक व दर्शनीय है। फेस्टिवल के दर्शकों व सिनेमा के जानकारों ने इस फिल्म के सभी आयामों को बहुत पसंद किया।

फिल्म के मुख्य रोल में हिंदी फिल्मों के जाने-माने कलाकार कुणाल पंत, हेमन्त पाण्डे व रोहित अग्रवाल हैं। अन्य भूमिकाओं में उत्तराखण्ड के मशहूर व स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का जीवंत इजहार किया है। इनमें प्रमुख हैं अंकिता परिहार, चारु बिष्ट, पदमेन्द्र रावत, राजेश नौगाईं। सहायक भूमिकाओं में डॉ. उदय पंत, डॉ. ललित मोहन उप्रेती, हेम पंत, अनुग्रह अग्निहोत्री, प्रियांशी, अपर्णा सिंह, सुनील पंत, मनमोहन जोशी, दीपेन्दर चावला और कई अन्य ने अभिनय किया है।

फिल्म के निर्माता डॉ. उदय पंत की निर्देशन टीम में उनके अलावा मनीश मेहता, कुणाल पन्त और गगन सेठी भी रहे। पटकथा में अंकना जोशी, संगीत देवांक जोशी-दिव्यांश वर्मा, अक्षय बाफिला का है। कहानी, संवाद व गीत डॉ. उदय पंत के हैं।

स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन देने व उत्तराखण्ड को फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में बढ़ावा देने में इस प्रयास की अग्रणी भूमिका है।

फिल्म के निर्माता-निर्देशक, संगीतकार, कहानीकार, पटकथा लेखक, कलाकार लगभग सभी उत्तराखण्ड से हैं। फिल्म के संगीत को भी जनता व सिने विशेषज्ञों की भरपूर सराहना व प्रशंसा मिल रही है।

फिल्म का संगीत यूट्यूब में रिलीज कर दिया गया है। www.youtube.com//navodaymedia को सब्सक्राइब करें। संगीत का ऑडियो भी इंटरनेट पर ऐप्पल म्यूजिक, स्पौटिफाई आदि अंतर्राष्ट्रीय म्यूजिक पोर्टलों में लाइव सुना जा सकता है।

कुछ और फिल्म समारोहों में भाग लेने के बाद अब जल्द ही इस फिल्म के रिलीज होने की संभावना है।

झीनी-झीनी सी हो गई ओजोन की चदरिया

— राधाकान्त अणथ्वाल

पात्र परिचय : चंद्रप्रकाश और कुसुम पति-पत्नी हैं। उनके दो बच्चे हैं — पल्लवी और आदित्य। यह परिवार दिल्ली में रहता है। चंद्रप्रकाश मौसम विज्ञानी हैं। कुसुम स्कूल में अध्यापिका हैं। पल्लवी ग्यारहवीं कक्षा में और आदित्य आठवीं कक्षा में पढ़ता है। आजकल बच्चों का ग्रीष्मावकाश है। ये सभी लोग उत्तराखण्ड के एक पर्वतीय नगर, पौड़ी गढ़वाल आए हुए हैं। पौड़ी गढ़वाल में चंद्रप्रकाश के बड़े भाई वेदप्रकाश अपनी पत्नी माधवी और दो बच्चों — विवेक और पलक — के साथ रहते हैं। वेदप्रकाश स्थानीय इंटरमीडिएट स्कूल में जीवविज्ञान के अध्यापक हैं, माधवी घर-गृहस्थी संभालती हैं। विवेक बारहवीं और पलक नवीं कक्षा में पढ़ती है।

(दृश्य : सुबह का समय। सभी लोग बरामदे में बैठे हुए हैं)

कुसुम : कितनी गर्मी है भई। आज तो अभी से पसीने छूट रहे हैं। अभी तो सिर्फ दस बजे हैं, दिन चढ़ते-चढ़ते तो बहुत गर्म हो जाएगा।

वेदप्रकाश : आज सुबह हल्की सी बारिश हुई थी। बस दो-चार बूंदें गिरीं, उसी से उमस हो गई और गर्मी ज्यादा महसूस हो रही है।...चलो अंदर पंखे के नीचे बैठते हैं।

(दृश्य : सभी लोग अंदर कमरे में जाकर बैठ जाते हैं)

माधवी : अरे कुसुम देखो कितना फर्क आ गया। पहले हम यहां गर्मियों में भी रात को रजाई ओढ़ते थे, जरा सी बारिश होने पर ऊनी कपड़े निकल आते थे। अब हाल यह है कि दिन तो दिन, रात को भी पंखा चलाना पड़ता है।

कुसुम : हां दीदी, इस साल गर्मी ने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। दिल्ली में अप्रैल के महीने से ही भयंकर गर्मी शुरू हो गई थी।

वेदप्रकाश : अब साल दर साल यहां भी गर्मी बढ़ती जा रही है। क्या पहले कभी सुना था पहाड़ों में पंखा, फ्रिज। आज घरों



में पंखे लगे हैं, फ्रिज हैं। कितना बदलाव आ गया, जलवायु बदल गई है। यूरोप में तो कोई दो दशक से हर साल गर्मी के मौसम में लू चलने से हजारों की संख्या में लोगों की मृत्यु की खबरें सुनने को मिलती हैं।

चंद्रप्रकाश : भाईसाहब अब तो वहां भी ठंडा करने के लिए घरों-ऑफिसों में एयरकंडीशनर इस्तेमाल होने लगे हैं।

वेदप्रकाश : ऐसा ही हाल रहा तो एक दिन ठंडा करने के लिए यहां भी एयरकंडीशनर शुरू हो जाएंगे।

चंद्रप्रकाश : ग्लोबल वार्मिंग का असर सभी जगह देखने को मिल रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण हर मौसम अपने उग्र रूप में प्रकट हो रहे हैं।

पलक : मौसम के उग्र रूप, कैसे उग्र रूप चाचा जी?

चंद्रप्रकाश : मौसम का उग्र रूप जैसे सर्दी के मौसम में ज्यादा सर्दी, गर्मी के मौसम में भीषण गर्मी और फिर बरसात के दिनों में जबर्दस्त बारिश।

वेदप्रकाश : बेटे मौसम का एक उग्र रूप तो हम जून 2013 में उत्तराखण्ड में देख चुके हैं, जब एकाएक बहुत तेज बारिश और बाढ़ ने कई इलाकों में भयंकर तबाही मचाई थी। केदारनाथ और उत्तराखण्ड के दूसरे इलाकों में हजारों लोगों पानी में बह गए, मलबों के नीचे दब गए थे।

माधवी : बाप रे वह तो भयंकर त्रासदी थी। आज भी उसे याद करके कंपकंपी होती है।

चंद्रप्रकाश : अरे वह तो बहुत ही भयावह घटना थी। ग्लोबल वार्मिंग से उपजे जलवायु संकट के कारण मौसम चरम रूप धारण करते जा रहे हैं। इससे पूरी दुनिया में प्राकृतिक आपदाओं के मामले विकराल रूप में प्रकट हो रहे हैं।आपदाओं की संख्या भी बढ़ती जा रही है, खतरे बढ़ते जा रहे हैं।

माधवी : खतरे बढ़ते जा रहे हैं। अगर यहां भी कभी हालात बिगड़े तो हम लोग कहां जाएंगे?

आदित्य : आसमान में....आसमान में चले जाएंगे।

वेदप्रकाश : अरे आसमान को भी कहां छोड़ा है, उसमें भी सुराख कर दिया है।

आदित्य : कैसा सुराख ताऊजी, मुझे तो आसमान में कोई सुराख नहीं दिखता।

वेदप्रकाश : हां बेटे, यह सुराख, यह छेद कोरी आंखों से नहीं दिखता। दरअसल हमारे वायुमंडल में बहुत बड़ा छेद हो गया है, जिससे हमारे और धरती के तमाम जीव-जंतुओं के जीवन के लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा हो गया।

पलक : पापा वायुमंडल में तो हवा होती है, हवा में कैसे छेद हो सकता है।

माधवी : अरे भई जमीन के नीचे कोई सुराख हो तो खतरा हो सकता है, यह आसमान में कौन सा सुराख है जो आप इतना बड़ा खतरा बता रहे हो?

वेदप्रकाश : दरअसल हमारे वायुमंडल में हमारी सुरक्षा के लिए मौजूद ओजोन परत में छेद हो गया है, यह चादर जगह-जगह झीनी सी हो गई है। ओजोन परत धरती के तमाम जीवों की सूर्य के हानिकारक पराबैंगनी विकिरण से रक्षा करती है। लेकिन अब इस सुरक्षा कवच में छेद होने से और इसके कमजोर पड़ने से यह विकिरण धरती की सतह तक पहुंचने लगा है। अब आगे विस्तार से तो यह चंदर ही बताएगा यह तो इसका सब्जेक्ट है। बता भई चंदर विस्तार से बता, सब गौर से सुन रहे हैं।

चंद्रप्रकाश : हां, ओजोन की परत सूर्य से आने वाले हानिकारक अल्ट्रावॉयलेट-बी रेडिएशन यानी पराबैंगनी-बी विकिरण से धरती के तमाम जीव-जंतुओं की रक्षा करती है। पराबैंगनी-बी विकिरण से मनुष्य को त्वचा का कैंसर और मोतियाबिंद जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इससे जंतुओं की रोगों से लड़ने की प्राकृतिक क्षमता गड़बड़ा सकती है। यह विकिरण पेड़-पौधों में प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया को धीमा कर उनकी बढ़वार रोक देता है।

माधवी : यह ओजोन की परत तो हमारी जीवन रक्षक हुई, कहां होती है यह ओजोन परत?

चंद्रप्रकाश : भई ये तो अब टेक्निकल बातें हैं। अब हमारी पर्यावरण चर्चा का टेक्निकल सेशन शुरू हो रहा है। तो ऐसा करते हैं कि पहले इन बड़ी क्लास के बच्चों से शुरुआत करवाते हैं, क्योंकि इन्होंने अपनी किताबों में तो ओजोन परत के बारे में पढ़ा ही है।

वेदप्रकाश : भई टेक्निकल सेशन तो लंबा चलेगा, जरा इससे पहले चाय का एक दौर हो जाए।

माधवी : हां भई थोड़ी देर का टी-ब्रेक लेते है। फिर हम भी

जाने ओजोन परत के बारे में टेक्निकल बातें।

कुसुम : दीदी आप बैठो, मैं चाय बना कर लाती हूं।

माधवी : अरे मैं भी चलती हूं तुम्हारे साथ, टेक्निकल सेशन के एक्सपट्र्स को चाय के साथ कुछ बिस्कुट भी खिलाते हैं।

(जलपान के बाद का दृश्य : सभी लोग बैठे हुए हैं)

वेदप्रकाश : हां भई सब लोग आ गए हैं, तो चंदर शुरू करो अपना टेक्निकल सेशन।

चंद्रप्रकाश : जी भाई साहब। तो बात शुरू करते हैं ओजोन परत से। अच्छा भई विवेक और पल्लवी तुम दोनों ने तो अपने कोर्स में ओजोन परत के बारे में जरूर पढ़ा होगा।

विवेक और पल्लवी (दोनों एक साथ बोलते हैं) : जी पढ़ा है।

चंद्रप्रकाश : हां तो पल्लवी तुम से शुरू करते हैं। तो बताओ ये ओजोन परत कहां होती है?

पल्लवी : पापा स्ट्रेटोस्फियर में।

चंद्रप्रकाश : तो अब स्ट्रेटोस्फियर को जानने के लिए पहले हमें वायुमंडल की परतों की बात करनी होगी। तो विवेक जरा तुम बताओ कि वायुमंडल में कितनी परतें होती हैं?

विवेक : चाचा जी, वायुमंडल में पांच परतें होती हैं।

चंद्रप्रकाश : गुड। तो छोटी क्लास के बच्चों के लिए अब इन परतों के नाम भी बता दो।

विवेक : सबसे नीचे ट्रोपोस्फियर, उसके ऊपर स्ट्रेटोस्फियर, फिर मीसोस्फियर, उसके ऊपर थर्मोस्फियर और फिर सबसे ऊपर एक्सोस्फियर।

चंद्रप्रकाश : बहुत अच्छा विवेक। अच्छा आगे बढ़ने से पहले अब जरा मैं इन परतों के हिंदी के नाम भी बताता चलूं। ट्रोपोस्फियर को हिंदी में कहते हैं क्षोभमंडल, स्ट्रेटोस्फियर को समतापमंडल, मीसोस्फियर को मध्यमंडल, थर्मोस्फियर हुआ तापमंडल और एक्सोस्फियर को कहते हैं बर्हिमंडल। तो ये हो गए हमारी धरती के वायुमंडल की परतों के हिंदी के नाम।

माधवी : तो वायुमंडल में भी परतें होती हैं।

पलक : हां मम्मी, वायुमंडल में भी परतें होती हैं, आपके बनाए परांठे की तरह।

(सभी लोग हंसते हैं)

चंद्रप्रकाश : धरती की सतह से लगभग 15 किलोमीटर की ऊंचाई तक क्षोभमंडल होता है। इस परत के ऊपर लगभग 50 किलोमीटर तक समतापमंडल में होती है ओजोन परत। इसीलिए इसे समतापमंडलीय ओजोन कहते हैं। अब यही ओजोन परत कमजोर पड़ गई है इसी में छेद हो गया है?

आदित्य : पर पापा इसमें छेद कैसे हो गया?

चंद्रप्रकाश : मनुष्य के कारनामों के कारण बेटे।

पलक : पर चाचा जी यह मनुष्य इतनी ऊंचाई पर जाकर छेद कैसे कर गया?

चंद्रप्रकाश : यह काम किया उसके बनाए क्लोरोफ्लोरोकार्बन जैसे रसायनों ने।

आदित्य : ये बड़े-बड़े नामों वाले खतरनाक रसायन क्या होते हैं पापा।

चंद्रप्रकाश : आदित्य इन रसायनों के छोटे नाम भी हैं। क्लोरोफ्लोरोकार्बन को सीएफसी भी कहते हैं। सीएफसी जैसे रसायन, एयरकंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, आग बुझाने के यंत्रों, फोम के गद्दों आदि में इस्तेमाल होते हैं।

पलक : लेकिन ये रसायन ऊपर आकाश में कैसे पहुंचते हैं?

चंद्रप्रकाश : जब ये रसायन वायुमंडल में मुक्त होते हैं तो ये वहां 60 से 170 साल तक ज्यों के त्यों बने रहते हैं यानी टूटते नहीं हैं फिर ये हवाओं के जरिए ओजोन परत वाले समतापमंडल में पहुंच जाते हैं और वहां टूटने लगते हैं।

पल्लवी : चाचा जी एक बात और, हमने तो यह पढ़ा है कि ऐसे कंपाउंड्स के टूटने से पर्यावरण को नुकसान नहीं होता है, तो फिर ये कैसे रसायन हैं जिनके टूटने से नुकसान होता है?

वेदप्रकाश : बहुत बढ़िया सवाल पल्लवी। किसी के मन में प्रश्न का उठना और उसका उत्तर ढूंढ़ना ही उसकी जिज्ञासा को बताता है। ऐसे ही व्यक्ति तो रिसर्च करते हैं।

माधवी : अरे हमारी पल्लवी भी रिसर्च करेगी, अपने पापा की तरह मौसम वैज्ञानिक बनेगी। है ना पल्लवी?

पल्लवी : जी ताई जी, पर अभी तो बहुत पढ़ाई करनी है।

चंद्रप्रकाश : मेरी तरह नहीं अन्ना मणी की तरह एटमॉस्फेरिक साइंटिस्ट बनना पल्लवी।

विवेक : चाचा जी यह अन्ना मणी कौन थी?

चंद्रप्रकाश : बेटा अन्ना मणी हमारे देश की पहली महिला मौसम विज्ञानी थीं। उन्होंने भौतिकी के नोबेल पुरस्कार विजेता चंद्रशेखर वेंकट रामन् की प्रयोगशाला में 1940 के दशक में काम भी किया था। फिर वह ब्रिटेन के मौसम विज्ञान कार्यालय के यंत्र विभाग की प्रयोगशाला में काम करने के लिए इंग्लैंड चली गईं। 1948 में वह वापस भारत आईं और भारत मौसम विज्ञान विभाग में मौसम वैज्ञानिक के तौर पर काम करने लगीं।

पलक : तो चाचा जी, आप उनके साथ काम करते थे।

चंद्रप्रकाश : नहीं पलक, वह काफी पहले रिटायर हो गई थीं। मैंने उनके साथ काम तो नहीं किया पर मैं उनसे कई बार मीटिंग-सेमिनार में मिला हूं। अच्छा हम जिस ओजोन परत की बात कर रहे हैं ना, तो सुनो अन्ना मणी ने ओजोन के मापन के लिए 1960 के दशक के शुरुआत में देश में ही एक उपकरण, ओजोनसोंड का विकास कर लिया था।

कुसुम : हां वाकई, अन्ना मणी का तो बहुत बड़ा नाम था। जब हम छोटी क्लास में पढ़ते थे तो हमारे टीचर उनका उदाहरण देकर आगे विज्ञान विषय लेने को कहते थे।

वेदप्रकाश : 1960-70 में उनकी गणना देश के बड़े वैज्ञानिकों में की जाती थी। विज्ञान के क्षेत्र में आने के लिए वह महिलाओं के लिए तो एक प्रेरणा-स्रोत मानी जाती थीं।

चंद्रप्रकाश : भाई साहब, अन्ना मणी का तो मौसम विज्ञान के क्षेत्र में विश्व में भी बड़ा नाम था। विश्व मौसम विज्ञान संगठन, डब्लूएमओ, ने उनके विशेष योगदान को मानते हुए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय ओजोन आयोग का सदस्य भी बनाया था।

माधवी : भई पल्लवी, अब तो तू अन्ना मणी की ही तरह बड़ी वैज्ञानिक बनना। तब हम भी कहेंगे कि यह हमारी पौड़ी की अन्ना मणी है।

चंद्रप्रकाश : तो अब हम पल्लवी के सवाल पर वापस लौटते हैं। हां तो पल्लवी ने पूछा था कि कंपाउंड्स यानी यौगिकों के टूटने से तो पर्यावरण को नुकसान नहीं होता है, तो फिर ये कैसे रसायन हैं जिनके टूटने से नुकसान होता है। यही पूछा था ना पल्लवी?

पल्लवी : जी पापा, यही पूछा था।

चंद्रप्रकाश : दरअसल सीएफसी जैसे जटिल रसायन ट्रोपोस्फियर में सालों-साल ज्यों के त्यों बने रहते हैं। और अगर ये यहां टूट जाते तो अच्छा रहता, क्योंकि फिर ये स्ट्रेटोस्फियर में नहीं पहुंचते और ओजोन परत को नुकसान नहीं पहुंचा पाते।

पलक : चाचा जी, ऐसा क्या है कि ये यहां नहीं टूटते और ऊपर पहुंचने पर टूट जाते हैं।

चंद्रप्रकाश : भई यह तो पल्लवी के बाद पलक ने भी बहुत बढ़िया सवाल पूछा।

वेदप्रकाश : बहुत अच्छा सवाल पलक। इस टेक्निकल सेशन में छोटी क्लास के बच्चे भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं, बड़ी बात है भई।

चंद्रप्रकाश : तो पलक के प्रश्न का उत्तर शुरू करते हैं ओजोन से। ओजोन बनती है ऑक्सीजन के तीन परमाणुओं से। सूर्य के पराबैंगनी विकिरण के कारण समतापमंडल में ओजोन ऑक्सीजन के अणु यानी O_2 और ऑक्सीजन के एक परमाणु यानी O में टूटती है। समतापमंडल में सामान्य स्थिति में तो यह होता है कि ऑक्सीजन का एक अणु ऑक्सीजन के एक परमाणु से मिलकर पुनः ओजोन यानी O_3 बनाता है। इस प्रकार ओजोन के बनने और टूटने की प्रक्रिया चलती रहती है। लेकिन सीएफसी जैसे रसायनों के समतापमंडल में पहुंचने पर यह चक्र गड़बड़ा जाता है। होता यह है कि पराबैंगनी विकिरण से सीएफसी अपघटित हो जाते हैं और इनसे क्लोरीन अलग हो जाती है। यह क्लोरीन अब ओजोन से अभिक्रिया करके ऑक्सीजन और क्लोरीन मोनोक्साइड बनाती है। यहीं से समतापमंडलीय ओजोन के नष्ट होने का सिलसिला शुरू हो जाता है।

विवेक : पर चाचा जी, क्लोरीन के एक परमाणु ने ऑक्सीजन के एक परमाणु से मिलकर क्लोरीन मोनोऑसाइड बनाई, इस तरह कुछ और क्लोरीन मोनोऑक्साइड बनती होगी तो क्या इसी से ओजोन परत में छेद हो जाता है।

चंद्रप्रकाश : यह तो और भी जबर्दस्त सवाल है। तो सुनो इसका उत्तर, सीएफसी के टूटने से अलग हुई क्लोरीन ओजोन के साथ अभिक्रिया करके ऑक्सीजन और क्लोरीन मोनोक्साइड बनाती है। अब एक दूसरी अभिक्रिया में क्लोरीन मोनोक्साइड ऑक्सीजन के एक परमाणु के साथ मिलकर क्लोरीन और ऑक्सीजन बनाता है। अब

हुआ क्या कि इस साइकिल में ओजोन का अणु तो नष्ट हो गया, ऑक्सीजन के दो अणु और क्लोरीन का एक अणु बन गया। यानी इस चक्र में क्लोरीन एक उत्प्रेरक की तरह भाग लेकर पुनः ओजोन को तोड़ने के लिए तैयार हो जाती है। और सुनो इस तरह क्लोरीन का एक परमाणु ओजोन के एक लाख अणुओं को नष्ट करने का काम कर सकता है। इसी से अंदाजा लगा लो ये रसायन ओजोन परत के लिए कितने विध्वंसक हैं। इसी तरह ब्रोमीन वाले रसायनों से निकली ब्रोमीन भी ओजोन परत को नष्ट करती है। और ब्रोमीन तो क्लोरीन के मुकाबले में कई गुना ज्यादा विध्वंसक है।

विवेक : ये क्लोरीन-ब्रोमीन वाले रसायन तो वाकई बहुत खतरनाक हैं। चाचा जी आपने बताया कि सामान्य स्थिति में ओजोन टूटने के बाद पुनः बन जाती है तो फिर यह असामान्य स्थिति कैसे आई।

चंद्रप्रकाश : यह स्थिति बनी सन् 1928 में सीएफसी के आविष्कार के बाद। सीएफसी यौगिकों का लंबा-चौड़ा परिवार है। इसके सदस्य अलग-अलग कामों में इस्तेमाल होते थे। ये एयरकंडीशनर और रेफ्रिजरेटर को ठंडा करने में कूलिंग एजेंट और स्प्रे करने के यंत्रों में प्रोपेलेंट के रूप में, प्लास्टिक को फुलाने के काम में, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट की सफाई जैसे विविध कामों में इस्तेमाल होते थे। 1930 के दशक से इनका इस्तेमाल तेजी से बढ़ता गया। और अब इनके उत्पादन और इस्तेमाल पर पूर्णतया प्रतिबंध है। एक और महत्त्वपूर्ण बात यह है कि सीएफसी, आदि रसायन जब तक निचले वायुमंडल में रहते हैं तब तक इनसे ओजोन परत सुरक्षित रहती है, लेकिन ये सभी ग्रीन हाउस गैसें हैं जो ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ाने के मामले में कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में दस हजार गुना से भी ज्यादा खतरनाक होते हैं।

पलक : ऊपर के वायुमंडल में खतरनाक और नीचे भी खतरनाक। तो ये पकड़ में कब आए?

चंद्रप्रकाश : सबसे पहले 1974 में अमेरिका के दो वैज्ञानिकों फ्रैंक शेरवुड रोलैंड और मारियो जे मोलिना ने बताया कि सीएफसी ओजोन परत को नुकसान पहुंचाते हैं। आगे बढ़ने से पहले जरा इन दो वैज्ञानिकों के बारे में एक खास बात बता दूं, 1995 में इन दो वैज्ञानिकों को जर्मनी के पॉल क्रूटजेन के साथ ओजोन के बनने और टूटने संबंधी कार्य के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। पहले-पहल ब्रिटेन के ऐंटार्कटिक सर्वे के वैज्ञानिकों को 1982 में ऐंटार्कटिका के ऊपर समतापमंडल में ओजोन की परत में छेद होने का पता चला। 1956-57 के अंतर्राष्ट्रीय भू-भौतिकी वर्ष से वैज्ञानिक हर साल वसंत ऋतु में ऐंटार्कटिका में हेली बे नामक स्थान से समतापमंडल की ओजोन की मात्रा का मापन किया करते थे। इसके लिए स्पेक्ट्रोफोटोमीटर नामक उपकरण का इस्तेमाल किया जाता है। 1982 के मापन चौंकाने वाले थे। मापन में उस क्षेत्र के ऊपर की ओजोन के घनत्व में कमी के संकेत मिले। पहले तो उन वैज्ञानिकों को लगा कि शायद उनका स्पेक्ट्रोफोटोमीटर पुराना पड़ जाने के कारण ठीक से काम नहीं कर रहा है। आगे 1983 और 1984 में नए स्पेक्ट्रोफोटोमीटर से पहले के मापन की पुष्टि हो गई तो फिर 1985 में ब्रिटेन के ऐंटार्कटिक सर्वे के वैज्ञानिकों ने ऐंटार्कटिका के ऊपर ओजोन परत में एक विशाल छेद होने की रिपोर्ट प्रसिद्ध जर्नल *नेचर* में प्रकाशित कर अपनी खोज सार्वजनिक की। इसके बाद ही ओजोन परत को बचाने के प्रयास शुरू हुए।

वेदप्रकाश : हां ओजोन परत में छेद होने और इसके जगह-जगह झीनी पड़ जाने का पता लगने के बाद तुरंत ही इस जीवन रक्षक परत को बचाने के प्रयास शुरू हो गए थे।

चंद्रप्रकाश : 1987 में कनाडा के मांट्रियल शहर में ओजोन परत को बचाने के लिए एक अतर्राष्ट्रीय संधि हुई जिसे अब मांट्रियल प्रोटोकॉल कहते हैं। इसीलिए 1995 से 16 सितम्बर का दिन विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस यानी विश्व ओजोन दिवस के तौर पर मनाया जाता है। यह विश्व की सबसे अधिक सफल संधियों में मानी जाती है। विश्व के कुल 197 देश मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। भारत ने जून 1992 में इस संधि पर हस्ताक्षर किए थे। बाद के वर्षों में आगे की बैठकों में ओजोन को नुकसान पहुंचाने वाले सीएफसी जैसे रसायनों के उत्पादन और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। विकसित देशों में सन् 2000 से और भारत जैसे विकासशील देश में सन् 2010 से इनका उत्पादन और इस्तेमाल बंद हो गया।

आदित्य : तो फिर एयरकंडीशनर और फ्रिज अब किससे चलते हैं?

चंद्रपकाश : सीएफसी आदि की जगह एचसीएफसी यानी हाइड्रोक्लोरोफ्लोरोकार्बन जैसे रसायनों का इस्तेमाल होने लगा, जो ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने के मामले में पूर्णतया सुरक्षित तो नहीं है पर कम खतरनाक है। और अब इन रसायनों के स्थान पर सुरक्षित रसायनों के उपयोग की

दिशा में आगे बढ़ा जा रहा है।

पलक : फिर तो अब यह छेद भर जाएगा।

